राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 धोनी कब लेंगे आईपीएल से...

सुपर मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 282 | पटना, शनिवार, 24 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 63,810

चांदी 75,400

सेंसेक्स 73,142

निफ्टी 22,212

# भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक : पीएम मोदी

## बोलें-भारत एक विचार और संस्कृत उसकी अभिव्यक्ति

प्रात : किरण

वाराणसी/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक विचार है और संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति है। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन समागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा, हमारे यहां कहा गया है कि भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा, अर्थात भारत की प्रतिष्ठा में संस्कृत की बड़ी भूमिका है। एक समय हमारे देश में संस्कृत ही वैज्ञानिक शोध, शास्त्रीय बोध, गणित और चिकित्साविज्ञान की भाषा होती थी। साथ ही संगीत और साहित्य के विविध कलाओं की विधाएं भी संस्कृत से ही पैदा हुई हैं। इन्हीं विधाओं से भारत को पहचान मिली है। जिन वेदों का पाठ काशी में होता है वही वेद पाठ कांची में भी सुनाई देता है। ये वेद ही भारत का शाश्वत स्वर हैं, जिन्होंने हजारों वर्ष से भारत को राष्ट्र के रूप में एक बनाए रखा है।

परिवारवादी दल दलित, पिछड़ों को आगे नहीं बढ़ना देना चाहते: वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में



भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। सीर गोवर्धनपुर स्थित श्री गुरु रविदास जन्मस्थली मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत गुरु के 647वें प्रकाशपर्व समारोह को संबोधित करते हुए कहा, संत रविदास कहते हैं, जात पात के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग। मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग। यानी ज्यादातर लोग जातपात के फेर में उलझे और उलझाते रहते हैं। यह रोग मानवता का नुकसान करता है। संतों की वाणी हमें रास्ता भी दिखाती है और सावधान भी करती है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। देश में पहली आदीवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का किन किन लोगों ने विरोध किया था, ये हर कोई जानता है। ये सब वही परिवारवादी पार्टियां हैं, जिन्हें चुनाव के वक्त दलित की याद आने लगती है। हमें इनसे सावधान रहना होगा। हमारी सरकार की नीयत गरीबों, वंचितों, पिछड़ा और दलितों के लिए साफ है।

## संक्षिप्त खबरें

### तरूण प्रकाश देखेंगे पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक का कार्यभार

पटना। पूर्व मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने शुक्रवार से से रेलवे बोर्ड के निदेशार्नुसार पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक का कार्यभार देखेंगे। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने नई दिल्ली रेलवे बोर्ड के सदस्य (इंफ्रा) में पदभार ग्रहण कर लिये हैं । श्री तरूण प्रकाश भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरिंग सेवा के 1988 बैच के एक ख्याति प्राप्त अधिकारी हैं। आईआईटी, रूड़की से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेशन में बीटेक तथा आईआईटी, दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में एमटेक की शिक्षा प्राप्त की हैं। साथ ही बिकोन्नी मेलॉन एवं आईएसएम, हैदराबाद से प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। विभिन्न अध्ययन के क्रम में मलेशिया एवं सिंगापुर भी जा चुके हैं। श्री तरूण प्रकाश, पूर्व मध्य रेल में प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं मुख्य संचार इंजीनियर तथा मुरादाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

### शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी को मिला चुनाव चिह्न

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है जिसमें तुरहा बजाते हुए एक व्यक्ति है। चुनाव आयोग ने श्री पवार को गुरुवार रात पत्र भेजकर इसकी सूचना दी। आयोग ने कहा कि पावर गुट लोकसभा चुनाव में तुरहा बजाते हुए आदमी के चुनाव चिह्न का उपयोग कर सकेगा। आयोग ने यह निर्णय राकांपा में विभाजन के बाद उठे विवाद के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए लिया है। आयोग विधानसभा में सदस्यों की संख्या के आधार पर श्री पवार के भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा करार दे चुका है। राकांपा ने चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त चिह्न पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह उसके लिए गर्व की बात है। इसके पहले इस पार्टी को चुनाव चिह्न के रूप में वटवृक्ष मिला था जिस पर विश्व हिन्दू परिषद ने यह कहकर इस पर आपत्ति जतायी थी कि यह उसके संगठन का पंजीकृत चिह्न है।

### रूसी सेना की सेवाओं में शामिल न हों भारतीय नागरिक, सरकार ने दी सलाह

नई दिल्ली। सरकार ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे रूस में सेना की सेवाओं में शामिल नहीं हों और संघर्ष से दूर रहें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारतीय नागरिकों के रूस की सेना में शामिल होने और संघर्ष वाले इलाके में तैनाती संबंधी रिपोर्टों के बारे में मीडिया के सवालों पर कहा, ह्लहम जानते हैं कि कुछ भारतीय नागरिकों ने रूसी सेना में सहायक कामों के लिए नौकरी में सम्मिलित हुए हैं। भारतीय दूतावास के अधिकारी उन्हें इन सेवाओं से शीघ्र मुक्त करने के लिए नियमित रूप से संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ इस मामले पर बातचीत कर रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा, हम सभी भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे उचित सावधानी बरतें और इस संघर्ष से दूर रहें।

## मुख्यमत्री ने राज्य पुलिस एव कारा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु नवनिर्मित 139 भवनों का किया उद्घाटन

# पुलिस गश्ती निरंतर हो, इसे सुनिश्चित करें : नीतीश

### सीएम की दो टूक- गड़बड़ी करनेवालों पर करें सख्त कार्रवाई

- 192 भवनों का शिलान्यास भी हुआ

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में रिमोट के माध्यम से बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस एवं कारा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 459.52 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 139 भवनों का उद्घाटन तथा 996.53 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले 192 भवनों का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास कराया गया है और जो भी बचे हुए कार्य हैं उसे तेजी से पूर्ण करें। सभी पुलिस थानों एवं पुलिस भवनों के ऊपर सोलर प्लेट लगवाएं ताकि सौर ऊर्जा का वहां उपयोग हो सके।

सभी पुलिस भवनों एवं थानों को मेंटेन रखें। पुलिस भवन एवं थाना में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस गश्ती निरंतर हो, इसे सुनिश्चित करें। गड़बड़ी करनेवालों पर सख्त कार्रवाई करें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं निर्देशन में राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा कई पुलिस भवनों का निर्माण कार्य किया गया है। पिछले वर्ष निगम का टर्न ओवर 339 करोड़ रुपया था, जो इस वर्ष 500 करोड़ टर्न ओवर रहने की संभावना है। वर्तमान में निगम कुल 2750 करोड़ रुपये की योजनाओं पर कार्य कर रहा है। विगत तीन वर्षों में 5 पुलिस केंद्र, स्वाभिमान बटालियन सहित 373 थानों, ओपी की स्वीकृति दी गई है। 545 पुराने थानों एवं ओपी तथा 25 पुलिस केंद्रों में 540 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2008 से अब तक 610 थानों एवं ओपी भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। 327 थानों एवं ओपी भवनों का निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में है। नवगछिया पुलिस केंद्र का आज उद्घाटन किया गया है। शेखपुरा एवं किशनगंज पुलिस केंद्र का निर्माण अंतिम चरण में है। अररिया पुलिस केंद्र और गोपालगंज पुलिस केंद्र का निर्माण शुरू हो गया है। मधुबनी एवं मधेपुरा पुलिस केंद्र निर्माण की प्रक्रिया शुरू है। बगहा पुलिस केंद्र के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

**ये रहें मौजूद :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण एवं परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार होम गार्ड एवं अग्निशमन सेवा की पुलिस महानिदेशक शोभा अहोतकर, पुलिस महानिदेशक सह अध्यक्ष बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम श्री विनय कुमार, परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, गृह विभाग की विशेष सचिव के सुहिता अनुपम सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



### पुलिस पदाधिकारियों को 1220 स्मार्ट मोबाईल फोन किया गया प्रदान

पटना। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना जांच एवं मुआवजा भुगतान हेतु परिवहन विभाग की ओर से पुलिस पदाधिकारियों को ईडीएआर सॉफ्टवेयर युक्त 1220 स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री ने सांकेतिक रुप से 5 पुलिस पदाधिकारियों पूजा कुमारी, पुष्पा कुमारी, हरिनारायण कुमार, राहुल कुमार एवं खुशबू खातून को स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस के लिए 419.06 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 114 भवनों का उद्घाटन किया गया। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस के लिए 932.57 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 173 भवनों का शिलान्यास किया गया। साथ ही भवन निर्माण विभाग द्वारा गृह विभाग (कारा एवं सुधार सेवाएं) के लिए 40.46 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 25 भवनों का उद्घाटन किया गया। भवन निर्माण विभाग द्वारा गृह विभाग (कारा एवं सुधार सेवाएं) के लिए 63.96 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 19 भवनों का भी शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया जबकि पुलिस महानिदेशक सह अध्यक्ष बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम विनय कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा क्रियान्वित योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

## विधानसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच सीएम ने की घोषणा

# मुफ्त बिजली संभव नहीं, उपभोक्ताओं को दी जा रही सब्सिडी: मुख्यमंत्री

- बिजली खरीदने में खर्च होता है ज्यादा पैसा
- सस्ते दर पर दे रहे हैं बिजली

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि बिहार में मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बिहार विधानसभा में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम राज्य की जनता को फ्री नहीं, बल्कि सस्ती बिजली देने के पक्षधर हैं और लोगों को सबसे कम दर पर बिजली मुहैया करा भी रहे हैं। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सब्सिडी दे रहे हैं।

बिजली खरीदने में ज्यादा पैसा लगता है। अगर उसमें थोड़ा पैसा लगेगा तो सबको सुविधा मिलेगी। सदन में विपक्ष द्वारा मुफ्त बिजली की मांग किए जाने पर मुख्यमंत्री ने यह बात कही। बिहार विधानसभा में शुक्रवार को ऊर्जा विभाग के बजट पर मंत्री बिजेंद्र यादव ने सरकार की ओर से जवाब दिया। मंत्री के संबोधन के दौरान विपक्षी सदस्य मुफ्त बिजली देने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि हम पहले से सस्ती दर पर बिजली दे रहे हैं। मुफ्त बिजली नहीं दी जाएगी। सीएम नीतीश ने मुफ्त बिजली की घोषणा करने वाले राज्यों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में बिजली फ्री कर दी गई है, मगर उनका काम वो ही जानें। हम मुफ्त नहीं देंगे। सीएम ने कहा कि उपभोक्ताओं से बहुत कम पैसा लिया जा रहा है। बिजली देने में सरकार का बहुत बजट खर्च होता है। थोड़ा पैसा लेने से सुरक्षा की भावना बनी रहती है। सीएम ने मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि ये ईमानदार आदमी हैं और बिजली में कितना बढ़िया काम कर रहे हैं। इनसे बिजली व्यवस्था के बारे में ध्यान से सुनिए। मुख्यमंत्री की बात खत्म होते ही विपक्ष सदस्य सदन से बाहर चले गए। इसके बाद ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने विपक्ष से कहा कि आसपास के राज्यों का बिल भी देखें। अगर अन्य राज्यों का बिल बिहार से कम होगा, तो हम निश्चित रूप से सस्ता करेंगे। अगर नहीं तो अनावश्यक रूप से कुछ भी नहीं बोलें।

अनाप-शनाप मांग न करें। बिजली कंपनियों का 3 लाख करोड़ का बकाया है। इतना पैसा कहां से आएगा। बिजली कहां से पैदा होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा से मुफ्त बिजली के खिलाफ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अभी 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दे रही है। ग्रामीण उपभोक्ताओं को शहरों से और ज्यादा सस्ती बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार में 4 लाख लोगों को नौकरियां दी गईं तो उसका श्रेय आरजेडी के लोग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिजली में फायदा कराया तो उसका श्रेय उनको नहीं दिया जा रहा है। इससे पहले, बिहार विधानसभा की दूसरी पाली में ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव की ओर से 2024-25 के लिए 11,422 करोड़ 67 लाख का अनुदान मांग सदन पटल पर रखा गया।

# लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन

प्रात : किरण



मुंबई/एजेंसी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। श्री जोशी को बुधवार को पी डी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह गहन चिकित्सा कक्ष आईसीयू में थे। आज तड़के तीन बजे उनका निधन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर को माटुंगा स्थित उनके घर पर रखा गया है। उनका अंतिम संस्कार शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर किया जायेगा। **पीएम व सीएम ने जताया शोक:** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी के निधन पर शुक्रवार को गहरा शोक व्यक्त किया है। पीएम ने कहा कि उन्होंने स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाते हुए महाराष्ट्र की प्रगति के लिए अथक प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा, मनोहर जोशी जी के निधन से दुखी हूं। वह एक अनुभवी नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक सेवा में वर्षों बिताए और नगरपालिका, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाया। वहीं, मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व मनोहर जोशी एक प्रख्यात राजनेता थे। स्व मनोहर जोशी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में एवं केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अपनी जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उनसे मेरा व्यक्तिगत संबंध था। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला था। देश की राजनीति में उनका बहुमूल्य योगदान रहा है। उनके निधन से न केवल महाराष्ट्र प्रदेश बल्कि पूरे देश के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर-शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### भाजपा को मिले चंदे की हो जांच: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को सरकार पर जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को ब्लैकमेल करके भारतीय जनता पार्टी को 335 करोड़ रुपये का चंदा दिलवाने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को श्वेत पत्र लाना चाहिए। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि मोदी राज में भाजपा को दिया गया अवैध चंदा और चुनावी बॉन्ड ही कारोबारी सुगमता की गारंटी है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर हफ्ता वसूली सरकार होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर श्वेत पत्र लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है?

# नरेंद्र नारायण यादव चुने गए बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष

- सीएम नीतीश, उपमुख्मंत्री समेत पक्ष-विपक्ष के सदस्यों ने दी बधाई

प्रात : किरण



पटना। जद यू के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत पक्ष-विपक्ष के नेताओं ने यादव को सदन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। गुरूवार को नरेंद्र नारायण यादव ने इस पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही जैसे ही प्रारंभ हुई, वैसे ही उपाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने उनके प्रस्तावकों के नाम की घोषणा की और निर्वाचित घोषित किया। नरेंद्र नारायण यादव बिहार विधानसभा के 19वें उपाध्यक्ष होंगे। इस पद पर अभी तक महेश्वर हजारी तैनात थे। बीते दिनों उन्होंने स्वेच्छा से अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था, जिसके बाद रिक्त पद पर नरेंद्र यादव नारायण यादव ने उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। नरेंद्र नारायण यादव मधेपुरा के आलमनगर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से जीतकर आते हैं। वह 1995 से लगातार अब तक विधानसभा पहुंचने वाले पुराने सदस्यों में शामिल हैं। उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नरेंद्र नारायण यादव ने अपने पहले संबोधन में पंच परमेश्वर को याद किया और कहा कि पंच न किसी के मित्र होता है न ही शत्रु। उन्होंने इस पद तक लाने के लिए सदन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया है। नरेंद्र नारायण यादव के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद सदन नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राजद नेता भाई वीरेंद्र के साथ ही कांग्रेस के अजीत शर्मा, भाकपा माले के महबूब आलम, कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के अजय कुमार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राम रतन सिंह, एआइएमआइएम के अखतरुल ईमान ने बधाई दी।

# विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमों में संशोधन

- रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करना होगा आसान

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्र सरकार ने विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमों में संशोधन किया है। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री का कहना है कि संशोधित नियम उपभोक्ताओं को और सशक्त बनाएंगे। मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार संशोधनों से नए बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की समय सीमा कम हो गई है। बहुमंजिला फ्लैटों में उपभोक्ताओं को कनेक्शन का प्रकार चुनने में मदद मिलेगी। रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करना आसान और तेज हो गया है। इसके अलावा उपभोक्ताओं की शिकायतों के मामले में बिजली की खपत को सत्यापित करने के लिए वितरण कंपनी की ओर से लगाए गए मीटरों की जांच संभव होगी। उपभोक्ता अब अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए अलग से बिजली कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। नियमों के तहत नया बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की समयावधि महानगरीय क्षेत्रों में सात दिन से घटाकर तीन दिन, अन्य नगरपालिका क्षेत्रों में पंद्रह दिन से घटाकर सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में तीस दिन से घटाकर पंद्रह दिन कर दी गई है। उपभोक्ताओं की पसंद बढ़ाने और मीटरिंग और बिलिंग में अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए नियमों में प्रावधान पेश किए गए हैं। उपभोक्ताओं के परिसर में रूफटॉप सोलर पीवी सिस्टम स्थापित करने में आसानी बढ़ाने और तेजी से स्थापना की सुविधा के लिए नियमों में संशोधन किए गए हैं। 10 किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन की आवश्यकता से छूट दी गई है। 10 किलोवाट से अधिक क्षमता की प्रणालियों के लिए, व्यवहार्यता अध्ययन पूरा करने की समयसीमा बीस दिन से घटाकर पंद्रह दिन कर दी गई है।

**घोषणा** | सीएम नीतीश व राबड़ी देवी समेत 11 सदस्यों का पूरा हो रहा कार्यकाल

# बिहार विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चुनाव की घोषणा

- चुनाव प्रक्रिया 23 मार्च तक कर ली जाएगी पूरी

प्रात : किरण



पटना। बिहार में विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की घोषणा कर दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी देवी समेत 11 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। सीएम नीतीश और राबड़ी समेत अन्य सदस्यों का कार्यकाल 6 मई को पूरा हो रहा है। इससे पहले चुनाव आयोग की ओर से चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। चुनाव के लिए अधिसूचना 4 मार्च को जारी की जाएगी और 11 मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल करना होगा। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 14 मार्च है। बिहार विधानसभा के सदस्य 21 मार्च को इन 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों का चयन करेंगे और वोटों की गिनती 23 मार्च तक पूरी करनी होगी। वहीं जरूरत पड़ने पर 21 मार्च को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक वोटिंग का समय तय किया गया है। मतदान के बाद उसी दिन मतगणना की तिथि भी निर्धारित की गई। शाम पांच बजे से मतगणना होगी और देर शाम तक चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव प्रक्रिया 23 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। तीन सीटें भारतीय जनता पार्टी के पास हैं जिसका प्रतिनिधित्व पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान और सैयद शाहनवाज हुसैन और पूर्व राज्य मंत्री मंगल पांडेय कर रहे हैं। कांग्रेस के पास केवल एक सीट है जिसका प्रतिनिधित्व प्रेम चंद्र मिश्रा करते हैं। मुख्यमंत्री कुमार के अलावा पार्टी के अन्य नेता जिनका कार्यकाल समाप्त होने वाला है, उनमें संजय कुमार झा शामिल हैं। झा हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने गए हैं।

इसके अलावा जद यू एमएलसी खालिद अनवर और रामेश्वर महतो का कार्यकाल भी खत्म हो रहा है। एक सीट पर मंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के पुत्र संतोष सुमन आसीन हैं। हालांकि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के पास पर्याप्त संख्या में विधायक नहीं हैं, लेकिन सुमन के लिए सीट मांझी ने 2018 में राजद के साथ गठबंधन कर अर्जित की थी। मांझी दो साल बाद राजग में लौट आए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अखंड कीर्तन के बाद हवन एवं भंडारा का हुआ आयोजन

फतुहा। प्रखंड के सोनारू गांव पक्का कुंआ शिव मन्दिर में तीन दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें शुक्रवार को अखंड कीर्तन के समाप्ति पर हवन पूजन किया गया। साथ ही सैंकड़ों ग्रामीणों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। सरपंच प्रतिनिधि कुणाल कुमार ने बताया कि शनिवार को गंगा में कलश विसर्जन किया जाएगा। अखंड भजन-कीर्तन के आयोजन में मुख्य रूप से पीताम्बरपुर पंचायत प्रतिनिधि कुणाल कुमार, राजीव कुमार, मुकेश कुमार, विनोद कुमार वार्ड सदस्य, मंदिर पुजारी उमेश राम सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने सहयोग किया। अखंड कीर्तन पूजा के चलते पूरा गांव भक्तिमय हो गया।

### टुनटुन यादव ने पटना सदर प्रमुख प्रतिनिधि का किया स्वागत

फतुहा। शुक्रवार को मुख्य पार्षद के आवास पर पटना सदर के प्रमुख नीलम देवी के प्रमुख बनने पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने प्रमुख प्रतिनिधि नरेश चन्द्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि नरेश चन्द्रा ने बताया कि नीलम देवी के प्रमुख बनाने मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इनके सहयोग का हम सदा आभारी रहेंगे। मौके पर टुनटुन यादव कुमार, आदित्य कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, सूरज गोप, पाचू गोप, संजीत यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया

मंगल तालाब महादलित टोला में विकास मित्र के द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व अजीमाबाद अंचल के नोडल विकास मित्र राजू कुमार दास और सिटी अंचल के किरण कुमारी कर रही थीं। अभियान के दौरान मतदान के महत्व के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। जागरुकता रैली निकालते हुए लोगों को जिम्मेदार नागरिक बन मतदान करने की अपील की गई और लोकतंत्र को मजबूत करने को कहा गया।

### बंद फ्लैट में चोरों ने चोरी की

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आदमपुर संचार नगर में चोरो ने एक फ्लैट से नगद समेत लाखो रुपए के जेवरात ले भागे। इस बाबात पीडित ने लिखित शिकाश्त किया है। थाना क्षेत्र के आदमपुर संचार नगर आरआरबिल्डर्स अपार्टमेंट टावरनंबर एक के फ्लैट संख्या 113 निवासी प्रवीण कुमार मुख्य गेट पर जेनरल स्टोर चलाते है। उन्होने बताया कि वे दुकान पर थे। शाम में उनकी पत्नी व बच्चे दुकान में पूजा करने आये थे। करीब एक घंटे के अंदर वापस चले गये। जब वे वापस गये तो देखा कि कमरे में सारा सामान बिखड़ा है। आलमीरा का लॉक खुला है। उसमें रखा करीब साढे चार लाख रुपए एवे करीब चार-पांच लाख रुपए के जेवरात गायब थे। चोरो ने चालिस मिनट के अंदर ही घटना का अंजाम दे दिया। उन्होने बताया कि चंद मिनट के लिए पत्नी बच्चे दुकान गये थे। घर खाली था इसी तरह मुख्य द्वारा बंद कर वे लोग गये थे। जिसका फायदा चोरो ने उठा लिया।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा सनातन : सम्राट

## भाजपा ने मनाई संत शिरोमणि संत रविदास जयंती

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा द्वारा आज पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि संत रविदास ने समाज की दूरियों को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सदना पीर उस दौर में संत रविदास के पास उनका धर्म परिवर्तन करने पहुंचा थे, लेकिन वह रविदास जी से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने ही सनातन स्वीकार कर ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन आगे बढ़ रहा है। समाज के एक एक वर्गों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने संत रविदास के वचनों को उद्धृत करते हुए कहा कि वे कहते थे कि जन्म से कोई व्यक्ति किसी जाति में जन्म ले सकता है, लेकिन अगर ज्ञान अर्जित कर लिया तो वह पंडित से भी आगे बैठने का हकदारी बन जाता है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि जब तक पिछड़े लोग मुख्य धारा में नहीं आ जाते हैं, तबतक आरक्षण जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास मंत्र को लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आज 1 करोड़ 79 लाख गरीब के घरों में अनाज पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज लोगों के सपना पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। रविदास जी के विचारों को आगे लेकर चलना है। इस मौके पर लेडी श्री राम कॉलेज से उच्च शिक्षा और जवाहर नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से पीएचडी की डिग्री हासिल कर चुकी स्मृति पासवान ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन नेता डॉ सुग्रीव ने की। इस मौके पर सांसद रविशंकर प्रसाद, ऋतुराज सिन्हा, जनक राम, रामप्रीत पासवान, शाहनवाज हुसैन, तारकीशोर प्रसाद, अनामिका पासवान, भारती पासवान, नवल किशोर यादव, गुरु पासवान, लखींद्र पासवान, सुबोध पासवान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से कबीर मठ फतुहा को पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने का आश्वासन मिला : महंत ब्रजेश मुनि

प्रात :किरण संवाददाता



फतुहा। शहर में दरियापुर स्थित आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि ने बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर कबीर मठ फतुहा की सम्पत्ति पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा से उत्पन्न विवाद और समस्याओं के बारे में बताया। इस मठ का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए यहाँ पर्यटन स्थल के रूप में विकास की सम्भावना के बारे में बताया और मुनि जी ने मठ की जमीन पर नालंदा में कबीर विश्वविद्यालय की स्थापना के बारे मे अपने विचार से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस आशय की जानकारी देते हुए महंत ब्रजेश मुनि ने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय ने आत्मीय भाव से बातों को सुना और आश्वासन दिया कि मठ की अतिक्रमित जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने और पर्यटन स्थल के रूप में फतुहा कबीर मठ का विकास करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जल्दी ही कबीर मठ फतुहा का दौरा करेंगे और कबीर मठ फतुहा को पर्यटन की गति प्रदान करेंगे उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्व समुदाय के लिए प्रासंगिक है सदगुरु कबीर साहेब का जीवन दर्शन इस लिए सरकारी स्तर पर कबीर महोत्सव सांप्रदायिक सौहार्द मेला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बिहार सरकार के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के पूर्व मंत्री रत्नेश सादाजी उपस्थित थे।

# लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी:श्री गुरु प्रकाश



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी वैशाली जिला कार्यकर्ताओं के द्वारा एक दिवसीय लाभार्थी कार्यालय शाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय हाजीपुर में किया गया ।

कार्यशाला का अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम सिंह कुशवाहा ने किया साथ हीमुख्य अतिथि को अंग वस्त्र में बुके देखकर स्वागत किया, जबकि संचालन भाजपा जिला महामंत्री डॉ ज्योति ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गुरु प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित हुए उन्होंने कहा की लाभार्थी की समृद्धि ही मोदी की गारंटी है।

भारत एक विकसित राष्ट्र की तरफ बढ़ रहा है आने वाला समय में भारत आर्थिक दृष्टि से विश्व में तीसरा स्थान पर आएगा लाभार्थियों के लिए मोदी सरकार ने अनेक कार्य किया ।जनधन खाता खोलना ,हर घर शौचालय की व्यवस्था करना हर घर नल जल का व्यवस्था करना हो गरीबों को मुक्त अनाज की व्यवस्था हो ।

विश्वकर्म योजना के तहत कामगार मजदूर शिल्पकार को ऋण उपलब्ध कराना इस तरह अनेक योजनाएं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है जो समृद्ध भारत को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

कार्यक्रम मेंपूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण तिवारी जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, बच्ची मिश्रा ,पंकज यादव, नवल कुमर ,जिला मंत्री बबीता सिंहराजपूत रीता राम ,नवीन कुमार सिंह , बालेश्वर शाह , कार्यक्रम प्रभारी अजीत पांडे विधानसभा प्रभारी , मंडल अध्यक्ष महामंत्री ,कार्यक्रम के संयोजक , बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

# शब ए बारात पर प्रमुख कब्रिस्तान व बाइकर्स गैंग पर रहेगी नजर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सुल्तानगंज एवं आलमगंज थाना परिसर में शबे बारात एवं शिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को की गई। इसकी अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष अजय कुमार ने शांति समिति के सदस्यों को कहा कि शबे बारात की रात अपने मुहल्ले के चौक-चौराहे पर असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। बाइकर गैंग द्वारा हुड़दंग करते हुए देखे जाने पर तुरत पुलिस को सूचना दें। दाता भंवर साह मजार, महेन्द्रू, शाहगंज कब्रिस्तान, दाता अरजानी शाह के मजार दरगाह रोड, दाता पीर बाघा का मजार सुल्तानगंज आदि मजारों के पास पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मजार तथा जलसा के समय पुलिस की तैनाती रहेगी। साथ ही शांति समिति के सदस्यों के द्वारा भी निगरानी की जाएगी। आठ मार्च को होने वाले शिवरात्रि के मौके पर सुल्तानगंज थाना अंतर्गत महेन्द्रू, रानीघाट, घघा





●सुल्तानगंज व आलमगंज थाना परिसर में शबे बरात को ले हुई बैठक

घाट, गड़हुआ टोला, मेवासाव लेन, खानमिर्जा, टेकारी रोड, दरगाह रोड, बीएनआर रोड, अंबेडकर कॉलोनी आदि स्थान पर भगवान शिव मंदिर में होने वाली पूजा-अर्चना में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए महिला एवं पुरुष आरक्षी बल की तैनाती रहेगी। मंदिर समिति के द्वारा शोभायात्रा निकालने के लिए थाना को पूर्व में ही लिखित आवेदन देना होगा, जिसमे शोभायात्रा निकाले जाने का रूट एवं समय का निर्धारण होना चाहिए। साथ ही साथ डीजे बजाने, अश्लील एवं भड़काऊ गाने पर सख्त कार्रवाई होगी। रात दस बजे से लेकर सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर रोक रहेगी। शांति समिति की बैठक में वार्ड पार्षद बैजू लाल दास, गणेश कुमार, मधुरंजन कुमार चुन्नी, रमेश रजक, बसी अख्तर, कलीम इमाम, अनिल कुमार, अंजुम आलम, अरुण कुमार, मंसूर आलम, अशोक कुमार चंद्रवंशी, मो फैसल आदि मौजूद थे। दूसरी ओर आलमगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता और एसआई अरविंद कुमार के संचालन में बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से शबे बारात को लेकर चर्चा की गई बताया गया कि थाना क्षेत्र के प्रमुख कब्रिस्तान क्रमशः मकनपुर ईदगाह रहमत मार्केट गुलजारबाग पश्चिम दरवाजा ननमोहिया मोड सकरी गली के आसपास बालकिशनगंज आदि एरिया में पुलिस चौकसी बरतेगी साथ ही बाइकर्स गैंग जो रात में उधम मचाते हैं उन पर निगरानी और कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया इसमें खासकर मरीन ड्राइव रोड, अशोक राजपथ, शेरशाह रोड एवं संपर्क पथ के साथ कुछ गलियों को चिन्हित किया गया है। बैठक में चुन्नू चंद्रवंशी, मनोज गुप्ता, सुरेश मेहता, बाबू भाई, मो नियाज, अजीत सिंह कुशवाहा, श्रवण मेहता, विनोद पासवान, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राजू मेहता, रेणु कुशवाहा, मो शमीम आदि मौजूद हो विचार रखे।

# स्वर्ण जयंती वर्ष पर तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव 9 से



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

श्री श्याम नवयुवक मंडल पटना सिटी की बैठक भामाशाह ट्रस्ट भवन में हुई। मंडल के अध्यक्ष नारायण शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री श्याम महोत्सव के 50 वर्ष पूरे होने पर इस वर्ष महोत्सव को स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। मंडल के सचिव सह संयोजक सुरेश चौधरी ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह को तीन दिवसीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। पहले दिन नौ मार्च को खाटू वाले श्री श्याम प्रभु की अलौकिक श्रृंगार, 51 घंटे की अखंड ज्योति के साथ 251 महिलाओं द्वारा एक वेशभूषा में कोलकाता के संदीप सुल्तानिया के नेतृत्व में सामूहिक अखंड ज्योति पाठ के साथ श्री श्याम प्रभु की जीवन गाथा पर आधारित नृत्य नाटिका के द्वारा झांकी प्रस्तुत की जाएगी। 10 मार्च को भक्तों द्वारा घर से बनाए महाभोग का प्रसाद लगाएंगे। इसके बाद भजन गायक जयशंकर चौधरी, लव अग्रवाल (कोलकाता), स्वाति अग्रवाल (सिलीगुड़ी) द्वारा भजनों की रसगंगा बहाई जाएगी। 11 मार्च को श्री श्याम प्रभु का निशान शोभायात्रा सनातन धर्म सभा भवन से निकल कर नगर भ्रमण कर राजाराम लेन स्थित श्री श्याम मंदिर में अर्पित किया जाएगा। 13 मार्च को 101 निशान लेकर श्री श्याम भक्त खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। महोत्सव को सफल बनाने के लिए नारायण मोदी, विकास चूड़ीवाल, सुभाष झुनझुनवाला, राजू सुल्तानिया, सोनू लोयलका, प्रकाश सुल्तानिया व संजीव देवड़ा सक्रिय हैं।

# माले विधायक के सवाल पर विस अध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से चौक अंचल से जुड़े रानीपुर स्थित तीन विद्यालय को स्थानांतरित किए जाने के खिलाफ भाकपा माले और जमीन बचाओ संघर्ष समिति से जुड़े लोगों ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें प्राथमिक विद्यालय उदरहवांपुर को मध्य विद्यालय मेहंदीगंज में, मध्य विद्यालय चौघड़ा को कन्या मध्य विद्यालय रानीपुर और मध्य विद्यालय कसबा करीमाबाद को मध्य विद्यालय महेशपुर में स्थानांतरित किया जाना है। संयोजक अनय मेहता, राजेश सिंह कुशवाहा, आत्माराम, सुरेश प्रसाद, सुबोध कुमार और देवेन्द्र



●विद्यालय स्थानांतरण पर सौंपा ज्ञापन

सिंह के नेतृत्व में शिष्टमंडल एसडीओ गुंजन सिंह से मिला और मांगों का ज्ञापन सौंपा। विद्यालय बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक रजनीश कुमार राय ने विद्यालय का बचाने के लिए संघर्ष की बात कही। दूसरी और माले विधायक महबूब आलम ने तीन स्कूल के स्थानांतरण के मुद्दे को लेकर विधानसभा में शुक्रवार को सवाल उठाया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को इंगित करते हुए कहा कि महोदय, तीनों विद्यालय में से एक नगर निगम और बाकी दो गैर मजरूआ जमीन पर वर्षों से चल रहा है। शिक्षा विभाग ने पक्का कमरा भी पठन-पाठन के लिए तैयार कराया है। इसका शिलापट भी वहां लगा है। विधायक श्री आलम को सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने मामले को शिक्षा मंत्री के स्तर पर संज्ञान लेने की बात कही।

# 29 से नवजात शिशु की देखरेख को राज्यस्तरीय प्रशिक्षण : उपसचिव



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के उप सचिव राजेश कुमार शुक्रवार को पहुंचे। एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए मरीजों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के लिए उन्होंने बैठक की। समीक्षा के दौरान उपस्थित लोगों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके तहत समय पर कार्यालय में कर्मी व चिकित्सक को उपस्थित होकर कार्य करने को कहा गया। इस दौरान अस्पताल में खुले नवाजत शिशु गहन चिकित्सा इकाई का भी निरीक्षण किया गया। यहां पर जरूरी निर्देश देने के साथ सीसीटीवी लगाने को कहा गया। उप सचिव ने बताया कि 29 फरवरी से नवजात शिशु की देखरेख के लिए राज्यस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पटना हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के अधिवक्ता बने प्रकाश चंद्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मारवाड़ी सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता प्रकाश चंद्र अग्रवाल को केन्द्र सरकार के अनुमोदन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा पटना उच्च न्यायलय में केन्द्र सरकार का वरीय अधिवक्ता (सीनियर सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल) के पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद पर इनकी नियुक्ति से मारवाड़ी समाज गौरवान्वित हुआ है। इनकी नियुक्ति पर मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन सिटी शाखा के अध्यक्ष शिव प्रसाद मोदी, रेडक्रॉस सोसाइटी उपशाखा सिटी के



अध्यक्ष गोविंद कानोडिया, मसूरगंज व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष राजेश कानोडिया, पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, महासचिव संजीव यादव, पाटलिपुत्र जनसेवा संस्थान के राजेश कमलिया, गणेश शर्मा व आदर्श अग्रवाल ने बधाई दी है।

# रोटरी क्लब के स्थापना पर सिटी सम्राट ने बताया इतिहास

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रोटरी क्लब स्थापना दिवस पर रोटरी डे उत्सव मनाया गया। इंटरेक्ट क्लब ऑफ जीजस एंड मेरी एकेडमी एवं रोट्रैक्ट क्लब के छात्र-छात्राओं ने रोटरी पटना सिटी सम्राट के अध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव अभिषेक पैट्रिक एवं सदस्यगण सुशील पोद्दार, बीएन कपूर, नीरज कुमार और विक्रांत कृष्ण की मौजूदगी में केक काट कर मनाया। अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष ने रोटरी क्लब के इतिहास पर कहा कि आज ही के दिन रोटरी की शानदार अनंत एवं अथक यात्रा शुरू हुई थी, जब 23 फरवरी, 1905 को चार लोगों के एक छोटे समूह ने बैठक की थी। इसीलिए इसे रोटरी क्लब की पहली बैठक भी कहा जाता है।



श्री पोद्दार एवं श्री कपूर ने बच्चों को बताया कि इन लोगों ने शिकागो में इसी दिन प्रथम रोटरी क्लब की नींव रखी। उसी दिन से यह क्लब सकारात्मक सोच के साथ वैश्विक स्तर पर मानवता एवं पर्यावरण की सेवा के पथ पर निरंतर बढ़ता रहा। वे सब भी रोटरी के सदस्य बनें एवं समाजसेवा में अपना योगदान दें। रोटरी पटना सिटी सम्राट के सचिव अभिषेक पैट्रिक ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि आप लोग भविष्य के निमार्ता हैं। अतः आप सबों की जिम्मेवारी बनती है कि आप रोटरी क्लब एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही क्लब के उद्देश्यों की पूर्ति में भी योगदान दें।

# वंदना राय और नौबतपुर से सावित्री देवी निर्विरोध प्रखंड प्रमुख बनी

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत 23 तारीख शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को कराए गए चुनाव में दानापुर से वंदना राय और और नौबतपुर से सावित्री देवी निर्विरोध प्रखंड प्रमुख बनी। नौबतपुर के निवर्तमान प्रमुख बिजय कुमार और दानापुर के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज कुमार ने चुनाव में भाग नहीं लिये। शुक्रवार को सबसे पहले नौबतपुर प्रखंड प्रमुख के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रखंड में कुल 28 पंचायत समिति सदस्य हैं ।बारा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य सावित्री देवी अपने 17 सदस्यों के साथ पहुंची। निर्धारित समय तक निवर्तमान प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार अपने समर्थकों सदस्यों के साथ नहीं पहुंचे ।तद उपरांत सावित्री देवी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया ।उसी तरह दानापुर प्रखंड प्रमुख के चुनाव में देखने को मिला ।कुल 19 पंचायत समिति सदस्यों में 12 सदस्यों के मानस पंचायत के पंचायत समिति सदस्य वंदना राय पहुंची। यहां भी निर्धारित समय तक निवर्तमान प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार अपने समर्थकों सदस्यों के साथ नहीं पहुंचे। जिसको देखते हुए वंदना राय को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

# स्वच्छ, निष्पक्ष और भय मुक्त माहौल में कराया जाएगा चुनाव :डीएम

प्रात :किरण संवाददाता




हाजीपुर ।वैशाली जिले में स्वच्छ निष्पक्ष और भय मुक्त माहौल में मतदान कराया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां की जा रही है। वैशाली के जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा और आरक्षी अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने आज संयुक्त प्रेस वार्ता में यह जानकारी दिया। जिलाधिकारी ने बतलाया कि वैशाली जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के लिए 2559 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं जो पिछले चुनाव से चार अधिक है। पातेपुर में एक और लालगंज में तीन नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं ।इन मतदान केंद्रों पर 25 लाख 99 हजार 727 वोटर हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 13 लाख 62 हजार 453 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 12 लाख 37 हजार 181 है थर्ड जेंडर वोटरों की संख्या 93 है जिलाधिकारी ने बताया कि 24000 से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ा गया है ।वही कुल सेवा मतदाताओं की संख्या 6536 है। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत चुनाव में वैशाली जिले का वोट प्रतिशत लगभग 56% था और इसमें वृद्धि करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं ।जागरूकता रैली निकालकर सभी गांव और टोलो में टीम भेजी जा रही है जिससे कि भय मुक्त होकर वोटर चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। आगामी लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष में सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सेक्टर पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। सभी सेक्टर पदाधिकारी और सभी पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया है ।अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर भी इसकी बैठक की जा रही है ।सभी सेक्टर पदाधिकारी द्वारा अपने मतदान केंद्र एवं क्षेत्र का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं आदि का आकलन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि टोला स्तर पर आसामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है ।अग्नियास्त्र सत्यापन करने के लिए 27 से 29 फरवरी तक अंतिम समय निर्धारित किया गया है जिसमें सभी को अपने अग्नियास्त्र का सत्यापन करना है। सत्यापन नहीं करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उनका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि भ्रामक प्रचार करने और अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है । वही आरक्षी अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने जानकारी दिया कि भय मुक्त माहौल में मतदान कराया जाएगा। अभी तक 1200 से अधिक आसामाजिक लोगों के खिलाफ 107 की कार्रवाई की जा चुकी है और 12 के खिलाफ सीसीए लगाया गया है। एसपी ने बताया कि यह संख्या और भी बढ़ सकती है ।जिले में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले की सीमा पर विशेष चेकिंग अभियान चल रहा है और इसके लिए 120 टीम जांच कर रही है ।नदी मार्ग में गस्ती के लिए 20 वोट को लगाया गया है ।दियारा क्षेत्र में एसटीएफ और पुलिस कैंप लगाया गया है। प्रेस वार्ता में उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# चलती बस में लगी आग, कूदकर यात्रियों ने बचाई जान



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। हाजीपुर शहर के अंजनपीड़ के निकट चलती बस में अचानक भीषण आग लग गई। बस म सवार दो दर्जन से अधिक यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। बस पटना से गोपालगंज जा रही थी ।शार्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान है। बताया जाता है कि हाजीपुर रामाशीष चौक बस स्टैंड से उक्त बस गोपालगंज के लिए खुली थी ।बस खुलने के कुछ देर बाद ही बस से चिंगारियां निकलने लगीं। बस में आग लगता देख चालक ने सूझबूझ दिखलाते हुए बस को साइड में खड़ा कर दिया। उसमें सवार सभी यात्री बस से उतर कर अपनी जान बचाई। कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप ले लिया ।फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पटना से गोपालगंज जा रही थी।

# किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों की चोरी की

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नासरीगंज बिस्कूट फैक्ट्री मार्ग स्थित किराना दुकान का ताला तोड़ चोरो ने करीब डेढ लाख के सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में दुकानदार सुनील कुमार ने लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। सुनील ने बताया है कि वो रात मे दुकान बंद कर घर गया था। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के शटर ताला टूटा था। अंदर सारा सामान बिखड़ा था। दुकान से रिफांईन सरसोतेल घी व चावल गायब थे। करीब डेढ लाख के सामान चोरो ने चोरी कर ली। इस संबंध ने सुनील ने लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

# अख्तरुल इस्लाम शाहीन बने विस में विरोधी दल का मुख्य सचेतक : एजाज

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन को बिहार विधानसभा में मुख्य विरोधी दल का मुख्य सचेतक मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को इस बात के लिए बधाई दी है। कहा कि उन्होंने बिहार विधानसभा में मुख्य सचेतक के रूप में अख्तरुल इस्लाम शाहीन को चयन करके अल्पसंख्यक समाज का मान -सम्मान बढ़ाया है। उनके अनुभव और कार्य प्रणाली से विधानसभा में विधायी कार्यों में काफी सहायता मिलेगी । विधानसभा में ये पूरी मजबूती के साथ जनता और जनहित के मुद्दे को उठाने का कार्य करेंगे।

# सीएम नीतीश ने सदन संस्मरण पुस्तक का किया विमोचन

## विधान परिषद् सभापति के कार्यालय कक्ष में हुआ विमोचन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सदन संस्मरण पुस्तक का विमोचन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सभापति देवश चंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य स्व केदार नाथ पाण्डेय द्वारा सदन में दिये गये महत्वपूर्ण भाषणों एवं वक्तव्यों को संकलित कर उन्हें सदन संस्मरण नामक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया है। राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि स्व केदार नाथ पाण्डेय एक शिक्षाविद् तथा कुशल राजनेता व समाज सेवी थे। उनका पूरा जीवन शिक्षक एवं शिक्षा जगत के लिए समर्पित रहा। सदन में उनके द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण भाषणों एवं वक्तव्यों को संकलित कर उन्हें पुस्तक का रूप देना एक सराहनीय कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाण्डेय जी के द्वारा दिये गये भाषणों एवं वक्तव्यों के अध्ययन से सदस्यगण को सदन में अनुशासन और शालीनता बनाए रखने, नियमों, परम्पराओं और शिष्टाचार का पालन करने में मदद मिलेगी। सभापति ने कहा कि पाण्डेय जी के द्वारा दिए गए वक्तव्यों को संकलित एवं प्रकाशित कर उन्हें समर्पित करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आशा है, सदन की कार्यवाही का अध्ययन एवं शोध करनेवालों के लिए यह एक प्रमाणिक संदर्भ ग्रंथ होगा। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, उप सभापति बिहार विधान परिषद् डा प्रो राम चंद्र पूर्वे, अशोक चौधरी, राज्य सभा सांसद संजय झा, मुख्य सचेतक सतारूढ दल संजय कुमार सिंह, सदस्य सच्चिदानन्द राय, राजीव कुमार, रीना देवी, कुमुद वर्मा, प्रो. संजय कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, स्व. केदार नाथ पाण्डेय जी के सुपुत्र आनंद पुष्कर आदि मौजूद थे।

# नौकरी मांगने वाला नहीं नौकरी देने वाला राज्य बनेगा बिहार : सम्राट

● बिहार लघु उद्यमी योजना के 50 हजार लाभुकों का किया गया चयन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उद्योग विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बिहार लघु उद्यमी योजना के 50 हजार लाभुकों का चयन कम्प्यूटरीकृत रेण्डमाइजेशन प्रणाली से किया गया। उप मुख्यमंत्री सह उद्योग मंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के 12,568, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 936, अति पिछड़ा वर्ग के 17,730, पिछड़ा वर्ग के13,038 एवं सामान्य वर्ग के 5,728 आवेदकों का चयन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में जाति आधारित गणना में कुल सर्वेक्षित परिवारों की संख्या लगभग 2 करोड़ 76 लाख है और उनमें परिवार की मासिक आय के आधार पर 94 लाख से अधिक परिवार आर्थिक रूप से गरीब पाए गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर आर्थिक रूप से गरीब परिवारों को स्व-रोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने एवं राज्य में बेरोजगारी दर में कमी लाये जाने के उद्देश्य से बिहार लघु उद्यमी योजना लागू की गयी है। योजना के अन्तर्गत प्रत्येक लाभुक को स्वरोजगार के लिये अधिकतम रू 2 लाख की राशि अनुदान के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। उन्होने कहा कि गरीबों को रोजगार देने हेतु यह एक अभिनव योजना है। सभी लाभुक अपना रोजगार करें और अपनी-अपनी आमदनी बढ़ायें। हमें बिहार को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बिहार बनाना है। ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगाकर हम इस लक्ष्य को हासिल करेंगे। बड़े उद्योग भी लगाएंगे और छोटे उद्योग भी लगाएंगे। इससे बिहार आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्डरीक ने कहा कि इस योजना के लिए उद्योग विभाग का पोर्टल 5 फरवरी से 20 फरवरी तक खोला गया जिस दौरान 2,02,013 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के 61,494, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 3,150, अति पिछड़ा वर्ग के 73,385, पिछड़ा वर्ग के 46,996 एवं सामान्य वर्ग के 16,988 आवेदन प्राप्त हुए। इन्हीं में से 50 हजार लाभुकों का चयन किया गया है और 10 हजार लाभुक प्रतिशा सूची में रखे गये हैं। उन्होने कहा कि बिहार लघु उद्यमी योजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में रू 250.00 करोड़ एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में रू 1,000.00 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। पुरी पारदर्शिता का पालन करते हुए चयन समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में कम्प्यूटर द्वारा रेण्डमाइज तरीके से लाभुकों का चयन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग निदेशक पंकज दीक्षित, तकनीकी विकास निदेशालय के निदेशक विशाल राज, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय के निदेशक विवेक रंजन मैत्रेय, उद्योग विभाग के विशेष सचिव दिलीप कुमार एवं संयुक्त सचिव योगेश कुमार सागर, उप उद्योग निदेशक रंजन कुमार सिन्हा, सहायक उद्योग निदेशक अजय कुमार दीक्षित एवं प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

**NOTICE**

In the Hon'ble Court of the VII Addl. District judge cum motor vehicles, accidents claims Tribunal at Vijayawada, Andhra Pradesh
M.V.O.P No: 291/2019
Between:-
Gyanti Devi and 5 others ....Petitioners
And
Shayam Sundar Ravidas,and two others........Respondents
To,
R-1, Shayam Sundar Ravidas, S/o Ramkrita Ravidas, 45 years, Driver of TATA Chasis, T/R. UC J217422, basant,Tola Mahesh, Simla, Aurangabad District, Bihar State -824 125.
The above Mentioned motor accident claim stands posted for notice to Ist Respondent (i.e) Shayam Sundar Ravidas on 01-03-2024 at 10:30 AM before said court you appear personally or through Advocate Failing which matter will be decided in your Absence. Hence this notice to you
(By order of The court)
T.Uma MaheswaraRao
Advocate
Vijayawada, A.P.
Ph: 9849058922

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : उमेश

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जदयू की हुई संगठनात्मक बैठक



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रमंडल प्रभारियों, जिलाध्यक्षों, पूर्व विधानपार्षदों एवं पूर्व विधायकों की संगठनात्मक बैठक हुई। यह बैठक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आयोजित की गई थी। इसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं मंच का संचालन प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने की। इस दौरान उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं नेताओं को कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अपने संबोधन में उन्होंने बूथ स्तर पर जदयू के सशक्तीकरण का संदेश दिया और कहा कि जिलाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष आपस में समन्वय स्थापित कर पंचायतों अध्यक्षों के सहयोग से जल्द से जल्द सात सदस्यीय बूथ कमिटी का गठन करें। बूथ कमिटी में युवाओं-महिलाओं के साथ ही सामाजिक कार्यों से जुड़े एवं श्री नीतीश कुमार के प्रति आस्था रखने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाए। बूथ कमिटी में दो बीएलए और दो पोलिंग एजेंट रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी चुनाव को जीतने के लिए बूथ सबसे महत्वपूर्ण आधार होता है। हम अगर अपने बूथ को मजबूत कर लें तो पार्टी स्वतः मजबूत हो जाएगी और बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की एतिहासिक जीत का हमनें जो लक्ष्य निर्धारित किया है वह निश्चित ही साकार होगा।

श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर पर व्हाट्पएप ग्रुप तैयार किए जाएं, जिसमें संबंधित जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमिटी के अध्यक्ष शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा की पार्टी के सभी कार्यकर्ता नीतीश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं एवं जदयू के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तन-मन से जुट जाएं। बैठक में विधान पार्षद संजय कुमार सिंह गांधी जी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार यादव, वासुदेव कुशवाहा, प्रदेशभर के प्रमंडल प्रभारी, जिलाध्यक्ष, पूर्व विधान पार्षद एवं पूर्व विधायक ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से शामिल हुए।

# संत गाडगे की जीवनी से सीख लेने की जरूरत : जगदानंद



● संत गाडगे बाबा की जयंती राजद कार्यालय में मनाई गई

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान संत गाडगे महाराज की जयन्ती प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई एवं उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि संत गाडगे बाबा का जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के तहसील अंजन गांव सुरजी के शेनगांव में 23 फरवरी, 1876 ई0 को एक गरीब धोबी परिवार में हुआ था। बाबा विषम परिस्थितियों में रहकर भी जनता के लिए स्कूल, अस्पताल एवं धर्मशालाओं का निर्माण कराया, जो सराहनीय है। लोगों को उनकी जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। इन्होंने जीवन में सामाजिक समरसता और मानवता के सच्चे हितैषी के रूप में जो कार्य किया है वो अविस्मरणीय है। माल्यार्पण करने वाले नेताओं में राष्ट्रीय महाससचिव श्याम रजक ,भोला यादव, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, वृषिण पटेल, डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री समीर कुमार महासेठ, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक निरंजन कुमार, प्रदेश प्रवक्ता, एजाज अहमद, चितरंजन गगन, मृत्युंजय तिवारी, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा,प्रदेश महासचिव डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, निर्भय अम्बेदकर, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, निराला यादव, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, डॉ कुमार राहुल सिंह, भाई अरूण, देवकिशुन ठाकुर, संजय यादव, ई अशोक यादव, प्रमोद कुमार राय, नन्दु यादव, गुलाम रब्बानी, प्रदीप मेहता, राजेश पाल, अभिषेक सिंह,युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव, पटना महानगर अध्यक्ष महताब आलम, सरदार रंजीत सिंह सहित कई गणमान्य नेताओं ने संत बाबा गाडगे के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# नीतीश के नेतृत्व में हुआ बिहार का विकास : राजीव

पटना। राजद पर हमला बोलते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि राजद के युवराज विकास के नाम पर चाहे जितनी भी डींगे हांक लें, लेकिन जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। बिहार के लोग भलीभांति जानते हैं कि राजद और विकास के बीच हमेशा ही छत्तीस का रिश्ता रहा है। 17 महीनों का ढोल पीट रहे राजद को यह जान लेना चाहिए कि 17 जन्म में भी वह नीतीश सरकार के कामों की बराबरी नहीं कर सकते। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि यह नीतीश सरकार की ही देन है कि आज बिहार की विकास दर देश से भी तेज है। राज्य के कोने कोने में सड़कों का जाल बिछ गया है। लोग बेखौफ हो देर रात बाजारों में घूमते नजर आते हैं। महिलाओं को चुनावों से लेकर सरकारी नौकरियों में उनकी आबादी के अनुरूप आरक्षण मिल रहा है। गरीबी दर में रिकॉर्ड कमी आई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चयों के तहत युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं और राज्य की समृद्धि में लगातार इजाफा हो रहा है।

# झूठा क्रेडिट लेने की होड़ यात्रा : जदयू

पटना। झूठा क्रेडिट लेने और बिहार के लोगों के बीच भ्रम फैलाने के मकसद से जन विश्वास यात्रा पर निकले तेजस्वी यादव को लोगों के संबोधन के दौरान अपने परिवार के भ्रष्टाचार पर भी बोलना चाहिए। ये बातें जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम और प्रदेश प्रवक्ता अनुप्रिया ने कही। पार्टी के दोनों प्रवक्ताओं ने कहा कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव लोगों के बीच भ्रम फैलाने के मकसद से जन विश्वास यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की ये यात्रा जन विश्वास यात्रा नहीं बल्कि रोजगार के मामले पर झूठा क्रेडिट लेने की होड़ यात्रा है। जदयू के दोनों पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच की बदौलत बिहार निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। वहीं पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज सरकार की सात निश्चय पार्ट दो के तहत राज्य के लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। जदयू के प्रदेश प्रवक्ताओं ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि आरजेडी नेता लोगों के बीच झूठ फैला रहे हैं और गलत प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के शासनकाल में बिहार में नौकरियों की क्या हालत थी ये सबको पता है।

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

**कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–121 वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक–04.03..2024 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक–05.03..2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–05.03.2024 को 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी :

| क्रम सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | S/R to aluminium work and wadrobe work in 96 officer's flat no.-A3/18 at Nehru Path Patna for the year 2023-24. | 505119.00 | 10500.00 | 1250.00 | 7 days |
| 2 | S/R to wardrobe and modular kitchen work in 96 officer's flat No.-B3/52 at Nehru Path, Patna for the year 2023-24 | 673895.00 | 14000.00 | 1250.00 | 7 days |

8. निविदा की विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखें।

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 018191 (BCD) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

# जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए चलाया जन सम्पर्क अभियान




पटना। बिहार की जनता लड़ेगी-तानाशाही हारेगी नारे पर 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में महागठबधन की ओर से आहूत जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए भाकपा- माले ने शुक्रवार को कंकड़बाग में जन सम्पर्क अभियान चलाया। भाकपा-माले राज्य स्थायी समिति सदस्य सह ऐक्टू नेता रणविजय कुमार, माले नेता पन्नालाल सिंह, ऐपवा नेत्री अनुराधा देवी, डॉ प्रकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज कंकड़बाग के पूर्वी रामकृष्णनगर में भाकपा( माले ) द्वारा जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान माले नेता व कार्यकर्ता बिहार की जनता लड़ेगी तानाशाही हारेगी, लोकतन्त्र-संविधान बचाओ, भाजपा भगाओ -देश बचाओ हिटलर शाही नही चली तो तानाशाही नही चलेगी, तानाशाही का मुंहतोड़ दो- लोकतन्त्र की जंग में 140 करोड़ को जोड़ दो आदि नारा लगा रहे थे। इस दौरान रैली में शामिल होने के लिए माले की ओर से सघन पर्चा वितरण भी किया गया।

# आधुनिकतम मशीन से होगा मोतियाबिंद का आपरेशन

पटना। राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु ट्रस्ट द्वारा संचालित बालाजी नेत्रालय में अत्याधुनिक मशीन लगवाया है। इस मशीन का उद्घाटन आचार्य चंद्रभूषण मिश्र रविवार 25 फरवरी को बालाजी नेत्रालय में करेंगे। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ शशि मोहनका ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर में गरीब मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन इसी अत्याधुनिक मशीन से किया जाएगा। डॉ मोहनका ने बताया कि इस अत्याधुनिक फारोस मशीन से किसी भी तरह के मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जा सकता है और कठोर से कठोर मोतियाबिंद को मशीन से काटा जा सकता है। इससे ऑपरेशन बहुत जल्द सम्पन्न हो जाता है। डॉ मोहनका के कहा कि आई ओ एल मास्टर मशीन से लेंस का पॉवर काफी सटीक और एक्यूरेट आता है। मरीज को इस मशीन से लेंस लगाने के बाद चश्मे की जरूरत नहीं पड़ेगी। ट्रस्ट के सचिव एम पी जैन ने कहा किरविवार 25 फरवरी सहित ट्रस्ट द्वारा हर महीने के चौथे रविवार को गरीबों को किये जाने वाला मोतियाबिंद ऑपरेशन अब इसी मशीन से किया जाएगा।

**भवन निर्माण विभाग**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना**
**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–68 वर्ष 2023–2024**

इस कार्यालय के अंतर्गत Lift संचालन एवं सम्पोषण कार्य हेतु निर्माता/आपूर्तिकर्ता/अधिकृत एजेंसी/पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदको से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–14.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। सरकारी संस्थानों में कार्य अनुभव प्राप्त संवेदको को प्राथमिकता दी जायेगी। सभी प्राप्त कोटेशन उसी तिथि को अपराह्न 3.30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के सक्षम खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें।

उक्त कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

**कार्य की विस्तृत विवरणी**

| Sl. No. | Name Of work. |
|---|---|
| 1. | Annual Maintenance of all Electrical Equipment (10 Passenger) Lift (G+3) 42 No. Harding Road, Patna for period from March 2024 to February 2025 |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 018138 (BCD) 2023-24

ई0 बलवीर चन्द्र भारती
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–3, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# संत शिरोमणि रविदास के कार्यो को पूरा कर रहे चिराग : लोजपा रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संत शिरोमणि रविदास के कार्यो को चिराग पासवान आज पूरा कर रहें है। संत रविदास ने समाज में व्याप्त विषमता के खाई को पाटने का काम किया था। चिराग पासवान ने आज समाज को जातिवाद के खाई से निकालने के लिए धर्म न जात, करें सब की बात के नारे के साथ काम करना शुरू किया है। यह बात आज लोजपा रामबिलास के राज्य मुख्यालय में आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयंती के पूर्व संध्या पर रविदास सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानंद शर्मा एवं युवा लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान ने कहा कि संत रविदास साहब ने जिस काल खण्ड में अपना काम शुरू किया वह उस समय समाज में रूढ़िवाद,जातिवाद,छुआछूत जैसी सामाजिक कुव्यव्यवस्था विक्राल रूप में था। संत रविदास ने बखूबी समाज को जोड़ने का न सिर्फ प्रयास किया बल्कि रहिम कबीर के विचारों को जोड़कर समाज और देश को नयी दिशा देने का काम किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने किया और संचालन प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव विनय कुमार गुडडू ने किया। समारोह को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, अफरोज आलम, शंकर शर्मा, परमानंद शर्मा, प्रो. विधानचंद भारती, नन्द किशोर शर्मा, जय प्रकाश यादव , अमरदीप जयसवाल,परमात्मा प्रसाद, दिलीप यादव, कुंदन पासवान, सुदीप्त कुमार,दिनेश पासवान, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश भारती, सुरेश पासवान, साहिल पासवान ने संबोधित किया।

# केजरीवाल जेल की धमकियों से डरने वाले नहीं : आप

पटना। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बब्लू प्रकाश एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से एक बयान जारी कर कहा कि जब से दिल्ली में आप और कांग्रेस गठबंधन की खबर आ रही है, तभी से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की तैयारी तेज हो गयी है। ऐसी सूचनाएं आ रही हैं कि आने वाले दो से तीन दिनों में सीबीआई मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है। ऐसी आशंका है कि आज कल में सीबीआई अरविंद केजरीवाल को कोई नोटिस भी भेज सकती है। आप नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को शुरू से ही यह भरोसा था कि आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा, इस बात से वे काफी खुश भी थे मगर जब इन्हें पता चला कि आप और कांग्रेस का गठबंधन होने जा रहा है तो इनकी बेचैनी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने सोमनाथ जैसे पावन स्थल को भी विवाद का कारण बनाया।

# विपक्ष के नेता कर रहे जनता के साथ धोखा : मनोज

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने तेजस्वी यादव की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार आती है जाती है। गठबंधन बनते हैं बिगड़ते हैं। लेकिन, कुछ चीज राजनीति में तय रहती हैं जो समय के साथ होती है। वैसे ही लोकतंत्र का मंदिर कहे जाने वाले विधानसभा में सत्र आयोजित किया जाता है। इन सत्रों में कई बैठकें होती हैं। जिसमें जो जनप्रतिनिधि जीत कर आते हैं वह अपने क्षेत्र की समस्या को, अपने क्षेत्र की दिक्कतों को, सदन में रखते हैं और उस समस्या को सरकार के तरफ से संबंधित विभाग द्वारा ठीक कराया जाता है। उन्होंने तेजस्वी यादव को लोकतंत्र की दुहाई देते हुए कहा कि अभी बिहार विधानसभा बजट सत्र चल रहा है।

# मुख्यमंत्री ने डेस्टिनेशन बिहार- एक्सपो 2024 का किया उद्घाटन

## गांधी मैदान में आयोजित पांच दिवसीय औद्योगिक प्रदर्शनी में 250 इकाईयों का प्रदर्शन



● विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन तथा द कनफेडरेशन ऑफ रियल स्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा गांधी मैदान में आयोजित डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो 2024 कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बैलून उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने औद्योगिक प्रदर्शनी में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों तथा राज्य के विभिन्न विभागों एवं उनके उपक्रमों द्वारा स्थापित किये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉलों पर प्रदर्शित किये गये उत्पाद एवं उसके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। प्रदर्शनी में लगभग 250 इकाईयों द्वारा अपने उत्पाद का प्रदर्शन किया गया है। इसमें राज्य सरकार के भी विभिन्न विभागों तथा उपक्रमों का स्टॉल है, जिसमें बिहार के विकास एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। राज्य के संसाधनों, विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति तथा भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिये 5 दिवसीय औद्योगिक प्रदर्शनी डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो 2024 का आयोजन किया गया है। इस तरह के आयोजन से आनेवाले समय में औद्योगिक निवेश बढ़ेगा और औद्योगिकरण को गति मिलेगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पाँड्रिक, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, बिहार इंडस्ट्रीज ऐसोसिऐशन के अध्यक्ष केपीएस केसरी, एक्सपो आयोजन समिति के अध्यक्ष राम लाल खेतान, एक्सपो आयोजन समिति के उपाध्यक्ष आशीष रोहतगी, नरेन्द्र कुमार, महासचिव गौरव साह, पूर्व कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, उद्योग जगत के उद्यमीगण उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने थाइलैंड में भगवान बुद्ध को प्रार्थनाएं अर्पित की



पटना। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने वाट पो, थाईलैंड में भगवान बुद्ध को प्रार्थनाएं अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र डॉ देववज्राचार्य को दुर्लभ बौद्ध ग्रंथों और साहित्य के 108 खंड भेंट किए। यह उपहार न केवल हमारी साझा बौद्धिक धरोहर को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि हमारे बीच ज्ञान और समझ के विनिमय को भी बढ़ावा देगा।

**बिहार सरकार**

**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1**
**भवन निर्माण विभाग, पटना**
**अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–68 वर्ष 2023–24**
**राजभवन पटना में होने वाले अल्पाहार हेतु**

विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करने हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं, एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले संवेदकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक–27.02.2024 के 10:30 बजे पूर्वाहन तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0 1 एवं 2, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

कोटेशनदाताओं द्वारा क्रम संख्या–3 पर वर्णित कार्य का अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता के साथ अथवा स्वयं स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या या वेवसाइट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

| S.No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | T/L arrangement on the Occassion of Alpahar for Hon'ble Member of Lok Sabha & Rajya Sabha of Bihar and Hon'ble Member of Bihar Vidhan Sabha & Vidhan Parishad at Back Side Lawn of Main Building at Governor House, Patna dt. 27-02-2024 and 28-02-2024 | 2 Days |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1, पटना

PR. No. 018167 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त खबरें

### ज्वेलरी दुकान में चोरी

बोचहा। थाना क्षेत्र के न्यू मार्केट बोचहा स्थित शुभम बर्त्तन भंडार & ज्वेलर्स की दूकान का शटर तोड़कर चोरों ने करीब ढ़ाई लाख की संपत्ति चोरी कर ली। दुकान के संचालक राम नाथ साह ने बताया कि सोना और चांदी के आभूषण जिस की कीमत ढ़ाई लाख के करीब है , को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है।संचालक ने यह भी बताया कि हर रोज की तरह गुरुवार की शाम करीब 7 बजे दुकान बंद करके न्यू मार्केट स्थित अपने आवास पर सोने चला गया। शुक्रवार की सुबह जानकारी मिली की दुकान का शटर खुला हुआ है। आकर देखा तो उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान गायब थे। इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।दलबल के साथ पहुचे एसआई हरेंद्र तिवारी ने संचालक से पूछताछ की। जांच पड़ताल में पता चला कि आभूषण का खाली डब्बा दुकान के पीछे सुनसान जगह पर फेंका हुआ मिला है।थाना से महज पांच सौ मीटर दूरी और मुख्य सड़क किनारे घनी आबादी के बीच चोरी होना कई तरह के सवाल खड़ा कर रहे हैं।

### दहेज प्रताड़ना व पत्नी के गर्भपात का आरोपी गिरफ्तार

महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना व गर्भपात के आरोपी पति को वारिसनगर थाना क्षेत्र के रहुआ से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान वारिसनगर थाना क्षेत्र के रहुआ निवासी तेज नारायण मिश्रा के पुत्र राजेश रौशन के रूप में हुई है। उसके ऊपर दहेज में चार चक्का वाहन की मांग को लेकर पत्नी के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप है। इसमें उसकी पत्नी का गर्भपात हो गया था। इस संबंध में पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना में मामला दर्ज किया गया था। इसमें पीड़िता ने अपने पति, सास और ससुर को भी आरोपित किया था। वहीं इस संबंध में महिला थाना अध्यक्ष पुतुल कुमारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### राजस्व कर्मचारियों की हुई बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को अंचलाधिकारी शीश रंजन की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। राजस्व कर्मचारियों को दाखिल खारिज ऑपरेशन बसेरा जमीन से आधार से लिंक आरटीपीएस के लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर ऋषि कुमार, राकेश, विष्णु कुमार, कंचन कुमार सहित अन्य राजस्व कर्मचारी मौजूद थे।

### प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण अभियान

मधुबनी जयनगर नगर पंचायत प्रशासन ने शहर के मेन रोड में जाम समस्या से निदान को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। ईओ कुमारी हिमानी के नेतृत्व ने नगरकर्मियो ने मेन रोड के सड़को पर दुकानदारो द्वारा दुकान से बढ़ाकर लगाये गये दुकानो से अतिक्रमण हटाकर जुमार्ने की कारवाई किया। साथ ही सड़को पर लगे ठेले फुटकर समेत यत्र तत्र लगे बाइको से भी जुमार्ने की कारवाई किया। ईओ कुमारी हिमानी,एसआई मो.फहीमुद्दीन अंसारी ने दुकानदारों व अतिक्रमणकरियो से अपील किया कि वे सड़को को अतिक्रमण न करे।

# समस्तीपुर मंडल के 9 स्टेशनों का होगा पुनर्विकास, 19 समपार फाटकों पर बनेगा आरओबी व एलएचएस

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



- स्टेशनों के पुनर्विकास पर होगा 121.52 करोड़ खर्च एवं आरओबी व एलएचएस निर्माण पर 755.22 करोड़ रुपए
- अमृत भारत योजना के तहत 26 फरवरी को पीएम मोदी करेंगे इसका शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अमृत भारत योजना के तहत 26 फरवरी को समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत 9 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य व 19 समपार फाटकों के ऊपर एलएचएस व आरओबी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य पर 121.52 करोड़ रुपए व समपार फाटकों के ऊपर आरओबी व एलएचएस निर्माण कार्य पर 755.22 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस संबंध में शुक्रवार को समस्तीपुर रेल मंडल के मंथन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डीआरएम विनय श्रीवास्तव में बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों की भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उन्हें विश्वस्तरीय बनाने को लेकर स्वच्छता, सुरक्षा, प्लेटफार्म का सुधार, बेहतर लैंडस्केपिंग और मजबूत सूचना प्रणाली के साथ-साथ बेहतर व्यापारिक अवसर प्रदान करने का भी लक्ष्य है। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि पुनर्विकास के बाद रेलवे स्टेशन उन्नत यात्री मुविधाओं के साथ तकनीक, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक संगम बनेगा। इसमें अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा जिसका लाभ स्थानीय लोगों को ही मिलेगा। मंडल के अतिव्यस्त 19 समपार फाटकों को चिन्हित करते हुए वहां उपरिगामी पुल के निर्माण की योजना बनाई गई है। इन समपार फाटकों पर एलएचएम व सड़क उपरिगामी पुल का निर्माण पूर्ण हो जाने पर जहां लोगों को सड़क जाम से मुक्ति मिलेगी। वहीं यह रेलगाड़ियों को सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

## गरुआरा चौर में बाइक सवार से हथियार के बल पर 19 हजार 600 की लूट

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिसिया गस्ती को धता बताते हुए अपराधियों ने एक बार फिर से लूट की घटना को अंजाम देना शुरू कर दिया है। ताजा मामला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गरुआरा चौर का है। जहां गुरुवार की रात अपराधियों ने एक बाइक सवार से हथियार के बल पर 19 हजार 600 रुपए और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के सोमनाहा निवासी अमित कुमार झा के रूप में हुई है। बताया गया कि अपराधी पांच-छह की संख्या में थे और सभी हथियार से लैस थे। इस संबंध में पीड़ित अमित कुमार झा ने मुफ्फसिल थाना में शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार वह समस्तीपुर विद्युत विभाग के एसडीओ का वाहन चलाते हैं। गुरुवार रात वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गरुआरा चौर स्थित हनुमान मंदिर के पास पहले से घात लगाए हथियार से लैस अपराधियों ने उन्हें जबरन रोक लिया और उनके साथ लूटपाट किया। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि पीड़ित के शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## बैंक लूट के असफल प्रयास में गार्ड को मारी गोली

### गार्ड से हथियार छीन अपराधी हुए फरार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अपराधियों ने पंजाब नेशनल बैंक में लूट का असफल प्रयास किया। इस दौरान लूट का विरोध करने पर लुटेरों ने बैंक के गार्ड को गोली मार दी, साथ ही गार्ड का हथियार ले अपराधी फरार हो गए। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। वहीं वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी छानबीन शुरू कर दी है। मामला मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के काटी चौक के समीप की है। जहां स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच में आज अचानक दोपहर 5 अपराधी हथियार लेकर बैंक के अंदर प्रवेश कर गए जो मास्क पहने हुए था। जिसका गार्ड ने विरोध किया और मास्क हटाने की बात कही। इसी बात पर अपराधियो ने बैक गेट पर कार्यरत गार्ड को गोली मार दी और बैंक के अंदर प्रवेश कर अंदर अपराधियो द्वारा उत्पाद मचाया जा रहा था। इसी दौरान स्थानीय लोगों को बैंक में लूट होने की भनक लग गई। जिसके बाद तत्काल मौके पर स्थानीय लोग जमा होने लगे जिसकी भनक अपराधियों को लग गई। जिस कारण अपराध कर्मी द्वारा बैंक की राशी लूटने से बच गई और अपराधी वहां से फरार हो गए। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि आज कांटी थाना क्षेत्र के काटी चौक के समीप स्थित एक पंजाब नेशनल बैंक में पांच अपराध कमी बैंक लूट की घटना को अंजाम देने पहुंचे थे। हालांकि वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। इस दौरान अपराधियों के द्वारा गार्ड को गोली मार दी गई है और गार्ड का हथियार लेकर अपराधी फरार हो गए हैं। वहीं घायल गार्ड को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच कर आगे की कारवाई की जा रही है।

## कई कांडों का वांछित अभियुक्त हथियार और मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।पुलिस ने कई कांडों के वांछित अपराधी को हथियार के साथ गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि करजा थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी संदिग्ध परिस्थिति में बैठे हुए हैं। जिसके बाद करजा थाना और जिला सूचना इकाई ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापेमारी की। जहां छापेमारी की भनक लगते ही अपराधी भागने लगे।इसी बीच टीम के द्वारा एक अपराधकर्मी को पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। जिसकी पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र के आकाश कुमार के रुप में हुई है ।जब गिरफ्तार अपराधी की तालाशी ली गई तो उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा और स्मैक की कई पुड़िया को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी से जब थाने पर पूछताछ की गई तो उसने कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। यह जानकारी एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन ने दी है। टीम ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपी आकाश कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## किसान आंदोलन के दमन के विरोध में मनाया काला दिवस ,दिवंगत किसान को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। केंद्र सरकार द्वारा किसान आंदोलन पर किए जा रहे दमन एवं किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के दरम्यान पुलिस की गोली से एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा एवं ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के अखिल भारतीय आह्वान पर आज एआईकेकेएमएस एवं एआईयूटीयूसी द्वारा मुजफ्फरपुर के कल्याणी चौक पर काला दिवस मनाया गया और शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर शहीद किसान शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद वेदी पर माल्यार्पण के बाद ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राज्य सचिव लाल बाबू महतो ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2 साल पहले 700 किसानों ने अपनी कुबार्नी के बल पर किसान विरोधी तीन काले कानून वापस करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार को बाध्य किया। परंतु केंद्र सरकार ने अन्य वायदा जैसे- एमएसपी गारंटी का कानून बनाने, किसानों पर किए गए मुकदमे वापस लेने, शहीद किसानों के परिजनों को मुआवजा देने, जन विरोधी बिजली बिल 2020 को रद्द करने आदि मांगें अभी तक पूरी नहीं की। इन्हीं मांगों को लेकर हरियाणा और पंजाब के किसान जब दिल्ली में जाकर प्रदर्शन करना चाहते हैं तो खुद हरियाणा और केंद्र सरकार दोनों ने मिलकर दिल्ली जाने के मार्गों को कील और कंक्रीट से जाम कर दिया है। इस तरह किसानों को विरोध प्रदर्शन करने के अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया गया है जो गैर लोकतांत्रिक एवं फासीवादी नीति को दशार्ता है। वास्तव में एमएसपी को कानूनी गारंटी देना केंद्र सरकार के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। परंतु वह अडानी - अंबानी एवं बड़े व्यापारी जो अनाज के व्यापार को पूरी तरह से अपने कब्जे में लेना चाहते हैं, मोदी सरकार उनके हित के खिलाफ जाना नहीं चाहती है। इसीलिए वह इस तरह का फासीवादी कदम उठा रही है। लेकिन सरकार चाहे जितना भी दमन कर ले, किसान अपनी शहादत देकर अपनी मांगों को अर्जित कर कर रहेंगे। इस सभा के माध्यम से शहीद किसान शुभकरन सिंह के परिजन को एक करोड़ रूपया का मुआवजा देने एवं उनकी मौत के जिम्मेवार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के गृह मंत्री पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।

## सशस्त्र सीमा बल ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम नशा मुक्त भारत अभियान चलाया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र में गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर के निदेर्शानुसार नागरिक कल्याण कार्यक्रम नशा मुक्त भारत अभियान के तहत वाहिनी मुख्यालय के प्रागण में स्थानीय जनता एवं युवाओं को नशे से दूर रहने हेतु दिल्ली पब्लिक स्कूल जयनगर के बच्चों के साथ वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानो ने जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के गांव के लोगों एवं स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा नशे से दूर रहने के लिए लोगों को सचेत किया। रैली में शामिल स्कूली छात्रों-छात्राओं ने नशा मुक्त रहे बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार, मद्य निषेध हितकारी है बिटिया की बात प्यारी है, अपनी बिटिया करे पुकार पापा मदिरा है बेकार शराब छोड़ा मिली खुशी मुन्ना मुन्नी दोनों खुशी सहित अन्य नारे लगाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया। रैली ने पूरे बाजार का भ्रमण कर रैली वाहिनी मुख्यालय जयनगर से रेलवे स्टेशन जयनगर एवं मुख्य बाजार जयनगर से होते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल जयनगर तक प्रचार करते हुए संपन्न कराई गई। विवेक ओझा उप कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने छात्र छात्राओं, एस एस बी जवानों एवं महिला विकास मंच के प्रतिनिधियों ने नशे के दुष्परिणामों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि भांग अफीम चरस हेरोइन गांजा नशे की गोलियां एवं नशे के टीके आदि का नशा युवाओं को भीतर से खोखला कर रहा है और इसे जड़ से खत्म करना बहुत जरूरी है । कार्यक्रम के अंत में विवेक ओझा उप कमांडेंट प्रचालन द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए करते हुए कहा की मोबाइल का भी नशा आजकल बच्चों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं में बड़ी तीव्रता से फैल रहा है जिसका प्रभाव बच्चों की आंखों पर और उनकी मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है अतः बच्चों को जरूर से ज्यादा मोबाइल न चलाने की सलाह दी । और नशे की लत से होने वाली भिन्न-भिन्न प्रकार की बीमारियों के प्रति जागरूक किया एवं उपस्थित सभी छात्र- छात्राओं को नशा न करने व नशे के खिलाफ प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई और और बच्चों को अपने घर में जाकर अपने परिवार के सदस्यों एवं आसपास के लोगों को नशा न करने की सलाह देने को कहा गया।

## ममता कार्यकर्ता की इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत, ममता कार्यकताओं ने सदर अस्पताल में किया हंगामा



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर सदर अस्पताल में कार्यरत एक ममता कार्यकर्ता की इलाज के दौरान पीएमसीएच में गुरुवार को मौत हो गई। मृतका पिछले कई वर्षों से सदर अस्पताल में कार्यरत थी। उसकी पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के तिसवारा हरलोचनपुर के जितेंद्र राम की पत्नी रीता देवी के रूप में हुई है। पिछले 14 फरवरी को ड्यूटी के दौरान सदर अस्पताल में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। परिजनों के अनुसार पिछले कई महीनो से शरीर में संक्रमण की समस्या से जूझ रही थी। गुरुवार के शाम पटना से शव पहुंचने के बाद ममता कार्यकताओं ने उसका शव लेकर सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष के सामने मृतका के आश्रितों को सरकारी नौकरी व मुआवजा देने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। हेल्थ मैनेजर विश्वजीत रामानंद ने आक्रोशित ममता कार्यकताओं को समझा-बुझाकर आश्वासन देते हुए उन्हें शांत करवाया।

## बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को दी विदाई



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता रमन कुमार के स्थानांतरण अररिया हुई हैं। तो वहीं नए कार्यपालक अभियंता के रूप में मनोज कुमार ने अपना पदभार ग्रहण किया हैं।कार्यपालक अभियंता के जयनगर स्थित कार्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता रमन कुमार को मिथिला पेंटिंग एवं पुष्प माला पहना कर विदाई की रस्म की गई। जबकि कार्यक्रम में नव पदस्थापित कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार का भी मिथिला पेंटिंग एवं पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभाग के अभियंता एवं कर्मियों ने स्थानांतरित कार्यपालक अभियंता के कार्यकाल की सराहना की। विभाग में किए गए कई अच्छे कार्यों की चर्चा करते हुए कहा गया कि कार्यपालक अभियंता के सहयोगात्मक रवैये के कारण ही विभाग ने लक्ष्य को प्राप्त किया।

## तेजस्वी यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राजद की बैठक

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक चौक कापन स्थित एक निजी परिसर में शुक्रवार को राजद कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार यादव कर रहे थे। बैठक में आगामी 25 फरवरी को पूर्व उप मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की समस्तीपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बिहार की पलटीमार सरकार के नाकारात्मक कार्यों और जनता में अविश्वास समेत महंगाई, बेरोजगारी व आमजनों की समस्याओं समेत महागठबंधन के नेतृत्वकर्ता तेजस्वी यादव के विगत 17 महीने में किए गए विकासात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसकी तैयारी और नेता प्रतिपक्ष के प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ता संकल्पित हैं। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो, श्याम किशोर कुशवाहा, डॉ रामाशीष यादव, मनोज कुमार कुशवाहा, नंदकिशोर यादव, तिलो यादव, जनौस नेता बबलू कुमार, संतोष सिंह, जासीम, विकास कुमार, डॉ प्रमोद कुमार, रामजी प्रसाद मंडल, रंजीत कुमार, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष आदि मौजूद उपस्थित थे।

## मौसम रहेगा शुष्क, तापमान में होगी वृद्धि

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में बादल छाए रहने के बाबजूद अगले 5दिनों तक मौसम के शुष्क रहने की सम्भावना है।इस दौरान दिन और रात के तापमान में वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया गया है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 24से 28फरवरी तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 25.4 एवं 11.0 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 54 प्रतिशत, हवा की औसत गति 5.7 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.0 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 8.2 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 13.0 एवं दोपहर में 29.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 3.8 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई। 24-28 फरवरी तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार,उत्तर बिहार के जिलों में पूवार्नुमानित अवधि में आसमान में हल्के बादल आ सकते है। आमतौर पर मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। दिन एवं रात के तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। अधिकतम तापमान के 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।औसतन 6-8 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि अगात आलू की तैयार फसल की खुदाई करें। आलू की फसल जो कृषक बंधु बीज के लिए रखना चाहते हैं उसकी ऊपरी लत्तर की कटाई कर दें।गरमा मक्का की बुआई के लिए वैसी निचली भूमि का चयन करें जहाँ सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित हों। गरमा मक्का की बुआई करें। रबी मक्का की धनबाल व मोचा निकलने से दाना बनने की अवस्था वाली फसल में पर्याप्त नमी बनाए रखें।

## विद्यालयों को छोड़कर डीइओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे शिक्षक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



- समस्तीपुर में केके पाठक के आदेश की उड़ायी जा रही हैं धज्जियां

समस्तीपुर जिले के शिक्षा भवन में इन दिनों शोरगुल बढ़ गया है। लोगों की भीड़ लगी रहती है। इतने लोग जमा हो रहे हैं कि तिल धरने की भी जगह नहीं रहती। कार्यालय का आकार छोटा पड़ रहा है। शिक्षा भवन के बाहरी परिसर में भी भीड़ लगी रहती है। यह भीड़ नियोजित शिक्षकों की है।

व्यवस्था का दोष ऐसा है कि शिक्षकों को विद्यालय छोड़कर डीइओ कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सक्षमता परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराने का आदेश दिया गया है। राज्य के मुख्य शिक्षा सचिव केके पाठक का आदेश है कि ये सारे काम विद्यालयों के कार्यकाल के बाद संपादित किये जायेंगे। आदेश यहां तक है कि बीपीएससी परीक्षा से चयनित होकर आये हुए शिक्षकों के अंगूठे की चिह्न जांच भी विद्यालय में सेवा देने के बाद होगी।

इस हेतु निजी एजेंसियों को लगाया गया है। ये एजेंसियां जिला स्तर पर शिविर लगा रही हैं। जांच करने वाले कंप्यूटर आपरेटरों की संख्या इतनी कम रहती है कि सुबह से लगी हुईं लंबी कतारें दिनभर कायम रहती हैं। जो शिक्षक फिंगर प्रिंट वेरिफिकेशन के लिए बच गये थे।

वैसे सभी शिक्षकों को बीते शनिवार को बुलाया गया था। जिले भर के ऐसे सभी शिक्षक स्थानीय बीआरसी में जुट गए थे। ये सभी सरकारी शिक्षक विद्यालयों को छोड़कर सुबह ही में आ गए थे। उस पर एक खास बात यह भी थी कि उसी दिन उन्हें एसटीईटी का रिजल्ट कार्ड लेने के लिए कोरबद्धा के संत कबीर कालेज में बुलाया गया था।

शिक्षक उस दिन अपने विद्यालय में हाजिरी बनाकर अपने प्रधानाध्यापक के साथ जिला मुख्यालय में बने रहे। इधर फिर केके पाठक के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

सक्षमता परीक्षा के प्रवेश पत्र के लिए अभ्यर्थियों को विद्यालय छोड़कर डीइओ कार्यालय में जमा होना पड़ रहा है । शिक्षा भवन में इसके लिए सिर्फ चार काउंटर बनाए गए हैं। आदेश यह था कि ये प्रवेश पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराने के बाद वितरण हेतु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराये जायेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शिक्षक दिन भर विद्यालय छोड़कर डीइओ कार्यालय में खड़े रहते हैं। इससे छात्रों के पठन-पाठन पर बुरा असर पड़ रहा है।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर सीपीआईएम ने दिया धरना



कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

अखिल भारतीय खेतिहर मजदूर यूनियन ने प्रखंड पर विभिन्न मांगों को लेकर एक विशाल प्रदर्शन किया गया। मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खेत मजदूर यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मुन्ना ने किया। वहीं संचालन विष्णु देव शर्मा ने किया। जिसमें मुख्य रूप से कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत बरहेता पंचायत में शांति नदी में बसे हुए लोगों को जमीन से बेदखल ना किया जाए। शांति नदी में बसे लोगों को जमीन का कागजात एवं शेष भूमि का बंदोबस्ती अविलंब कराया जाए। वहीं मनरेगा में 200 दिन काम और 600 मजदूरी तथा बचे हुए मजदूरों को जॉब कार्ड बनाने की मांग की गई। वहीं बासुदेवपुर पंचायत के वासगीत परचाधारी उत्तम दास पिता स्वर्गीय भिखर दास एवं अन्य के जमीन पर दखल कब्जा करने की मांग की गई। वहीं वक्ताओं ने एक स्वर में कहा राज्य की वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। प्रखंड और अचल दलालों से घिरा हुआ है। पिछड़ा दलित और गरीबों के काम सरकारी फाइलों में सिमट कर रह गई है। इसलिए हमारी मांगों पर अभिलंब विचार करते हुए करवाई किया जाए नहीं तो इससे बड़ा आंदोलन भारत के कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के द्वारा कल्याणपुर की धरती पर खड़ा किया जाएगा। सभा को मुख्य रूप से राघवेंद्र कुमार यादव, लाल प्रसाद, भोला राय, एसएमए इमाम, मनोज कुमार गुप्ता, राम सागर पासवान, भारत के कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री राम श्री महतो, उमेश शर्मा इत्यादि लोगों ने संबोधित किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी एव अंचला अधिकारी कल्याणपुर ने प्रतिनिधि मंडल से मिलकर सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## शराब कांड के आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पतैलिया वार्ड 02 निवासी स्वर्गीय सीताराम सिंह के पुत्र शुभम कुमार उर्फ मन्नू को पुलिस ने शराब कांड के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि 29 जनवरी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुभम कुमार उर्फ मन्नू के घर एवं घर से 50 मीटर की दूरी पर एक खंडहरनुमा घर से पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया था।जिसमें धंधेबाज शुभम अपने सहयोगी के साथ फरार हो गया था।स्थानीय चौकीदार के पहचान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान शुभम कुमार उर्फ मन्नू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त बात की जानकारी थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराबी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

सौरबाजार/ सहरसा- थाना क्षेत्र के हनुमान नगर से पुलिस ने एक व्यक्ति को नशे की हालत में गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक शराबी हनुमान नगर में यज्ञस्थल के समीप हंगामा कर रहा है। जिससे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शराबी की पहचान मधेपुरा जिले के मधेपुरा थाना अंतर्गत आदर्श नगर निवासी प्रभु स्वर्णकार के पुत्र जगन्नाथ कुमार के रूप में की गई है।

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

सौरबाजार/सहरसा- थाना क्षेत्र के हनुमान नगर से पुलिस ने दो युवक को 14 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर हनुमान नगर से दो युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 14 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान हनुमान नगर निवासी विवेक कुमार एवं राजा बाबू के रूप में की गई है। दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बछोर में दो दिवसीय दीनाभद्री मेला का होगा आयोजन

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के महुआ उत्तरवाडी पंचायत अन्तर्गत बछोर गांव में आयोजित दो दिवसीय बाबा दीनाभद्री मेले का आयोजन किया जाएगा।आयोजित दो दिवसीय मेले को लेकर कमिटी के अध्यक्ष जदयू नेता प्रमोद सादा ने बताया कि 24 फरवरी को भव्य कलश व शोभायात्रा झांकी एवं प्राण प्रतिष्ठा होगा।और 25 फरवरी को 2 बजे दिन में मेला का उद्घाटन मानीय सांसद दिनेश चन्द्र यादव एवं मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री डा रमेश ऋषिदेव ,हम नेता रामचरित्र सदा एवं अन्य जनप्रतिनिधि के द्वारा किया जाएगा। मेला का तैयारी पूरी कर ली गई है। ज्योति भारती एव गणेश भारती एवं अन्य कलाकार के द्वारा बाबा दिनाभद्री के जीवनी पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा।

# सड़क दुघर्टना में चार की मौत, दो घायल, घायलों की स्थित भी नाजुक

● एक बाइक पर सवार थे तीन तीन लोग संतुलन बिगड़ने के कारण हुई आमने सामने कि भीषण टक्कर



प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज थाना अंतर्गत के बुधमा ओपी क्षेत्र के बैजनाथपुर रमजीया वासा के समीप मुख्य सड़क पर बाइक के आमने-सामने हुई टक्कर में चार की मौत हो गई है तो वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। तत्काल घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हरैली में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ एके मिश्रा ने मधेपुरा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि बुधमा गांव में राम धुनी देखकर एक बाइक पर चार लोग सवार होकर संध्या करीब सात बजे अपने घर बैजनाथपुर गोरपारा गांव लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक पर दो युवक सवार आमने-सामने जोड़ दार टक्कर मार दिया जिससे दो युवक व बच्चा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई बल्कि वहीं दो गंभीर रूप से घायलों का इलाज के दौरान उदाकिशुनगंज सामुदायिक केंद्र स्थित हो गई है।गंभीर रूप से घायल सख्स को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।मरने वालों में सुमित कुमार (22 वर्ष), सुभाष राम (25 वर्ष), संजय राम की दस वर्षीय बेटी और सुभाष राम का बेटा (11 वर्ष) शामिल है बताया जा रहा है कि घायलों में सोनू कुमार 25 वर्ष और रिशु कुमार (10 वर्ष) जिंदगी और मौत से जूझ रहा है इनकी भी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद खुद एसडीपीओ अविनाश कुमार तथा स्थानीय थाना की पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है ,बहरहाल मृतक की पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मधेपुरा भेजा गया।

# मधेपुरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, भारी मात्रा में हथियार और जिंदा कारतूस के साथ दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

● पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चौसा के धुरिया गांव से किया गिरफ्तार, गिरफ्तार आरोपी पर है पूर्व से हीं आधे दर्जन से अधिक अपराधिक मामला दर्ज



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता हथियार तस्करी के मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात हथियार तस्कर ललित मंडल और अनिल मंडल को किया गिरफ्तार,पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से 6 देशी कट्टा एक मास्केट,एक मोबाइल और 15 जिंदा कारतूस बरामद भी किया बरामद. बता दें कि मधेपुरा एसपी संदीप कुमार के निर्देशन तथा उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में चौसा पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई। दरअसल गिरफ्तार अपराधी ललित मंडल वर्ष 2019 के दौरान भी हथियार तस्करी के मामले में जेल जा चुके हैं इनकी अपराधिक इतिहास पूर्व से हीं है गिरफ्तार अपराधी पर रंगदारी हथियार तस्करी और लेवी जैसे कई संगीन मामले दर्ज है। पुलिस के मुताबिक मधेपुरा और सीमावर्ती इलाका नौगछिया, भागलपुर,खगड़िया आदि जगहों पर हथियार सप्लाई करने का भी आरोप है । वहीं इस मामले को लेकर मधेपुरा एसपी संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसका त्वरित अवलोकन कर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने चौसा थाना क्षेत्र के धुरिया गांव से कुख्यात ललित मंडल और अनिल मंडल को गिरफ्तार किया गया है वैसे हम लोगों ने जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान भी चला रहे हैं और अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान भी चल रहा है इसी कड़ी में मधेपुरा पुलिस को ये बड़ी सफलता हासिल हुई है,उन्होंने कहा कि जो पुलिस और पुलिस अधिकारी अच्छे कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा तथा जिनके विरुद्ध शिकायत मिलेगी उन पर कार्रवाई भी होगी।

# वासुदेव बाबू बहुत ही कर्मठ एवं ईमानदार प्रवृति के थे:संसद दिनेश चन्द्र यादव



प्रात: किरण, संवाददाता

चौसा, मधेपुरा चौसा निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक वासुदेव प्रसाद गुप्त के निधनोंप्रान्त मधेपुरा संसद दिनेश चन्द्र यादव मातमपुर्सी के लिए पहुंचे।वे आज उनके निवास स्थान पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया और वासुदेव बाबू के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गहरा शोक संवेदना व्यक्त की संसद श्रीयादव ने कहा कि स्वर्गीय वासुदेव बाबू बहुत ही कर्मठ एवं ईमानदार प्रवृति के थे। शिक्षा जगत में उन्होंने काफी योगदान दिया। उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति हमेशा जागृत किया। अपना जीवन शिक्षा सेवा में व्यतीत कर दिया। जिला सांसद प्रतिनिधि प्रो बिजेंद्र नारायण यादव ने कहा कि स्व वासुदेव बाबू सामाजिक व्यक्ति थे। उन्होंने हमेशा समाज के विकास के लिए काम करते रहे। उनके निधन से समाज ने एक मजबूत स्तंभ खो दिया।बाबा विशु राउत इंटर महाविद्यालय चौसा के प्राचार्य प्रो सुरेश प्रसाद साह ने कहा कि वे हमारे अभिभावक रहें उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।वे हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे,उनका जाना मेरे लिए बहुत बड़ी शून्यता हैं जो कभी भरपाई नहीं हो सकती। दिवंगत वासुदेव बाबू के द्वय पुत्र प्रधानाध्यापक गौतम कुमार गुप्त,समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता विदुर जी, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रो बिजेंद्र नारायण यादव सांसद प्रतिनिधि कुंदन कुमार बंटी, प्रो मनोज कुमार यादव, युवा समाजसेवी मनौवर आलम,अशोक कुमार, जदयू नेता गोपाल यादव, प्रखंड युवा अध्यक्ष नितिन कुमार गांधी,सदाब आलम,पूर्व सरपंच संतोष भगत, मिथिलेश कुमार,जदयू नेता कैलाश पासवान, नवल किशोर नवाब, संजय कुमार संजू,सुभाष चौधरी, आलमनगर के जदयू प्रखंड अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,जदयू प्रदेश सलाहकार समिति के सदस्य प्रो सुजीत मेहता समेत दर्जनों जदयू कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# किसानों पर युद्ध जैसा हमले के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया काला दिवस, किया घोर निंदा, आक्रोश व्यक्त

● 26 फरवरी को मानसी में निकाला जाएगा ट्रैक्टर मार्च, खगड़िया का किसान राष्ट्रीय आंदोलन को करेगी समर्थन, लेंगे भाग : किरण देव यादव




प्रात: किरण, संवाददाता

खगड़िया। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश नेता सह देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने प्रेस मीट में कहा कि मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर शंभू - खरौनी बॉर्डर पर जनतांत्रिक तरीके से आंदोलनरत किसानों पर युद्ध जैसा हमला करने एवं कोर्ट के आदेश के बावजूद दिल्ली कूच करने पर रोकने, विभिन्न प्रकार का तानाशाही हथकंडा अपनाने, अपने ही देश के अन्नदाता किसानों एवं बेरोजगार नौजवानों पर लाठी गोली चलाने - आंसू गैस व रबड़ की गोली दागने के खिलाफ देशव्यापी काला दिवस मनाया गया। तथा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसानों नौजवानों पर हो रही दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई की घोर निंदा किया। श्री यादव ने कहा कि पूरे देश एवं दुनिया में वैश्विक किसान आंदोलन शुरू हो चुका है। कहा कि सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दायरे में लाने के सवाल को लेकर आंदोलन छिड़ चुका है। आज भारत का किसान आंदोलन पूरे देश व दुनियां में अपने पूंजीपति परस्त सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर चुकी है , वैश्विक आंदोलन तेज हो चुकी है, जो ऐतिहासिक क्षण है। श्री यादव ने कहा कि एसकेएम के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर देश बचाओ अभियान एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ का संयुक्त बैनर तले 26 फरवरी 24 को मानसी में ट्रैक्टर मार्च निकाल कर केंद्र सरकार के तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद किया जाएगा तथा 8 मार्च को किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता डॉक्टर कमल किशोर यादव, देश बचाओ अभियान के महासचिव उमेश ठाकुर संयोजक मधुबाला, सचिव धर्मेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव लालमणि सदा, सहसचिव राम सुचित पासवान, कोषाध्यक्ष कालेश्वर ठाकुर, प्रवक्ता गुड्डू ठाकुर, चंद्रशेखर मंडल आदि ने काला दिवस मनाते हुए अन्नदाता किसानों बेरोजगारों नौजवानों पर हमले की घोर निंदा किया। किसान नेताओं ने कहा कि पूंजीपतियों को कालीन बिछाने तथा धर्मांधता का पराकाष्ठा पत्थर की मूरत पर फूल बरसाने वाली मोदी सरकार अन्नदाता किसानों नौजवानों बेरोजगारों पर लाठी गोली बरसा रही है, सड़कों पर बिछाई जा रही एक-एक कील भाजपा आरएसएस मोदी की सरकार के ताबूत का कील साबित होगी।

# वित्त पदाधिकारी ने किया योगदान



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा आर. एम. कॉलेज, सहरसा में अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ललित नारायण मिश्र ने शुक्रवार को बीएनएमयू के वित्त पदाधिकारी के रूप में योगदान किया। इनकी नियुक्ति राज्यपाल सचिवालय, बिहार राजभवन, पटना के पत्रांक- बीएसयू (एफओ-एलएनएमयू)- 07/2024- 312/रा. सं.(1), दिनांक-21.02.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि के की गई है। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजूम, विकास पदाधिकारी प्रो. ललन प्रसाद अद्री, बीएओ डॉ. अरूण कुमार झा, उपकुलसचिव (पंजीयन) दीनानाथ मेहता, उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. अशोक कुमार सिंह, ई. रीतेश प्रकाश आदि उपस्थित थे। उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि डॉ. मिश्र ने वर्ष 1983 में आर. एम. कॉलेज, सहरसा में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था और वे वर्ष 1994 में एसोसिएट प्रोफेसर बने हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. मिश्र ने महाविद्यालय में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाया है। वे वर्ष 2017 से महाविद्यालय में आईक्यूएसी समन्वयक की जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। साथ ही वे रुसा के समन्वयक (2013), बीसीए के समन्वयक (2014) एवं प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक (वर्ष 2013) के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। वे महाविद्यालय के अर्थपाल (9 वर्ष), एनएसएस समन्वयक (15 वर्ष), क्रीड़ा परिषद् का अध्यक्ष (6 वर्ष) भी रहे हैं। इसके अलावा वे वर्ष 2023 से एच. पी. एस. कॉलेज, निर्मली के विकास समिति के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि भी हैं।

# चोरों ने किया चोरी पुलिस को अभी तक नहीं मिला सुराग



प्रात: किरण, संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के खजुराहा गांव में अज्ञात चोरों के द्वारा गुरुवार की देर रात सुनसान दो घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चार माह के भीतर सेना के एक हवलदार के घर में दुबारा चोरी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैला दिया है। और एक रात ही दो घरों में हुई चोरी की घटना से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत फैल गया है। घटना की सुचना मिलते ही सोनवषार्राज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर आवश्यक छानबीन में जुट गए। अज्ञात चोरों द्वारा जिस घर में दुबारा चोरी की घटना को अंजाम दिया है।वो दोनों भाई गृहस्वामी फौजी हेमंत कुमार मिश्रा जम्मू कश्मीर में हवलदार के पद पर तैनात हैं।जबकि दूसरा भाई दुष्यंत कुमार मिश्रा मुम्बई में निजी कंपनी में कार्य करता है।वहीं दूसरी तरफ अज्ञात चोरों ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय में एएसआई पद पर तैनात सुजीत रंजन झा के सुनसान घर को निशाना बनाकर।लाखों की सामानों की चोरी कर ली गई।घटना की जानकारी शुक्रवार की अहले सुबह लोगों को मिली।और देखने वाले लोगों की भीड़ जुटने लगी। घर के अंदर सभी सामान बिखरा हुआ था। जबकि घटना के बाद पिडित हवलदार हेमंत झा ने बताया कि चार माह में दूसरी चोरी घर में हुई है।जबकि सुजीत रंजन झा ने बताया कि नगदी व जेवरात घर में नहीं था।देखने के बाद ही पता चल पाएगा कि सामान की कितने चोरी हुई है। मालूम हो कि हवलदार के घर जहाँ बीते 4 नवबंर कि रात को भी चोरों द्वारा चोरी की घटना का अंजाम देकर करीब दस लाख के जेवरात सहित नगदी कि चोरी की गई थी। वहीं सुजीत रंजन झा के यहाँ वर्ष 2020 में चोरी की घटना घटी थी। उस मामले की अबतक पुलिस द्वारा उद्भेदन भी नहीं किया जा सका था चोरों ने दूसरी चोरी की घटना को अजाम देकर सोनवर्षा राज थाने को चूनौती दे डाला है।घटना के बाबत सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# रामायण श्लोकों के रामचरित मानस चौपाई के पारुक में : निशि दीदी

प्रात: किरण, संवाददाता



सौरबाजार/सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के राम जानकी ठाकुरबाड़ी कंचनपुर कचरा वार्ड नंबर 9 में सार्वजनिक सहयोग से 9 दिवसीय श्री श्री 108 महा विष्णु यज्ञ का आयोजन किया गया है। चित्रकूट धाम बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश से पधारी मानस निशि दीदी जी अपने मुखारविंद से रामचरितमानस की पावन श्री राम कथा का वाचन कर रही है। प्रथम दिवस ग्राम में शोभा यात्रा के साथ ग्रंथ पूजन करके स्वागत के साथ कार्यक्रम स्थल पर ग्राम के लोगों द्वारा कथा वाचिका का स्वागत किया गया। कथा के पांचवें दिन गुरुवार को मानस सेविका भगवान श्री निशि दीदी जी ने रामचरितमानस के अनेक प्रसंगों को रोचक तरीके से बताया। उन्होंने बताया कि रामायण को श्लोकों के प्रारूप में लिखा गया हैं। जबकि रामचरितमानस को चौपाई प्रारूप में लिखा गया है। रामायण भगवान राम और उनकी यात्रा की मूल कहानी है। रामचरितमानस रामायण का मूल मंत्र है। कथा के बीच कई लोक कथाओं के माध्यम से जीवन में अच्छाइयों को स्वीकार करने का आह्वान किया साथ ही तन मन धन बर्बाद करने वाली नशा,मंदिरा,व्यसन जैसी चीजों को त्यागने का संकल्प दिलाया। शिव, पार्वती विवाह प्रसंग ,सती जी की कथा के साथ जीवन में परमार्थ के बारे में चौपाइयों के सुंदर वर्णन करते हुए रसपान करा रही है। महा विष्णु यज्ञ में तन मन धन से सहयोग कर रहे स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि साहेब कुमार, पूर्व समिति प्रतिनिधि बबलू कुमार शाह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता लगे हुए थे।

# भाकपा माले के कार्यकत्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर किया प्रदर्शन

● प्रखंड व अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का है केंद्र बिंदु : मुकेश



प्रात: किरण, संवाददाता

नवहट्टा/सहरसा। भाकपा माले के कार्यकताओं ने नवहट्टा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर गरीबों को वास-आवास, राशन-रोजगार, पेंशन, बिजली, पानी और शिक्षा-स्वास्थ्य के लिए एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया और मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ को सौंप कार्रवाई की माँग की। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व माले युवा नेता कुंदन यादव, एक्टू जिला सचिव मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, अफसाना प्रवीण, विलक्षण शर्मा, छोटेलाल पासवान आदि नेताओं ने किया। मौके पर सम्बोधित करते हुए माले युवा नेता कुंदन यादव ने कहा कि आज केंद्र की मोदी व राज्य की नीतीश सरकार के शासनकाल में दलित-गरीबों के साथ अन्याय व दमन लगातार बढ़ता जा रहा है इसके खिलाफ लड़ने वाले मुखर आवाज को दबाने की साजिश कर रही है आज आजादी के दशकों बाद भी दलित गरीबों को रोजी-रोटी, वास-आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रहने हेतु 5डिसमिल जमीन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है जो केंद्र व राज्य सरकार के लिए शर्मनाक विषय है। और उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के शासनकाल में पुरे बिहार में अफसरों की मनमानी सातवें आसमान पर है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बेहद ही खतरनाक है इसके खिलाफ बिहार की जनता लड़ाई लड़ेगी और तानाशाही नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। वही एक्टू जिला सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है प्रखंड में गरीब-मजदूरों का कोई काम नहीं हो पाता है हर विभाग में दलालों व बिचौलिया हावी है इसपर सरकार को लगाम लगाने की जरुरत है और उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी ने आम जनता में हाहाकार की स्थिति पैदा कर दी है मोदी सरकार मजदूरों को गुलाम बनाने पर तुली हुई है अंत में 27फरवरी को सहरसा के स्टेडियम परिसर और 03मार्च को पटना के गाँधी मैदान में जन विश्वास रैली में भाग लेने की अपील की। मौके पर माले नेता सुभांकर यादव, मनरेगा मजदूर सभा के जिला सचिव रमेश शर्मा, सागर कुमार शर्मा, संजय मुखिया, दुलारचंद सादा, समसुल खान, भूलकुन देवी, जयपाल सादा, बबीता देवी, मीरा देवी, बेचनी देवी सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

# मुखिया से राजनीतिक की शुरूआत कर विस उपाध्यक्ष तक पहुंचे नरेंद्र




प्रात: किरण, संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर विधानसभा क्षेत्र से 1995 में जनता दल से पहली बार विधायक बने और उसके बाद जनता दल यूनाइटेड से लगातार नरेंद्र यादव अब तक विधायक बनते रहे हैं। 1995 से अब तक सात बार लगातार विधायक चुने गए। जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव गुरुवार को विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इनका निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना तय माना जा रहा है। महेश्वर हजारी के इस्तीफा देने के बाद उपाध्यक्ष का पद खाली हुआ है। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरने के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे हुए निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बेहतर समन्वय के साथ सदन का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति उन्होंने आभार जताया। नरेंद्र नारायण यादव का राजनीतिक सफर पुरानी प्रखंड अंतर्गत कुरसंडी पंचायत के बाला टोल निवासी नरेंद्र नारायण यादव का राजनीतिक सफर पंचायत की राजनीतिक से प्रारंभ होकर प्रमुख से लेकर जिला जनता दल के जिला अध्यक्ष विधायक मंत्री और अब विधानसभा उपाध्यक्ष तक पहुंच चुके हैं। जेपी आंदोलन के दौरान पॉलिटिक्स में आए नरेंद्र नारायण यादव एक लंबे संघर्ष और मेहनत के बाद 1995 में हुए आलमनगर से पहली बार विधायक के सदस्य चुने गए। पहली बार 2005 में उन्हें मंत्री बनाने का मौका मिला और नीतीश सरकार में हुए ग्रामीण कार्य मंत्री बनाए गए। जदयू के शरद यादव के करीबी माने जाते थे। अपनी कार्य कुशलता से आम जनों पर ऐसी छाप छोड़ी की अब तक निरंतर विधायक बनते रहे हैं। 73 वर्ष या नरेंद्र नारायण यादव साफ और ईमानदार छवि के नेता रहे हैं। इन पर कभी किसी तरह का आरोप नहीं लग सका है ये विवादों से हमेशा दूर रहे हैं। मुखिया से प्रारंभ राजनीतिक सफर प्रमुख व जिला जनता दल के जिला अध्यक्ष होते हुए विधानसभा तक पहुंचे अब तक सात बार लगातार विधायक चुने गए नरेंद्र यादव। जेपी आंदोलन से प्रारंभ राजनीतिक सफर में शरद यादव के करीबी नेता माने जाते थे नरेंद्र नारायण यादव। जदयू कार्यकताओं में उमंग व उत्साह और खुशी देखा जा रहा है।


## बिहार सरकार

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन प्रमंडल उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 07.03.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.03.2024 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य की विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (केवल (ओ–ग्रास) के माध्यम से) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S/R to campus development, outer surface and chajja in Block no. 15 at Adalatganj, Patna for the year 2023-24 | 432469.00 | 8700.00 | 750.00 | 02 माह |
| 2 | S/R to 4th grade flat no. 07, block no. C at Adalatganj (Near Pond), Patna for the year 2023-24 (Including Kitchen tiles work) | 136134.00 | 2800.00 | 500.00 | 02 माह |
| 3 | S/R to 4th grade flat no. 01, block no. C at Adalatganj (Near Pond), Patna for the year 2023-24 | 106296.00 | 2200.00 | 500.00 | 02 माह |
| 4 | S/R to Flat No. 542/800 at LBS Nagar, Patna for the year 2023-24 (Kitchen & Bathroom tiles, kitchen slab) | 187551.00 | 3800.00 | 500.00 | 02 माह |
| 5 | S/R to PCC work, drain of Block no. 05 and campus development at LBS Nagar, Patna for the Year 2023 -24 | 189724.00 | 3900.00 | 500.00 | 02 माह |
| 6 | S/R to PCC work, drain of flat No. 541 and campus development at LBS Nagar, Patna for the Year 2023 -24 | 320830.00 | 6500.00 | 750.00 | 02 माह |
| 7 | S/R to 4th grade flat no. 02, block no. C at Adalatganj (Near Pond), Patna for the year 2023-24 (Including Tiles work) (Change of occupancy) | 105790.00 | 2200.00 | 500.00 | 02 माह |
| 8 | Supply of signage for No red spots (open spitting) yellow spots (open urination) & name board hanger for different places of Hon'ble High Court, Patna for the year 2023-24 | 169024.00 | 3400.00 | 500.00 | 02 माह |
| 9 | S/R to drain, drain cover and footpath near back side of compound wall in residence no. 3 at Birchand Patel Path, Patna for the year 2023-24 (Occupied by Hon'ble Judges Residence) (Change of Occupancy) | 969620.00 | 19400.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 10 | Renovation of servent Quarter in residence no. 3 at Birchand Patel Path, Patna for the year 2023 -24 (Occupied by Hon'ble Judges Residence) (Change of Occupancy) | 1495578.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 11 | S/R to bathroom and modular kitchen in Residence no. 24 at Harding Road, Patna for the year 2023-24 (Change of Occupancy) | 1150163.00 | 23100.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 12 | S/R to Hollow section pipe framing in compound wall in Residence No. 20/M at Strand Road, Patna for the year 2023-24 (Change of Occupancy) (Occupied by Hon'ble Mr. Justice Sri Sunil Dutta Mishra) | 1413103.00 | 28400.00 | 2500.00 | 02 माह |
| 13 | S/R to Repairing, painting, raising of floor and PCC in Flat No. 2, 4 and 14 (Khaparposh)in the campus of Patna High Court , Patna for the year 2023-24 | 263255.00 | 5400.00 | 750.00 | 02 माह |
| 14 | S/R to Flat No. 568/800 at LBS Nagar, Patna for the year 2023-24 (Kitchen Slab, Kitchen & Bathroom tiles) | 197889.00 | 4000.00 | 500.00 | 02 माह |
| 15 | S/R to Flat No. 563/800 at LBS Nagar, Patna for the year 2023-24 (Repairing and Kitchen & Bathroom tiles) | 213176.00 | 4300.00 | 500.00 | 02 माह |
| 16 | S/R to Repairing, painting in Flat No. 10, Block-A in the campus of Patna High Court , Patna for the year 2023-24 | 67774.00 | 1400.00 | 500.00 | 02 माह |
| 17 | S/R to flat no. 31, block no. C in the campus of Patna High Court, Patna for the year 2023-24 | 78704.00 | 1600.00 | 500.00 | 02 माह |
| 18 | S/R to roof treatment Flat No. 06, Block No. 02 at Adalatganj, Patna for the year 2023-24 | 99918.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 माह |

PR. No. 018105 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सम्पादकीय

## मराठा आरक्षण के बावजूद

मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है।महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए विधानसभा से विधेयक पारित करा लिया है। यह प्रावधान इस रूप में किया गया है, जिससे ओबीसी समुदाय नाराज ना हो। मराठा संगठन ओबीसी श्रेणी के अंदर आरक्षण मांग रहे थे, लेकिन राज्य सरकार ने उनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया है। इस तरह ये आरक्षण 50 प्रतिशत की उस सीमा से बाहर होगा। यह सीमा सुप्रीम कोर्ट ने लगा रखी है। वैसे यह सीमा आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ पहले ही टूट चुकी है। तो उसे मिलाकर अब महाराष्ट्र में सरकारी नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में कुल आरक्षित सीटों की संख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी। तो क्या नई व्यवस्था न्यायिक परीक्षण में खरी उतरेगी? मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि चूंकि कई राज्यों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण लागू किया गया है, तो महाराष्ट्र में भी यह टिकाऊ होगा। हाल ही में बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दी गई है। लेकिन मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल को शिंदे की बात पर भरोसा नहीं है।पाटिल ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने अलग श्रेणी के तहत जो आरक्षण दिया है, वह मराठा समुदाय को मंजूर नहीं है। मराठों को ओबीसी कोटे से ही आरक्षण चाहिए। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। यह समुदाय राजनीतिक तौर पर राज्य में सबसे प्रभावशाली माना जाता है। इसके बावजूद मराठा समुदाय में गरीबी रेखा से नीचे के 21.22 प्रतिशत परिवार हैं। मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। बुनियादी वजह यह है कि आरक्षण की हर लड़ाई का मकसद मौजूद अवसरों में अधिक हिस्सा पाना है। जबकि ये अवसर इतनी संख्या में मौजूद नहीं हैं, जिनसे सबकी विकास एवं बेहतर जीवन की आकांक्षा पूरी हो। असल मुद्दा ऐसी आर्थिकी और विकास नीति का है, जिनसे मांग के अनुरूप ऐसे अवसर बढ़ें। लेकिन ये बात चर्चा से बाहर है।

## संदेशखाली का संदेश

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

पश्चिमी बंगाल के एक ग्राम नंदी ग्राम को उस गांव के लोगों के सिवा कोई नहीं जानता था। लेकिन सारी दुनिया के वे लोग जो विश्व के सामाजिक आंदोलनों में रुचि रखते हैं, नंदी ग्राम को जानते हैं। नंदी ग्राम के लोगों ने पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार की तानाशाही का विरोध लाठी-गोली खाकर भी किया था। लम्बे अरसे से सरकार में बने रहने के कारण कम्युनिस्टों ने सर्वहारा की तानाशाही का अर्थ सीपीएम की तानाशाही ही समझ लिया था। लेकिन उस वक्त नंदी ग्राम में तानाशाही के खिलाफ इस आंदोलन का नेतृत्व तमाम खतरे उठाकर भी वह ममता बनर्जी कर रही थी जिसने सीपीएम को अपदस्थ करके कोलकाता के राईटर्ज भवन पर कब्जा किया था। उस वक्त सत्ता के नशे में मदहोश कम्युनिस्ट नंदी ग्राम के संदेश को पकड़ नहीं पाए थे। इसका एक कारण यह भी था कि उनका संबंध प्रदेश की आम जनता से टूट चुका था। लगता है बंगाल में इतिहास एक बार फिर अपने आपको दोहराने के मुहाने पर आ गया है। जिला चौबीस परगना का संदेशखाली, जो सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, पिछले लगभग एक मास से सुर्खियों में है। सुर्खियों में रहने का कारण तृणमूल कांग्रेस के एक बड़े नेता शाहजहां शेख के व्यवहार से हुआ, लेकिन जब ज्वालामुखी फटा तो उसके नीचे से शाहजहां द्वारा बनाया गया ऐसा नर्क सामने आया जिससे किसी का भी दम घुटने लगे। शाहजहां तृणमूल कांग्रेस का नेता है और पार्टी की ओर से जिला परिषद का निर्वाचित सदस्य है। उसके अनेक प्रकार के धन्धे हैं। उनमें से एक मनी लांड्रिंग का भी है। मनीलांड्रिंग का अर्थ है काले धन को सफेद करना। यानी नाजायज साधनों से प्राप्त नाजायज काले धन को सफेद बनाना। हिन्दी वाले इसे धन शोधन कहते हैं, यानी धन को शुद्ध करना। पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मनी लांड्रिंग के मामलों को लेकर उसके घर छापा मारा था। अलबत्ता जब ईडी के बड़े अधिकारी शाहजहां शेख के घर पहुंचे तो उसने उनके स्वागत के लिए पुराने मुगल बादशाह शाहजहां की तरह की ही व्यवस्था कर रखी थी। उसके लोगों ने ईडी के अधिकारियों को घेर लिया और दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। किसी की यह हिम्मत कि शाहजहां के महल पर छापा मारे? ऐसा लगता है कि ममता बनर्जी की पुलिस भी शाहजहां शेख को मुगल बादशाह शाहजहां ही समझ रही थी। पुलिस ने ईडी के अधिकारियों की मदद करने की बजाय उन पर हमला कर रही शाहजहां की सेना की ही मदद करनी शुरू की। इतना ही नहीं, ईडी के अधिकारियों पर केस दर्ज कर दिया कि उन्होंने शाहजहां के महल में चोरी की है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आग उगलनी शुरू कर दी। उनके लिए यह जरूरी था क्योंकि उनके आसपास के लोग उन्हें अग्निकन्या कहते हैं। अग्निकन्या का कहना था कि केन्द्र सरकार उनकी पार्टी के लोगों को बिना कारण के तंग कर रही है। लेकिन शाहजहां शेख इतना मूर्ख नहीं था। वह समझ गया था कि अग्निकन्या को अन्दाजा नहीं कि मामला ज्यादा बढ़ गया है। अब वह ममता बनर्जी की छत्रछाया में रहकर भी बच नहीं पाएगा। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है। इसलिए वह संदेशखाली में अपना महल और सिंहासन छोड़ कर भाग निकला। अब भाग निकला या पुलिस ने ही भगा दिया, यह अपने आप में अलग जांच का विषय है। वैसे ममता की पुलिस का कहना है कि वह उसे तलाश करने में आकाश-पाताल एक कर रही है। जब वहां के लोगों को यकीन हो गया कि शाहजहां शेख अपनी खाल बचाता घूम रहा है तो उनमें भी अपना दर्द बयान करने का साहस आ गया। लेकिन जब वहां की औरतों ने अपना दर्द बयान करना शुरू किया तो सचमुच भूकम्प आ गया। उनका कहना था कि तृणमूल के कार्यकर्ता बाकायदा घरों में जा-जाकर सर्वे करते हैं। पहली नजर में कोई भी समझेगा कि इसमें क्या बुरा है। सरकार अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं को असली गरीबों तक पहुंचाने के लिए यदि सर्वे कर रही है, तब तो इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन पता चला कि शाहजहां के कार्यकर्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिए सर्वे नहीं करते, बल्कि परिवारों में सुन्दर विवाहित/अविवाहित औरतों की तलाश में सर्वे करते हैं और जहां से भी सुन्दर औरत मिलती है, उसको उठाकर ले जाते हैं और सामूहिक बलात्कार करते हैं। उनका अपहरण करते हैं। कई परिवार तो शाहजहां के इस सर्वे के आतंक से अपनी युवा लड़कियों को बाहर रिश्तेदारों के पास भेजने लगे थे। यह भी आरोप लग रहे हैं कि इस सर्वे का शिकार हिन्दु लड़कियां ही होती थीं। इनके साथ सामूहिक बलात्कार होता था। इनके पतियों को या तो भगा दिया जाता था या फिर उन्हें वक्त से समझौता करना पड़ता था। और उस मामले में उस वक्त का नाम शाहजहां था। इतना ही नहीं लड़कियों को उठा लेने के बाद धीरे धीरे उनकी जमीन जायदाद पर भी कब्जा कर लिया जाता था। उन सब के लिए संदेश खाली एक जीता जागता दोजख बन गया था। यह शाहजहां की वह ह्यसरकारह्न थी जहाँ हिन्दु औरतों को सैक्स के लिए दास बना लिया गया था। लगता है सत्ता के लालच में उन्होंने बंगाल के कुछ हिस्सों की ठेकेदारी कुछ शाहजहाँ जैसे ठेकेदारों को सौंप रखी है जो अपने इलाके की एकमुश्त वोटें ह्यअग्निकन्याह्न को दिलवा दें, उसके बाद वे अपनी ह्यरिआयाह्न के साथ वह सब कुछ करें जो शाहजहाँ और उसकी सर्वे टीम संदेशखाली में कर रही है। लेकिन ममता बनर्जी के लिए इन चीजों का कोई अर्थ नहीं है। वे संदेशखाली को इस प्रकार देख रही थी जिस प्रकार कभी सीपीएम नंदी ग्राम को देखा करता था। वे संदेशखाली की औरतों की पीड़ा या तो समझ नहीं पाई या फिर सत्ता के अहंकार में समझना नहीं चाहतीं। ध्यान रखना चाहिए कि संदेशखाली कोलकाता से महज 70 किलोमीटर दूर है। कोलकाता की नाक के नीचे शाहजहां ने वहां की महिलाओं के लिए जितना भयंकर नर्क तैयार किया हुआ था, वह सरकारी मशीनरी की प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता के बिना सम्भव नहीं है। ममता बनर्जी ने संदेशखाली की इन महिलाओं को सबक सिखाने की सोची। उन्होंने संदेशखाली में किसी के भी जाने पर पाबंदी लगा दी। धारा 144 लगा दी। यानी तगड़ा मारे भी और रोने भी न दे। पत्रकारों को रोका ही नहीं गया, बल्कि उनको कैमरों के सामने ही गिरफ्तार कर लिया। पश्चिमी बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी को संदेशखाली जाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट जाना पड़ा। ममता की सरकार इतनी निर्मम हो गई है कि न तो उसे पीड़ित शोषित महिलाओं की चीखें सुनाई दे रही हैं और न ही वे किसी और को उनकी सहायता के लिए जाने देना चाहती हैं। रहा प्रश्न बंगाल के नए शाहजहां का, कहा जाता है कि वह पुलिस की पकड़ से बाहर है। यह भी कहा जा रहा है कि सरकार ने कानून के लम्बे हाथ ही काट दिए हैं, ताकि वे इस नए शाहजहां तक न पहुंच पाएं। अब न्याय कैसे होगा?

# खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण- मोदी की गारंटी

**10 लाख से एक करोड रूपए तक की आय पर मंदिरों को 5 फीसदी टैक्स देना होगा। एक करोड रूपए से ज्यादा आय वाले मंदिरों को 10 फीसदी टैक्स राज्य सरकार को देना होगा। जैसे ही यह बिल पारित हुआ। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक सरकार और कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सारे देश के हिंदू संगठन कर्नाटक सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ खड़े हो गए। भारतीय जनता पार्टी ने इसे हिंदू विरोधी मानसिकता बताते हुए, सारे देश में इस टेक्स का विरोध करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया में भी कर्नाटक सरकार के इस कानून का बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस के ऊपर आरोप लगाया जा रहा है,कि अब कांग्रेस की हिंदू मंदिरों के राजस्व पर कुदृष्टि पड़ गई है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेताओं की या तो राजनीतिक समझ खत्म हो गई है,या जानबूझकर कांग्रेस के नेता पार्टी को ठिकाने लगाने, हर वह कोशिश कर रहे हैं। जो पार्टी को नेस्त-नाबूत कर दे। कुछ महीनो के पश्चात लोकसभा के चुनाव होना है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण के राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं जाकर राम मंदिर के नाम पर धार्मिक वातावरण बनाने का प्रयास किया। भारत में धार्मिक ध्रुवीकरण को लेकर जब इतनी बड़ी राजनीति चल रही हो। ऐसे समय पर कांग्रेस का यह कदम आत्मघाती ही माना जाएगा। ग्रामीण जनों की भाषा में कहें ,तो कांग्रेस अपने पैर में कुल्हाड़ी नहीं कुल्हाडा मारकर अपना स्थाई नुकसान करती है।**





**श्री पीयूष गोयल**

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्रल मंत्री, भारत सरकार**

ऐसे समय में जब युद्ध, मौसम और अस्थिरता के चलते पैदा हुई बाजार की नाजुक स्थिति की वजह से वैश्विक खाद्य आपूर्ति दबाव में है, उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की दृष्टि से भारत में स्थितियां अपेक्षाकृत बेहतर है।

गुरुवार को, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द् मोदी के नेतृत्वक में केन्द्री य मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 8 प्रतिशत बढ़ा दिया है। गन्ना् किसानों को पहले से ही विश्वउ में गन्ने् का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्वन में सबसे सस्ती चीनी उपलब्धम हो।

इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरूआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर ह्नभारत राइसह्व का शुभारंभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नोंं की आपूर्ति सुनिश्चित की है।

इसके लिए हम कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसानों को धन्यवाद देते हैं, जो अधिकांश कृषि वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन करके देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा बाकी आबादी के लिए भी खाद्य उत्पादों की बहुत ही उचित कीमत तय की गई है। भारत राइस, आटा, दाल- मोदी सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्योंत में असाधारण वृद्धि से निपटने के लिए हमेशा तेजी से काम किया है। पिछले वर्ष, सरकार ने 60 रुपये प्रति किलोग्राम की अत्यधिक सब्सिडी दर पर ह्नभारत दालह्व और 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कम कीमत पर ह्नभारत आटाह्व लॉन्च किया था। इसी प्रकार केंद्रीय एजेंसियां सस्ता प्याज बेचती हैं। इन्हों ने उस समय भी टमाटर की आपूर्ति की, जब इसकी कीमतें आसमान छू रही थी, केंद्र सरकार ने कीमतों में इस अंतर का भारी बोझ उठाया। ह्नभारतह्व खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ी है और ये पदार्थ 18,000 से अधिक दुकानों पर उपलब्ध हैं। अभूतपूर्व, तेजी- इससे पहले कभी भी केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में खाद्यान्न या दालें नहीं बेचीं। इनके मूल्यों पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमेशा निर्णायक कदम उठाते रहे हैं। पिछले वर्ष, जैसे ही बेमौसम की बारिश ने टमाटरों की आपूर्ति में बाधा डाली तो सरकार तुरंत हरकत में आई जिससे टमाटर की कीमतों में वृद्धि पर रोक लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि अच्छी गुणवत्ता वाली दाल, चावल और आटे की आपूर्ति किफायती दरों पर की जाए। ये उपाय समाज के हर वर्ग की मदद के लिए बिना किसी भेदभाव के लागू किए गए हैं। इस सरकार की एक अन्य अभूतपूर्व कार्रवाई त्वरित बाजार उपायों के लिए कृषि-बागवानी वस्तुओं का बफर स्टॉक बनाने के लिए एक समर्पित मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाया गया। सरकार ने 27,489 करोड़ रुपये की संचयी बजटीय सहायता से प्रमुख दालों और प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी ऐतिहासिक पहल की है। सरकार ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जमाखोरी या बाजार में हेराफेरी करने की कोई भी कोशिश भारी पड़ेगी। हालांकि, कुछ महीनों में ही गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है, परंतु सरकार कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती है। सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू कर दी है और बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भी तैयार है।रोजाना 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा और थोक मूल्यौं पर नजर रखी जा रही है। 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 550 मूल्य-निगरानी केंद्रों से प्राप्तट इनपुट के साथ, मूल्यों रुझानों का विश्लेबषण किया जाता है ताकि मूल्यों को कम करने के लिए बफर से स्टॉक जारी करने और जमाखोरी को रोकने के लिए स्टॉक सीमा लगाने के बारे में उचित निर्णय लिया जा सके। सस्ती चीनी, खुशहाल किसान- नए गन्ना-पेराई सीजन की शुरूआत के बाद चीनी के एक्सट-मिल मूल्योंं में 3.5 से 4 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों की आमदनी अच्छी हो और उन्हेंत समय पर भुगतान हो। इथेनॉल-सम्मिश्रण कार्यक्रम ने उद्योग की व्यवहार्यता को बढ़ावा दिया है जिससे मिल मालिकों को 2022-23 में लगभग 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया राशि का भुगतान करने में मदद मिली है। यह अब तक का सबसे कम लंबित बकाया है, जो किसान कल्याण पर पीएम मोदी के फोकस को दशार्ता है। आयात शुल्कों में बदलाव सहित उठाये गये सक्रिय कदमों के बाद खाना पकाने के तेल की कीमतें दो साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। पिछले साल सरसों के तेल के खुदरा मूल्यन 18.3 प्रतिशत, सोयाबीन तेल 17.1 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल 23.8 प्रतिशत और आरबीडी पामोलीन 12 प्रतिशत कम हुए हैं। सरकार गेहूं के मूल्यों पर नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठा रही है। खुदरा और थोक बाजारों में गेहूं व आटे के अखिल भारतीय औसत मूल्यि गिरावट का रुझान दर्शा रहे हैं। भारतीय पहले - सरकार ने पर्याप्त घरेलू आपूर्ति और कम कीमतें सुनिश्चित करने के लिए गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिलें। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए खुली बाजार बिक्री योजना के तहत चावल और गेहूं की बिक्री बढ़ाई है। ह्नभारत राइसह्व लॉन्च किए जाने के बाद किए गए अन्य उपायों की श्रृंखला के अनुकरण से चावल की कीमतों को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में मुफ्त खाद्यान्न- मुफ्त खाद्यान्न योजना ने देश के लोगों की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विनाशकारी महामारी का सामना करने में मदद की थी। महामारी का समय बीत गया है, लेकिन प्रधानमंत्री के दयालु नेतृत्व के परिणामस्वरूप उदार कल्याण योजना जारी है। सरकार ने पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीएमजीकेएवाई के तहत अगले पांच वर्षों में 11.80 लाख करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि का वादा किया है। यह योजना राजकोषीय अनुशासन से समझौता किए बिना उदार कल्याणकारी योजनाएं चलाने के प्रधानमंत्री के बेमिसाल रिकॉर्ड को आगे बढ़ाती है। इसी प्रकार, यह सरकार आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बाजार में नैतिकता और अनुशासन सुनिश्चित करती है। मूल्योंर के लिए सबसे अच्छा दशकझ्र इस प्रकार महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे संकट के बावजूद, पिछला दशक मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत के लिए सबसे अच्छा रहा है, हालांकि, इन संकटों ने इसे बहुत चुनौतीपूर्ण बना दिया था। यह उपलब्धि इस तथ्य के बावजूद हासिल की गई है कि हमें यूपीए से ह्नफ्रैजाइल-5ह्व अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, गरीबों के लिए कम सम्मान और दो अंकों की मुद्रास्फीति से बुरी तरह प्रभावित थी। खाद्य सुरक्षा और मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उस समय किया जब देश सबसे चुनौतीपूर्ण माहौल का सामना कर रहा था। यह 140 करोड़ भारतीयों के इस विश्वास को मजबूत करता है कि मोदी है तो मुमकिन है।

# हार के बावजूद अमेठी का मैदान छोड़ने के मूड़ में नहीं दिख रहे हैं राहुल गांधी

**राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब अमेठी पहुंची तो लगे हाथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत देकर गाँधी परिवार की अमेठी-रायबरेली वाली सियासत को फिर जिंदा कर दिया है। यह दोनों वह संसदीय क्षेत्र हैं जिसका गांधी परिवार से काफी लगाव रहा है। जब कांग्रेस पूरे उत्तर प्रदेश में उखड़ गई तब भी अमेठी रायबरेली में उसकी जड़ें जमी रही थीं।2019 के लोकसभा चुनाव में जरूर अमेठी से गाँधी परिवार का सफाया हो गया था लेकिन यहां कांग्रेस अभी खत्म नहीं हुई है। गांधी परिवार भावनात्मक रूप से अपने आप को अमेठी से जोड़कर बड़ा उलटफेर करने की ताकत रखता है। खरगे ने राहुल गांधी की अमेठी से लोकसभा उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा नहीं की मगर अमेठी की जनता से यह जरूर कह दिया कि राहुल गांधी कल भी आपके साथ थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। इससे पूर्व सोनिया गांधी ने भी रायबरेली की जनता को लिखे भावनात्मक पत्र में अमेठी का जिक्र करके इसे गांधी परिवार के करीब बताया था। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अमेठी से गांधी परिवार के करीबी रिश्ते को लेकर सोनिया गांधी के 26 साल पहले दिए गए बयान का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी भी अमेठी से दिल का करीबी रिश्ता होने की बात को आज दोहरा रहे हैं।**





**अजय कुमार**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

कांग्रेस नेत्री और गांधी परिवार की बेटी प्रियंका वाड्रा गाँधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की चर्चा पर कांग्रेस आलाकमान भले ही चुप्पी साधे हुए है, लेकिन राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने काफी कुछ साफ कर दिया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब अमेठी पहुंची तो लगे हाथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत देकर गाँधी परिवार की अमेठी-रायबरेली वाली सियासत को फिर जिंदा कर दिया है। यह दोनों वह संसदीय क्षेत्र हैं जिसका गांधी परिवार से काफी लगाव रहा है। जब कांग्रेस पूरे उत्तर प्रदेश में उखड़ गई तब भी अमेठी रायबरेली में उसकी जड़ें जमी रही थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में जरूर अमेठी से गाँधी परिवार का सफाया हो गया था लेकिन यहां कांग्रेस अभी खत्म नहीं हुई है। गांधी परिवार भावनात्मक रूप से अपने आप को अमेठी से जोड़कर बड़ा उलटफेर करने की ताकत रखता है। खरगे ने राहुल गांधी की अमेठी से लोकसभा उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा नहीं की मगर अमेठी की जनता से यह जरूर कह दिया कि राहुल गांधी कल भी आपके साथ थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। इससे पूर्व सोनिया गांधी ने भी रायबरेली की जनता को लिखे भावनात्मक पत्र में अमेठी का जिक्र करके इसे गांधी परिवार के करीब बताया था।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अमेठी से गांधी परिवार के करीबी रिश्ते को लेकर सोनिया गांधी के 26 साल पहले दिए गए बयान का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी भी अमेठी से दिल का करीबी रिश्ता होने की बात को आज दोहरा रहे हैं। राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने के इरादों का साफ संदेश देते हुए खरगे ने इस संसदीय क्षेत्र की जनता से यह कहने से भी गुरेज नहीं किया कि भले ही क्षेत्र को कोई सांसद मिल सकता है, मगर राहुल गांधी जैसा इंसान उन्हें कहां मिलेगा। मगर इससे इत्तर अमेठी से चुनाव लड़ना गांधी परिवार के लिये अब आसान नहीं रह गया है। पिछले पांच वर्षों में अमेठी काफी बदल गया है। अमेठी की मौजूदा सांसद और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी अमेठी की जनता के दिलों में अपनी जगह बना ली है। खास बात यह रही कि मल्लिकार्जुन खरगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में जब अमेठी पहुंचे तो राहुल गांधी की मौजूदगी में वहां हुई एक जनसभा में अमेठी के रास्ते उत्तर प्रदेश के मैदान में कांग्रेस के डटे रहने का एलान किया गया। अमेठी वासियों के साथ गांधी परिवार के निकट रिश्तों का जिक्र करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक शायरी की पंक्तियों- ह्यअगर तलाश करे कोई मिल ही जाएगा, मगर तुम्हारी तरह कौन हमको चाहेगाह्न, के द्वारा राहुल के अमेठी के चुनावी रण में ताल ठोंकने की घोषणा की।

खरगे ने यह भी कहा कि अमेठी को भले ही कोई सांसद मिल जाए मगर राहुल जैसा सहज और सहृदयी इंसान कहां मिल पाएगा। शायरी की इन पंक्तियों के बाद खरगे ने कहा कि अमेठी के लोग भी यही बोलते हैं और राहुल गांधी को चाहते हैं। राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने को लेकर भले ही सीधे कोई टीका-टिप्पणी नहीं की लेकिन अमेठी और यहां के लोगों के साथ गहरे प्यार और जुड़ाव का इजहार करते हुए सदैव उनका आभारी रहने की बात कह पुराने रिश्ते की डोर को आगे बढ़ाते रहने का संदेश दिया। अमेठी से रिश्ते की बुनियाद नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी है।

खैर, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि राहुल गांधी और उससे पहले सोनिया गांधी के रिश्ते की बुनियाद अमेठी से नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी है। इसका संदेश देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने राजनीति में आने के बाद 1998 में पहली बार अमेठी आयी सोनिया गांधी के पूरे बयान को पढ़ा। इसमें सोनिया ने कहा था- ह्यमेरे मन में अमेठी के लोगों के प्रति अटूट प्रेम और आदर है। अमेठी मेरे पति की कर्मभूमि थी। उनके दिल में अमेठी के भाई-बहनों के लिए कितना प्यार और समर्पण था मैंने इसे गहराई से महसूस किया है। आपने हर हालात में हमारा साथ दिया है। ये बात हम कभी भूल नहीं सकते। खरगे ने कहा कि सोनिया गांधी की यही बात फिर राहुल गांधी ने दोहराई है। आपके साथ उनका गहरा संबंध और प्रेम है। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बेलाग बयान का सार स्पष्ट है कि वर्तमान में केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी 2019 की पराजय के बावजूद अमेठी का चुनावी रण नहीं छोड़ेंगे।

बहरहाल, जल्द ही अमेठी और रायबरेली को लेकर कांग्रेस निर्णय ले लेगी, मगर सवाल यह भी है कि यदि सपा-कांग्रेस में गठबंधन नहीं भी होता है तो क्या समाजवादी पार्टी रायबरेली और अमेठी में गांधी परिवार को पहले की तरह वॉकओवर दे सकती है। सपा कई बार गांधी परिवार के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारने का कारनामा कर चुकी है।

# भाजपा की उन्मुक्त भरती योजना

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले अलग अलग पार्टियों के नेताओं के लिए रोजगार मेला लगा रखा है। उसने पार्टी के दरवाजे के दोनों पट खोल दिए हैं, खिड़कियां भी खोल दी हैं और उन्मुक्त भर्ती योजना चला रखी है। कोई भी आकर पार्टी में शामिल हो सकता है। कई बार तो दरवाजे पर दस्तक देने की भी जरुरत नहीं समझी जा रही है। अंदर आइए और भाजपा का पटका रखा हुआ है उसे गले में पहन लीजिए और भाजपा के हो जाइए। अगर दूसरी पार्टी में कोई हैसियत है तो बड़े नेताओं से मिलना पड़ रहा है और तब पटका पहनाने की जिम्मेदारी भाजपा का कोई छोटा या बड़ा नेता निभा रहा है। इसके लिए बाजाब्ता एक कमेटी बनाए जाने की खबर है, जिसमें कई नेता शामिल हैं, जो दूसरी पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, जो सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में काबिले ए जिक्र काम किया है या जिनकी समाज में कुछ पहचान है। उनको भी उन्मुक्त भरती योजना के तहत पार्टी में शामिल किया जा रहा है। राजनीतिक रोजगार देने की भाजपा की यह योजना इस लोकसभा चुनाव की घोषणा तक चलती रहेगी।इस योजना की खास बात यह है कि सरकारी नौकरियों की तरह इसमें पदों की संख्या सीमित नहीं है यानी जितने लोग आएंगे, उतने लोगों को भरती कर लिया जाएगा। जैसे कंपनियां इन दिनों इंस्टेंट कैशबैक की योजना चलाती हैं उसी तरह इंस्टेंट बेनिफिट की योजना भाजपा चला रही है। पहले सिर्फ एक बेनिफिट था कि पहले से चल रहे आपराधिक मामलों में राहत मिल जाती थी। केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती थी या थम जाती थी। लेकिन अब इसके साथ बेनिफिट बढ़ा दिए गए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आते ही अशोक चव्हाण को राज्यसभा की सीट मिल गई। आदर्श हाउसिंग घोटाले की जांच में जो राहत मिलेगी वह तो मिलेगी ही लेकिन तत्काल राज्यसभा भी मिल गई। यह भरती योजना शुरू होने से पहले भाजपा में शामिल हुए आरपीएन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे भी राज्यसभा की सीट हासिल करने में कामयाब हो गए हैं।

तीन महीने पहले कमलनाथ मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे थे और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के वार झेल रहे थे लेकिन वे भी भगवा पटका पहनने को बेकरार बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ सिख विरोधी दंगे चल रहे हैं। भांजे रतुल पुरी के खिलाफ तो आर्थिक अपराध के कई मामले हैं और 660 करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति वाले बेटे नकुलनाथ पर भी नजर है।सवाल है कि रोजगार मेला लगा कर थोक में विपक्षी नेताओं की भरती करने का भाजपा का यह अभियान रणनीतिक रूप से कितना कारगर हो सकता है? क्या ऐसा भी हो सकता है कि यह मुक्त भरती योजना उलटी पड़ जाए? क्या इससे राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में सहानुभूति भी पैदा हो सकती है? अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा जीतता हुआ पक्ष है और उसने मुख्य विपक्षी पार्टी को तोड़ कर उसे बहुत कमजोर कर दिया है। इतना ही नहीं एक रणनीति के तहत भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों को भी तोड़ा है। यानी गठबंधन तोड़ कर इंडियाइ ब्लॉक के घटक दलों को एनडीए में शामिल कराया है। इससे मुख्य विपक्षी कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुत कमजोर हुए हैं। लेकिन कई बार कमजोर दुश्मन ज्यादा घातक हो जाता है, खास कर चुनावी राजनीति में।

कमजोर के प्रति सहानुभूति सहज होती है। इस बात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बखूबी समझते हैं तभी दोनों अपने को हमेशा पीड़ित यानी विक्टिम के तौर पर पेश करते रहते हैं।दस साल तक प्रधानमंत्री रहने और पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद भी नरेंद्र मोदी यह कहने से नहीं चूकते हैं कि उनके खिलाफ क्या साजिशें चल रही हैं, उनको कैसे काम करने से रोका जा रहा है, कैसे उनकी जाति की वजह से उनके साथ भेदभाव हुआ या हो रहा है, कैसे उन्हें दो-तीन किलो गालियां रोज पड़ती हैं, आदि-आदि। लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी के विक्टिम होने का नैरेटिव अब भी चल पाएगा या लोग

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन सगे भाइयों को भेजा जेल

एकमा । स्थानीय थाना पुलिस ने एकमा चट्टी निवासी स्वर्गीय लाल बाबू महतो के पुत्र भगवान महतो जंगली महतो तुलसी महतो तीनों सगे भाइयों पर पूर्व के मारपीट के वारंटी थे। जहां पुलिस ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया ।

### हत्या कांड को ले पुलिस ने शुरू किया जांच

छपरा। बुधवार को मढ़ौरा थाना अंतर्गत तेजपुरवा गांव के पास हुए स्वर्ण व्यवसाय हत्या कांड में स्थानीय पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। सारण पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मढ़ौरा थाना द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच किया गया। इस घटना में मढ़ौरा थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है, जिसका कांड संख्या 121/24 है। मृतक स्वर्ण व्यवसायी संजय प्रसाद पिता शीलानाथ बताया गया है।

### पुलिस ने एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

परसा। गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बसगण्डा गाव में छापेमारी करते 8 पीएम के 26 पीस फ्रूटी अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार शराब तस्कर स्थानीय थाना क्षेत्र के बसगण्डा गाव निवासी बीरेंद्र सिंह का पुत्र संजीत कुमार उर्फ सोनू कुमार बताया जाता है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने गुप्त सूचना मिली कि एक शराब तस्कर द्वारा शराब की तस्करी की जा रही है।

# लोकशिकायत अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिलाधिकारी द्वारा 11 मामलों की कि गई सुनवाई

- बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें: जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में 11 परिवादों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया। इनमें से 06 मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 05 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

# चाकू से गोदकर शिक्षक की हत्या

प्रात : किरण, संवाददाता

डोरीगंज( सारण )। पूर्व मध्य रेलवे के छपरा सोनपुर रेलखंड के डुमरी जुअरा हाल्ट से 300 मीटर पश्चिम डोरीगंज थाना क्षेत्र स्थित गेहूं के खेत में 50 वर्षीय प्राइवेट शिक्षक की दिन-दहाड़े चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दिया गया। मृतक की पहचान डोरीगंज थाना क्षेत्र के काजीपुर निवासी जयप्रकाश राय के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही अवतार नगर थानाध्यक्षा लक्ष्मी कुमारी,डोरीगंज थानाध्यक्ष सुरज कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया।

# जिलाधिकारी ने सोनपुर आयोजना क्षेत्र प्राधिकार के कार्यालय का किया उद्घाटन



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर ने शुक्रवार को सोनपुर में नवनिर्मित सोनपुर आयोजना क्षेत्र प्राधिकार के कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक कार्यालय भवन का निर्माण नगर विकास एवं आवास विभाग के सौजन्य से किया गया है। इस भवन में एक आधुनिक सुविधा युक्त एक सभागार भी बनाया गया है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सोनपुर आयोजना क्षेत्र प्राधिकार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 24 घंटे के अखंड अष्टम के लिए निकाली गई भव्य कलशयात्रा

प्रात : किरण, संवाददाता



परसा ।नगर पंचायत परसा बाजार के शोभे परसा गांव स्थित हनुमान मंदिर के 6 वी वार्षिकोत्सव के अवसर पर ग्रामीणों की सहयोग से अखंड अष्टयाम का आयोजन किया है ।जिसको लेकर हाथी घोड़ा ऊँट,बैंड बाजा, डीजे के साथ इंद्र भूषण सिंह के नेतृत्व में कलशयात्रा निकाली गई ।जो कलशयात्रा परसा बाजार,पोझी चौक,खजौली होते हुए शोभे परसा मंदिर पहुँची जहाँ कलश में जलभरी किया गया ।और आगामी 24 घंटे के लिए अखंड मंत्र हरे राम हरे कृष्ण जाप शुरू किया गया ।कलशयात्रा में अंगद सिंह पिंकी देवी,आचार्य राहुल तिवरी,चन्द्रेव सिंह,मोख्तर सिंह, बनबन सिंह, मो करमुल्लाह, बिपिन कुमार ,अर्जुन सिंह ,अमित सिंह ,चंदन सिंह ,तूफान सिंह, जयप्रकाश सिंह सुगा सिंह ,अरुण सिंह ,शत्रुघ्न सिंह, सुनील सिंह, राजनन्द सिंह, विंदेश्वरी सिंह, उमेश राय ,शिवकुमार सिंह, लालबहादुर सिंह, धर्मेंद्र राय, दीपक कुमार ,विनोद सिंह ,अमोद कुमार शर्मा, भूलन सिंह, नागेश्वर राय ,शैलेश गिरी ,अनिल कुमार, लुड्डन सिंह, अखलेश पण्डित, सतेंद्र राय, रामलगन साह, अजय राय , उर्मिला देवी, सीता देवी, गीता देवी ,प्रियंका कुमारी ,आरती कुमारी, लाल पिले वस्त्र में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# जनता के लिए समर्पित है सेवा वाहन

प्रात : किरण, संवाददाता



रिविलगंज। रिविलगंज प्रखंड के सिरिसिया बाजार पर सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के सेवा वाहन के माध्यम से आमजन तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ पहुंचा रहे है। सांसद राजीव प्रताप रूडी योजना के तहत सांसद रुडी के सांसद निधि से जनता की सेवा में समर्पित सेवा वाहन के माध्यम से 112 आयुषमान गोल्डेन कार्ड का वितरण एवं स्वास्थ्य शिविर सिरिसिया कैम्प के माध्यम से किया गया। गोल्डेन कार्ड विरतण के मुख्य अतिथि रिविलगंज के जिला परिषद सदस्य गुड्डु साह कहा कि यह गोल्डेन कार्ड प्रति व्यक्ति को 5 लाख का कार्ड है जो गरीबों के लिये रामवाण है, देश के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गारंटी से कार्य करते है ,उसी तरह छपरा के विकाश के लिये सारण के सांसद गारंटी से कार्य करते है । सांसद रूडी द्वारा कैम्प लगाकर रजिस्ट्रेशन कराया गया एवं पुनः कार्ड बनाकर वितरण किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि सारण जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सह विधानसभा संयोजक धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबसे महत्वाकांक्षी योजना आयुषमान कार्ड को सारण के सांसद रूडी ने कार्ड बनवाकर घर घर दिला रहे है। प्रधानमंत्री द्वारा देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज, 130 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन दिया गया। भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सांसद रूडी के माध्यम से रिविलगंज बाई पास, गैस पाइप का चर्चा किया। सांसद रूडी के तरफ से स्वास्थ्य शिविर से लोगों को शुगर,ब्लड प्रेशर,ब्लड जांच कर दवा भी दिया गया। गोल्डेन कार्ड मिलने से लाभुक बहुत खुश थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष रवि भूषण मिश्रा, पूर्व मुखिया बेबी सिंह, मण्डल महामंत्री राकेश सिंह, उपाध्यक्ष संजीव कुमार, अशोक कुमार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जयप्रकाश विश्विद्यालय में हुई भवन समिति की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा सदर। विश्वविद्यालय परिसर में आधारभूत संरचना को कैसे विकसित किया जाए इस पर आज की भवन निर्माण समिति में विचार विमर्श हुआ।इस बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार वाजपेयी ने की। विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित परीक्षा भवन हस्तगत होने के बाद उसमें विभाग लाया जायेगा और प्रथम तल में पार्टीशन किया जायेगा। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन की छत पर लगे हुए सोलर सिस्टम को ठीक किया जायेगा। सोशल साइंस ब्लाक के समक्ष कार स्टैंड एवं मोटर साइकिल स्टैंड बनाने पर बिल्डिंग समिति में सहमति बनी ।समपार के पास एक बैरियर बनाया जायेगा जिससे विश्वविद्यालय परिसर में अनधिकृत रूप से किसी वाहन का आवागमन न हो सके। जयप्रकाश विश्विद्यालय की बिल्डिंग कमेटी में कैम्पस विकास समिति का भी गठन हुआ। यह समिति एक महीने के अंदरअपनी रिपोर्ट देगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ई रविकांत, डॉ. सुनीता कुमारी सिंह, सीसीडीसी प्रोफेसर हरिश्चंद्र कुलसचिव प्रोफेसर रणजीत कुमार, सहायक अभियंता प्रमोद कुमार सिंह मौजूद थे।

# मढ़ौरा में आभूषण व्यवसायी को अपराधियों ने गोली मार कर किया हत्या

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा के तेजपुरवा बाजार में गुरुवार देर शाम आभूषण व्यवसायी को अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक तेजपुरवा निवासी शीला प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र संजय सोनी गुरुवार को देर शाम तेजपुरवा चौक पर स्थित अपने आभूषण की दुकान बंद कर बाइक पर सवार होकर अपने घर की ओर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान वे जैसे ही तेजपुरवा बाजार के पास पहुंचे कि वहां पहले से ही घात लगाए मौजूद अपराधी ने संजय के सीने में गोली मार कर हत्या कर दी। गोली लगाते ही संजय अचेत होकर वहीं गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुन जब आस पास दुकान दार व ग्रामीण वहां पहुंचे तो संजय सोनी की हालत देख सभी घबरा गए। फिर आननफानन में इसकी सूचना मढौरा पुलिस को दी गई। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंची मढ़ौरा पुलिस और डीएसपी ने इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। उधर डीएसपी नरेश पासवान ने कहा कि घटना के सभी बिंदुओं की जांच गंभीरता से पुलिस कर रही हैं। जल्द ही इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों तक पुलिस पहुंच जाएगी और पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगालना शुरू कर दि है। इधर संजय सोनी के परिजन तथा स्वर्ण व्यवसायी संघ ने पुलिस से घटना में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है

# बैठक में सभी 30 सदस्यों का जिलाधिकारी की उपस्थिति में लिया गया हस्ताक्षर

- पंचायती राज अधिनियम के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान के लिए होगी तिथि निर्धारित

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। प्रखंड प्रमुख मढ़ौरा के विरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पंचायत समिति के सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में सभी 30 सदस्य उपस्थित हुए। यह बैठक माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पंचायतीराज अधिनियम की धारा 44(3) के तहत अविश्वास प्रस्ताव प्रस्ताव की प्रक्रिया लेकर आहुत की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को इस बैठक के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। सभी उपस्थित सदस्यों का हस्ताक्षर जिलाधिकारी की उपस्थिति में दर्ज कराई गई। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले सभी सदस्यों से अविश्वास प्रस्ताव में लगाये गये आरोपों के संबंध में शपथपत्र लिया गया। पंचायतीराज अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकार द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान के लिए अलग से तिथि निर्धारित की जायेगी। निर्धारित तिथि को आहुत बैठक में सदस्यगण लगाये गए आरोपों के मेरिट पर आपस में चर्चा कर सकते हैं। चर्चा के उपरांत मतदान की प्रक्रिया अपनाई जायेगी तथा बहुमत के आधार पर निर्णय होगा। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, विधि शाखा प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मढ़ौरा भी उपस्थित थे।

# सांसद ने बैंकर्स के साथ बैठक कर वित्त मंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। सारण में आगामी 02 मार्च को क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण शिरकत करेंगी। वित्तमंत्री के कार्यक्रम के पूर्व जिले के लीड बैंक अधिकारियों व बैंकर्स के साथ स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी ने बैठक की। बैठक में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख, विकास कुमार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एजीएम - क्षेत्रीय प्रमुख श्री समीर कुमार, इंडियन ओवरसीज बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के बीरेंद्र कुमार माथुर, शाखा प्रमुख, छपराश्री मणि प्रकाश, इंडियन बैंक के आंचलिक प्रबंधक जयन्त कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक सुधांशु शेखर दास और भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक श्री शैलेन्द्र सिंह तारागी आदि मौजूद थे। सभी बैंक के प्रतिनिधियों ने मोदी सरकार की बैंकिंग से संबंधित विभिन्न योजना की प्रगति की जानकारी सांसद को दी। केंद्र सरकार की योजनाओं, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, ट्रेक्टर ऋण और अन्य खुदरा, व्यवसाय के लिए दिये जाने वाले लोन की जानकारी सांसद ने ली। सांसद श्री रुडी ने बैठक में हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना पर भी विशेष रूप से चर्चा की और वर्तमान के लाभार्थियों की जानकारी लेते हुए और अधिक लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए रणनीतिक निर्णय लेने की बात कही।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आर्म्स का सत्यापन किया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा । स्थानीय थाना परिसर में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभार सीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर एवं थाने के पुलिस पदाधिकारी ने थाना क्षेत्र के 28 लोगों कागजात व आर्म्स का सत्यापन किया गया । इस दौरान प्रभार सीओ ने कहा कि यह सत्यापन का कार्य 22 फरवरी से 29 फरवरी तक चलेगी। अगर समय सीमा के अंदर सत्यापन नहीं कराए जाने पर आर्म्स का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा । इसकी जानकारी बीडीओ सह सीओ ने दिया।

# चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन सजग

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर इसुआपुर प्रशासन काफी सजग हो गया है। रात्रि गश्ती बढ़ा दी गई है। वहीं सहवां, अगौथर, शामकौरियां, सढ़वारा, रामपुर अटौली, मुड़वां, इसुआपुर व अन्य बाजारों में सोना चांदी की दुकानों, एटीएम, बैंक चेकिंग में चौकीदार-दफादारों की तैनाती की गई है। दो गस्ती गाड़ियों से मॉनिटरिंग किया जा रहा है।

# चुनाव को लेकर शस्त्रों का हुआ सत्यापन

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।डेरनी थाना में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार तथा थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी के द्वारा शस्त्रों का सत्यापन किया गया। इस दौरान शस्त्र के साथ ही अनुज्ञप्ति के कागजातों की गहन जांच की गई। वहीं सभी अनुज्ञप्ति धारकों को निश्चित रूप से सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया ।थानाध्यक्ष द्वारा सत्यापन नही कराने वालों का अनुज्ञप्ति रद्द करने की भी बात कही गई।

# 5 तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता जरूरी: सिविल सर्जन

- सिविल जज अहसन रशीद ने बच्चों और पैरंट को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में अध्यक्षता करते हुए डॉ भूपेंद्र कुमार ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम राज्य के सभी 38 जिलों में संचालित है। इस कार्यशाला के दौरान जिले में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने संबंधी विभिन्न मामलों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस अवसर पर जिला मूल्यांकन और अनुश्रवण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, एनसीडी की फाइनेंस सह लॉजिस्टिक सलाहकार प्रियंका कुमारी, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, मनोवैज्ञानिक जिला स्वास्थ्य समिति के डेटा ऑपरेटर गौरव कुमार, एनसीडीओ के डेटा ऑपरेटर राजीव कुमार गर्ग सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मीं उपस्थित थे। तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता जरूरीः सिविल सर्जन-सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने में सामूहिक रूप से हम सभी को प्रयास करने की जरूरत है। ताकि हम लोग समाज के सभी वर्गों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर सके। खास कर आजकल के युवाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती लत को रोकने के लिए हमें विशेष रूप से कदम उठाने होंगे। आम लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित व जागरूक करने की जरूरत है। सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान मामले में सख्ती के साथ निबटने के लिए टीम गठित कर कार्रवाई करने की बात कही गई है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों सहित सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में तंबाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का भी दिशा निर्देश दिया गया है ।तंबाकू मुक्त जिला बनाने को लेकर हो विशेष पहलः एनसीडीओ, जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार ने कहा कि जिले को तंबाकू मुक्त जिला बनाने को लेकर विशेष रूप से मुहिम चलाने की आवश्यकता है। ताकि आने वाली पीढ़ियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। उन्होंने जिले में त्रिस्तरीय छापामार दस्ता के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के अंदर अवस्थित सभी तंबाकू दुकान को हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन को ठोस कदम उठाने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। तंबाकू नियंत्रण अधिनियम कोटपा- 2003 की विभिन्न धाराओं की विस्तृत जानकारी देते हुए तंबाकू के उपयोग को नियंत्रित करने को लेकर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई।

# व्यवहार न्यायालय में शबे बरात की छुट्टी अब सोमवार को

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट। पटना उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनित कुमार गर्ग ने 27 फरवरी मंगलवार को होने वाली शबे बरात की छुट्टी को 26 फरवरी सोमवार को कर दिया है। अब न्यायालय सोमवार को बंद रहेगा और 27 फरवरी से यथावत समय से चलेगा। छपरा विधि मंडल के महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि जिला विधि मंडल कार्यसमिति की बैठक उपाध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता हुई। जिसमें सर्व सम्मति से विधि मंडल के निर्वाचन के लिए निर्वाचन पदाधिकारी एवं त्रिसदशीय पंचाट सदस्य के चयन हेतु एवं मतदान की तिथि निर्धारण करने हेतु एक आम सभा 6 मार्च को आहूत करने का निर्णय लिया गया और विधि मंडल का चुनाव अप्रैल के प्रथम सप्ताह में कराने का निर्णय लिया गया है।

# 28 फरवरी को एक दिवसीय नियोजन-सह- मार्गदर्शन मेला का होगा आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित संकल्प योजना अंतर्गत एवं श्रम संसाधन विभाग ,अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा , सारण द्वारा 28 फरवरी को प्रातः 11:00 से शाम 4:00 बजे तक जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र परिसर (रेलवे जंक्शन के उत्तर) में एक दिवसीय रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है' जिला नियोजन पदाधिकारी- सह - नोडल पदाधिकारी बिहार कौशल विकास मिशन संकल्प योजना, श्रीमती शोभा कुमारी द्वारा बताया गया कि इस रोजगार मेला में 15 स्थानीय एवं बाहरी कंपनियां भाग ले रही हैं। नियोक्ताओं में मुख्य रूप से रेल पहिया कारखाना बेला दरियापुर, ऋषभ ऑटोमोबाइल छपरा, कुश ग्राम खादीग्रामोद्योग गोपालगंज, राज रे सिक्योरिटी आदि प्रमुख है। इस मेले में अप्रेंटिस, ऑपरेटर, केंद्र मैनेजर, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, टेलीकॉलर, रिसेप्शनिस्ट, रिलेशनशिप मैनेजर, सिक्योरिटी गार्ड, एचआर मैनेजर, सेल्स मैनेजर, जिला कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आदि विभिन्न पदों पर नियोक्ताओं द्वारा चयन किया जाएगा ' इनकी योग्यता पद के अनुसार नन मैट्रिक, इंटरमीडिएट ,ग्रेजुएट, B.Tech, डिप्लोमा, आईटीआई डीसीए, एडीसीए आदि निर्धारित की गई है। नियोजन शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि उनका निबंधन जिला नियोजनालय में हो' नियोजनालय में निबंधन की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है जो कि भारत सरकार के पोर्टल www.ncs.gov.in के माध्यम से होता है। कोई भी अभी स्वयं भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से अपना निबंधन करा सकता है। अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा में भी निबंधन हेतु संपर्क किया जा सकता है '

# भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर लेखन अभियान शुरू

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी प्रखंड के क्षेत्र में भाजपा का दीवार लेखन अभियान गुरुवार से शुरू हो गया। माँझी मध्य मंडल अध्यक्ष बबलू शर्मा ने अभियान की शुरूआत माँझी नगर पंचायत में दीवार लेखन से शुभारंभ किया। जहाँ दीवार पर कमल का फूल बना ह्लफिर एक बार मोदी सरकार का नारा लिखा गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान प्रखंड के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के साथ मंडल और बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। जिसमे भाजपा और केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्यारेअंगद ने कहा कि ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर दीवार लेखन अभियान शुरू हुआ है।

# केन्द्रीय योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग के लोगों को मिला : रूढ़ी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर वर्ग, हर समाज का ख्याल रखा है - राजीव प्रताप रूड़

प्रात : किरण, संवाददाता



आज भारतीय जनता पार्टी सारण लोकसभा क्षेत्र लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन छपरा विधानसभा के साढ़ा पंचायत के कृष्णा गायत्री भवन में जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सभी कार्यकर्ता भारत सरकार के केंद्रीय योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों से मिलकर केंद्र की योजना के बारे में और प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना है। सभी कार्यकताओं, पदाधिकारीओं, नेताओं को हर बूथ पर लाभार्थियों से संपर्क करना है और केंद्र की योजनाओं के बारे में बताना है और हर बूथ की टोली बनानी है। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय प्रवक्ता सारण सांसद राजीव प्रताप रूड़ी जी ने लाभार्थी कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के हर वर्ग, हर समाज का ख्याल रखा है। देश को विकसित राष्ट्र बनान के लिए कृतसंकल्प है। अस्सी करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज आज भी दिया जा रहा। आयुष्मान कार्ड धारी को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त है। महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन सिलेंडर दिए जा रहे, ऐसे विभिन्न तरह के लाभार्थी है, जिनसे हम सब को संपर्क करने की आवश्यकता है। वही प्रदेश मंत्री एवं प्रभारी संतोष रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की महिलाओं को लखपति बनाने का काम किया। पहली बार भारत के इतिहास में महिलाओं को संसद में आरक्षण देने का काम किए।

# छुट्टी के दिन भी खुलेंगे विश्वविद्यालय एवं कॉलेज



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परमेंद्र कुमार वाजपेई के आदेशानुसार कुल सचिव डॉक्टर रंजीत कुमार ने पत्र जारी करते हुए विश्वविद्यालय के सभी संबद्ध एवं अंगीभूत महाविद्यालय के प्राचार्य को सूचित किया है कि अवकाश की अवधि में भी परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए सभी महाविद्यालय के कार्यालय खुले रहेंगे। साथ-साथ जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का भी कार्यालय खुला रहेगा। इस आशय का पत्र विश्वविद्यालय के पत्रांक 557 (आर) दिनांक 22.02.2024 के द्वारा जारी करते हुए सभी को सूचित किया गया है कि अवकाश अवधि में सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय कार्यालय को खुला रखा जाएगा। इसके साथ ही परीक्षा संबंधी कार्यों को करने हेतु विश्वविद्यालय मुख्यालय का परीक्षा विभाग भी इस अवकाश अवधि में खुला रहेगा। उक्त अवकाश अवधि में कार्य करने के एवज में क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा।

# अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से महिला की इलाज के दौरान मौत

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। माँझी के महम्मदपुर झुखुरिया माई मुख्य मार्ग पर मेरौडी देवी उच्च विद्यालय के समीप अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका दाउदपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर मठिया गांव निवासी नागेंद्र गिरी की पत्न ी सरोज देवी बताई जाती है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतका महम्मदपुर मठिया गांव निवासी पशुपति नाथ भारती के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने ससुराल से आई थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद वह अपने ससुराल लौट रही थी। इसी बीच उच्च विद्यालय के समीप किसी अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से घायल हो कर गिर गई। बाद में सड़क किनारे घायलावस्था में पड़ी महिला की सूचना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेंद्र उपाध्याय को ग्रामीणों ने दी। सूचना मिलने के बाद मुखिया प्रतिनिधि ने महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा छपरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते मे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद मृतका के ससुराल के अलावा अन्य रिश्तेदारों के यहां भी कोहराम मच गया। बाद में पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया तथा शव परिजनों को सौप दिया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 24 फरवरी, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने वारंटी को जेल भेजा

दावथ (रोहतास) सूर्यपुरा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र बारुण,सूर्यपुरा प्रखंड निवासी राजेश कुमार साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सासाराम कोर्ट से वारंट निर्गत था।

### महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार

राजपुर (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने शराब साथ महिला कारोबारी को गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना के राजपुर निवासी कौशल्या देवी को तीन लीटर 200 एमएल देसी शराब के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। जो गिरफ्तार महिला कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने की कला प्रस्तुति

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किरहीं पंचायत के हटियां स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । गुरुकुल पब्लिक स्कूल हटियां के निदेशक जितेंद्र कुमार ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। निदेशक जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूम धाम से किया जाता है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सामूहिक नृत्य, नाटक, गीत सहित कई प्रकार का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर रितेश कुमार, प्रियंका देवी व स्कूल के छात्र - छात्रा व अभिभावक मौजूद थे।

### पुत्र के गुमशुदगी का पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराया

कुर्था (रोहतास) स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था निवासी अर्जुन गिरी ने अपने पुत्र के गुमशुदगी का मामला कुर्था थाने में दर्ज कराया है। स्थानीय थाना में आवेदन देते हुए अर्जुन गिरी ने बताया कि उसका करीब 27 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार जो विगत 21 फरवरी को घर से निकाला था। लेकिन अब तक घर वापस नहीं लौटा। जिसकी विभिन्न रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन के बाद भी कही पता नहीं चल सका। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचक अर्जुन गिरी के बयान पर स्थानीय थाने में पुत्र के गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर बरसे

● कहा मैं दो-दो मुख्यमंत्री का बेटा हूँ और दो बार उपमुख्यमंत्री और विरोधी दल का नेता भी रह चुका हूँ इसलिए मुझे कुर्सी नहीं चाहिए मैं जनता की सेवा करना चाहता हूँ

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम। रोहतास जिले के दिनारा स्थित बलदेव उच्च विद्यालय में जन विश्वास यात्रा के तहत पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जमकर केंद्र तथा राज्य सरकार पर बरसे। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उत्साहित जन समूह के कहने पर आज दिनारा के मंच पर उन्होंने पगड़ी बांधी। जनता के कहने पर तेजस्वी ने पगड़ी बांधने पर उन्होंने कहा कि इस पगड़ी की लाज आपके हाथ में है। तेजस्वी ने पूछा कि इस लाज को बचाइएगा ना। 03 मार्च को पटना में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में जनता को उन्होंने न्योता दिया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के बीच में उनके पिता लालू प्रसाद यादव भी आज मौजूद रहते लेकिन अस्वस्थ होने के कारण को आने में असमर्थ रहे। तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर आज दिनारा में अपार जन समूह के साथ काफी संख्या में राजद कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। तेजस्वी यादव बोले की मैं दो-दो मुख्यमंत्री का बेटा हूँ। मैं दो बार उपमुख्यमंत्री भी रहा हूँ मुझे अपने लिए कुछ नहीं चाहिए। मैं बिहार के जनता के लिए लड़ाई लड़ रहा हूं- मैंने जनता के बीच जो वादा किया था। उसे पूरा किया और नौकरी भी लोगों को दिया। आगे सरकार बनने पर बेरोजगारों को और भी नौकरी दूंगा। उन्होंने कहा कि 17 माह के सरकार में 5 लाख नौकरी दिया। अन्य विभागों के बहाली फाइल सीएम नीतीश कुमार दबा कर रखें।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने जन विश्वास यात्रा में नीतीश पर साधा निशाना



प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर (शाहाबाद) डेढ़ वर्ष पूर्व जब मुख्यमंत्री नितीश कुमार मेरे पिता लालू प्रसाद यादव और मां राबड़ी देवी के यहा पहुंचे तो मैं भी था। जो मेरे पिताजी से कह रहे थे भाजपा वाला मेरा पार्टी ही तोडना चाहते है आप उसे बचा लें। उक्त बातें शुक्रवार को किला मैदान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जन विश्वास यात्रा के दौरान किला मैदान में सम्बोधित कर रहे थे। तेजस्वी यादव ने कहा की नितीश कुमार के साथ सरकार बनाने के पूर्व हमारी शर्त थी की चुनाव के दौरान हमने मालिक रूपी जनता से वादा किया है की सत्ता में आएंगे तो दस लाख नौकरी देंगे जिसे आप पूर्ण करेंगे तो हम साथ आने को तैयार है। जिसके बाद 15 अगस्त 2022 को गाँधी मैदान से भाषण में उन्होंने दस लाख नौकरी देने का ऐलान किया था। जो की हमने पिछले 17 माह में पांच लाख नौकरी देकर जनता के साथ अपना विश्वास जीता है। वही आगे आनेवाले दिनों में भी दो लाख नौकरी स्वास्थ्य विभाग में देने के लिए हमने अपना सिग्नेचर कर दिया है जो की आगे पूर्ण होगा।

## उतर प्रदेश के उपमुखमंत्री का स्वागत भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा किया गया

● जिला अध्यक्ष बिभु जैन के निर्देशन में स्वागत किया गया और सब मंडल के अध्यक्षगण के द्वारा स्वागत निम्न स्थान पर किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आराः भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वार उतर प्रदेश के उपमुखमंत्री का स्वागत जिला में कोईलवर, धरहरा पुल, जीरो माइल, कौरा, हरिगांव, नयका टोला, जिसमे जिला अध्यक्ष बिभु जैन के निर्देशन में जिला में स्वागत किया गया और सब मंडल के अध्यक्ष गण के द्वारा स्वागत निम्न स्थान पर किया गया जिसमे कोइलवर में मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रशांत मिश्रा, नीरज सिंह, इशू परकाश, वैभव जी, वीरेंद्र जी, लव पंडित ,पर धरहरा पूल पर बलजीत सिंह, जीरो माइल पर युवा नेता राम दिनेश यादव, कौरा में पंकज सिंह, वीरेश कुमार ,हरिगाव में रंजन सिंह के में स्वागत किया गया जिसने बीजेपी जिला अध्यक्ष दुगार्राज, जिला मंत्री संतोष चंद्रवंशी, युवा नेता राकेश ओझा,युवा मोर्चा के ज़िला महामंत्री राहुल सिंह, अंकित सिंह चंद्रवंशी,अंकित तिवारी, रवि केशरी,सरवन राय, आदि सिंह आदि,राजीव सिंह,कमल क्लब संवोजक बड़े सिंह बजरंगी, विश्वजीत सिंह,राहुल सिंह, संजय परकश, मनीष चंद्रवंसी, मणि सिंह, मणि मोहन चौबे, अमरनाथ सिंह, उमेश सिंह, रवि कुमार,राजीव कुमार, विकाश कुमार, ड्ढ जिला अध्यक्ष ऋतू राज, बिना गुप्ता, श्रवन गुप्ता, श्याम प्रकाश, पिन्टू बिन्द, महीला मोर्चा महामंत्री शालनी सिंह, शेखर गुप्ता, महेन्द्र प्रसाद,सागर कुशवाहा,रंजीत सहा,रोहित कुमार गोड, राजकुमार सिंह,अखिलेश कुमार, मुना कुमार गौड़, इस स्वागत कार्यक्रम को सफल करने के लिए जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह को बहुत बहुत आभार जिसका जानकारी मीडिया परभारी अरिहंत विजय जैन ने दी

## भाजपा द्वारा आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज ललन द्वारा भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मौर्य को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज ललन ने स्वागत किया। प्रेम पंकज ललन ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का आरा की पवित्र धरती पर पहली बार आगमन हुआ । श्री मौर्य विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं और उत्तर प्रदेश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के व्यापार प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अंजन ने माला और अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया वही जगदीशपुर में आयोजित जनसभा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर उनके साथ आनंद कुमार विशाल कुमार गुप्ता आदित्य सिंह आदि प्रिंस कुमार अजीत सिंह मंटू सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नेहरू युवा केंद्र कैमूर ने प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद का किया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआ नगर स्थित शुक्रवार को उदासी देवी हाई स्कूल में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद का जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल एवं जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल ,वॉलीबॉल ,कबड्डी तथा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई है। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ऐबीवीपी के अभय द्विवेदी,डॉक्टर हृदयनंद सिंह ,त्रियोगी नारायण सिंह ,वैभव कुमार ,बंशीधर सिंह थे। जो प्रथम दिन महिला एवं पुरुष दौड़ कबड्डी तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही पुरुष 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान जावेद अली द्वितीय स्थान अनुज कुमार तथा तृतीय स्थान सुमित कुमार ने प्राप्त किया। महिला 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान गोल्डी चौबे ,द्वितीय स्थान अंकिता कुमारी तथा तृतीय स्थान अमृता कुमारी ने प्राप्त किया है। महिला कबड्डी में एमएसडी क्लब,भभुआ विजेता तथा संत लॉरेंस इंग्लिश स्कूल,भभुआ उपविजेता रहा है।वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता अंबेडकर युवा क्लब,कबार तथा उपविजेता द ग्लोरियस एकेडमी,भभुआ रहा। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका अवधेश कुमार, सोनू कुमार शर्मा ,आसिफ हुसैन, श्रवण कुशवाहा, राजकेश्वर सिंह ने निभाई। जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया ने बताया कि आज के युवा युवतियों को खेल में चढ़ बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जो स्वास्थ्य के साथ-साथ खेल जगत में भी अपना नाम रोशन कर सकते हैं। वही 24 फरवरी 2024 को इस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा।

## स्वर्गीय बाबू राजकिशोर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर सिंगही आरा के संस्थापक स्वर्गीय बाबू राजकिशोर सिंह जी की पुण्यतिथि विद्यालय परिसर में मनाई गई इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रबंध करने समिति के संरक्षक राजकुमार सिंह अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सदस्य सुनीता सिंह गिन्नी सिंह संजय कुमार सिंह एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा सचिव वशिष्ठ नारायण सिंह विभाग प्रमुख वीरेंद्र कुमार एवं सभी आचार्य बंधुओ ने और भैया बहनों स्थानीय समाज के बड़ी संख्या में उपस्थित शुभचिंतकों द्वारा बाबू राजकिशोर प्रसाद राजकिशोर सिंह एवं माता चुनमुन देवी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । इसके पूर्व परिवारजनों और प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संरक्षक महोदय राजकुमार सिंह अध्यक्ष महोदय वीरेंद्र सिंह द्वारा बाबूजी के द्वारा विद्यालय की स्थापना के उद्देश्य पर विशद चर्चा की गई। साथ ही साथ विद्यालय के भैया बहनों के लिए एक उत्कृष्ट पुस्तकालय, खेलकूद हेतु सामग्री, संगणक कक्ष, एवं विज्ञान प्रयोगशाला के निर्माण के लिए अधिकतम आर्थिक सहयोग की भी घोषणा की गई। संरक्षक राजकुमार सिंह एवं दाता परिवार के अन्य सभी सदस्यों द्वारा विद्यालय के भूमि भवन के नवीनीकरण हेतु शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने का संकल्प व्यक्त किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिसर में ही एक लघु पुस्तकालय को भैया बहनों को समर्पित किया गया। विद्यालय के मैदान में महोगनी के 10 पौधों का पारिवारिक सदस्यों द्वारा रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में दाता परिवार की ओर से विद्यालय के समस्त भैया बहनों, आचार्य बंधु- भगिनी, कर्मचारी एवं उपस्थित समस्त समाज के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। समापन सत्र में प्रधानाचार्य ने आगामी सत्र में विद्यालय को भोजपुर जिले का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाने का संकल्प व्यक्त किया और आए हुए वार्ड पार्षद मालती देवी प्रकाश सिंह समस्त जनों का आभार ज्ञापन किया।

## भारतीय क्रिकेट टीम में आकाशदीप के चयन को लेकर रोहतास जिले में खुशी

● आकाशदीप की गेंदबाजी देखने के लिए पूरे दिन टीवी के सामने बैठे रहे लोग, इंग्लैंड को शुरूआती तीन झटके देकर आकाशदीप ने मचाई सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को रांची में खेला जा रहा है। मुकाबले के लिए जसप्रीत बुमराह की जगह बिहार के रोहतास जिला निवासी आकाशदीप का भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के अंतिम एकादश में चयन हुआ है। जिसको लेकर पूरे रोहतास जिला समेत उनके क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में पर्दापण कर रहे आकाशदीप अपने पहले मैच में हीं इंग्लैंड को एक के बाद एक तीन झटके देकर बैकफुट पर ला दिया है। इंग्लैंड के पहले तीनों विकेट आकाशदीप ने हीं अपने नाम किया। आकाशदीप की तेज और इन स्विंग गेंदों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को धराशाई कर दिया है। जिसके बाद लंच ब्रेक तक बची खुची कसर आर अश्विन और जडेजा ने एक-एक विकेट लेकर पूरी कर दी। इधर सासाराम स्थित उनके क्रिकेट अकादमी में आकाशदीप की भारतीय टीम में चयन को लेकर काफी उत्साह है। अकादमी में खिलाड़ियों ने आकाशदीप के चयन पर केक काटकर खुशियां मनाई तथा सभी खिलाड़ी टीवी स्क्रीन के सामने बैठकर पूरे दिन मैच देखते रहे। जब भी आकाशदीप गेंदबाजी के लिए आते तो सभी खिलाड़ी जोर-जोर से चिल्लाने लगते। वहीं खिलाड़ियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आकाशदीप का इंडियन टेस्ट क्रिकेट टीम में चयन होना पूरे रोहतास जिले के लिए गर्व की बात है। आकाश दीप काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है तथा वह लगभग 150 की स्पीड से गेंद फेंकते हैं। खिलाड़ियों ने कहा कि आज आकाशदीप भैया को भारतीय टीम से खेलते हुए देखकर हम सभी काफी उत्साहित हैं और हम भी चाहते हैं कि एक दिन भारतीय टीम का हिस्सा बनकर अपने जिले एवं देश का नाम रोशन करें। बता दें कि आकाश दीप जिले के शिवसागर प्रखंड अंतर्गत बड्डी गांव के निवासी हैं। रोहतास जिले के एक छोटे गांव से आने वाले आकाशदीप बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और उन्होंने साल 2019 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। फिलहाल आकाशदीप आईपीएल में आरसीबी की तरफ से खेलते हैं और अब उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम में शामिल होकर रोहतास जिले का नाम रोशन कर दिया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण के साथ बैठक की



प्रात : किरण संवाददाता

आराः आगामी दिनांक 09 मार्च, 2024 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण कार्यपालक विभाग, इंश्योरेंस विभाग एवं सभी बैंक के पदाधिकारीगण के साथ एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ब्रजेश कुमार मालवीय के प्रकोष्ठ एवं अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संबंधित पदाधिकारीगण को संबोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि 09 मार्च को अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए पक्षकारगण के बीच प्री काउंसलिंग करें। साथ ही प्रचार वाहनों से संबंधित क्षेत्र में प्रचार प्रसार की व्यवस्था करें। जिला जज ने समझौते के आधार पर मुकदमा पूर्व मामलों के निष्पादन करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालक विभाग से खनन विभाग, मापतौल, विद्युत, श्रम, वन विभाग, दूरसंचार, इंश्योरेंस के पदाधिकारीगण एवं उनके अधिवक्तागण तथा जिला अग्रणी प्रबंधक के साथ अन्य बैंकों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# 3 मार्च जन विश्वास रैली की तैयारी को लेकर नगर कमेटी के बैठक संपन्न

● विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश नाकाम होगी-माले!

प्रात : किरण संवाददाता




आरा संविधान व लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर आगामी 3 मार्च को गांधी मैदान पटना में होने वाले जनविश्वास महारैली की तैयारी को लेकर भाकपा-माले आरा नगर कमेटी की बैठक रामनरेश राम सामुदायिक भवन आरा में आयोजित की गई !बैठक का संचालन भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने की !बैठक के बाद माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने बताया कि महागठबंधन के आह्वान होने वाले जनविश्वास रैली की तैयारी को लेकर पर व्यापक बातचीत की गई !रैली की तैयारी के क्रम में आरा शहर के विभिन्न मुहल्लों में जनता की बैठक करने,पैदल-प्रचार,मशाल जुलूस,प्रभात फेरी निकाला जाएगा !बैठक दौरान माले नगर दिलराज प्रीतम ने कहा कि विपक्ष की सरकारों और पार्टियों अस्थिर करने की लगातार कोशिश चल रही साजिशों की कड़ी में ही भाजपा ने नीतीश कुमार को मोहरा बनाकर बिहार के सत्ता हड़प ली है !कपूरी ठाकुर के नाम पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितों गरीबों अति,पिछड़े समुदाय के साथ विश्वासघात किया है !जाति जनगणना से उठ रहे गरीबी और बिहार के पिछड़ेपन पर पर्दा डालने और महागठबंधन सरकार द्वारा लगातार मिल रही नौकरी व शिक्षकों को सरकारीकर्मी के दर्जे से घबराई भाजपा ने तख्तापलट किया है !भाजपा नफरत,झूठ,लूट,बर्बरता के एजेंडे के साथ देश व बिहार को तबाह करने पर आमादा है ! आगे माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि माले के अगिआंव विधायक का मनोज मंजिल सहित 23-23 लोगों को एक फर्जी मुकदमे में फंसाकर भाजपा ने गरीबों की आवाज को दबाने ने की साज़िश रची है !इससे बिडंबना क्या होगी कि इसी भोजपुर में दलित-गरीबों के जनसंहार के सभी हत्यारों को बरी कर दिया गया लेकिन न्याय व लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने वालों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई !वंचित समुदाय के साथ न्याय का संहार है ! आगे माले नेता ने कहा कि भाजपा चाहे जितनी भी साज़िशे रच ले उसकी कॉरपोरेटपरस्त, दमनात्क व साम्प्रदायिक नीतियों के खिलाफ देश की व्यापक जनता उठ खड़ी हो रही है !

# बिस्मिल्लाह खां महोत्सव का आयोजन

## अल्ताफ की गायकी पर झूमे श्रोता तो मुरली की उस्ताद के प्रति श्रद्धा की जमकर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



डुमरांव (बक्सर): उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की याद में कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राज हाई विद्यालय, डुमरांव के खेल मैदान में बिस्मिल्लाह खान महोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले खाद्य सह सांसद अश्विनी कुमार चौबे, डीएम अंशुल अग्रवाल, डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, एसडीएम,डुमरांव कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अधिकारियों ने आगत अतिथियों को बुके, अंग वस्त्र और बिस्मिल्लाह खान का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत के बाद शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह पुस्तक के लेखक सह कलमकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला उनके जीवन के कई अनछुए पहलूओं से भी लोगों को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि डुमरांव में शहनाई नवाज भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बिस्मिल्लाह खां पर शोधपरक पुस्तक लिखने वाले और पिछले 30 वर्षों से उस्ताद की स्मृतिंयो को स्थापित करने के लिए लगातार काम करने वाले लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने मंच संबोधित करते हुए बिस्मिल्लाह खां साहब के साथ गुजारे अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उस्ताद गंगा-जमनी के प्रतीक थे। उन्होंने बताया कि उस्ताद का नाम आखिर बिस्मिल्लाह खां कैसे पड़ा। उनके अपने सौतेले भाई पंचकौड़ी मियां ने डुमरांव नहीं छोड़ा तो उस्ताद ने हिंदुस्तान में रहकर पांच समय के नमाजी मंदिरों में सुबह शाम शहनाई वादन किया करते थे। बिस्मिल्लाह खां साहब का नाम बिस्मिल्लाह खां कैसे पड़ा इसकी एक मात्र वजह है कि एक समय ऐसा भी आया कि जीविकोपार्जन के लिए कमरुद्दीन और शम्सुद्दीन यानि दोनों भाईयों को बिस्मिल्लाह एंड पार्टी खोलनी पड़ी। जब आगे कदम बढ़े 1962 में गुंज उठी शहनाई में म्यूजिक डायरेक्शन देने का मौका मिला कमरुद्दीन जिनके भाई शम्सुद्दीन थे का निधन पहले ही हो चुका था। फिर क्या उस्ताद ने फिल्म में नाम बिस्मिल्लाह खां ही रखवा दिया, जिससे दोनों भाई अमर हो गए और वही आगे चलकर शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां होकर रह गए। बक्सर जिले की पहली फिल्म बझे शहनाई हमार अंगना में बतौर म्यूजिक डायरेक्टर और फिल्म की मुहूर्त के लिए डुमरांव में 1979 में डॉ शशि भूषण श्रीवास्तव जी लेकर आये थे। बिस्मिल्लाह खां जी की स्मृति को स्थापित करने के लिए श्री मुरली ने अनेकों काम किये यही वजह रही कि वर्ष 2022 में उस्ताद पर काम करने के लिए उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया। डुमरांव ने महान विभूतियों को जन्म-अश्विनी चौबे-कार्यक्रम के सम्बोधन में सांसद अश्विनी चौबे ने कहा कि यहां संगीत की विधा को आगे बढ़ाने के लिए दो वर्षों हेतु 50 लाख सीएसआर से और 15 लाख राज हाई स्कूल के प्रांगण में संगीत महाविद्यालय संचालित करने के लिए दिया जाएगा। यह मेरे लिए गर्व कि बात है कि मेरे संसदिय जिले में से बिस्मिल्लाह खान जैसी महान विभूतियों को जन्म हुआ है।

## 15 बीघे का पशुचारा जलकर हुए राख

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वल गांव के माध्यमिक विद्यालय के समीप खलिहान में आग लगने से मानिकचंद राम और अनिल सिंह का करीब 15 बीघा खेत का पशुचारा जलकर राख हो गया। इससे इन किसानों के सामने पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसानों ने खलिहान में दस बीघे और पांच बीघे खेत का पुआल पशुओं के चारा के लिए रखा था। शुक्रवार की दोपहर खलिहान में रखे पुआल में आग लग गई। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाते, तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पुआल जलकर राख हो गया। वही आग बुझाने क्रम में विद्यालय के रसोईया, भोला यादव, जितेंद्र समिति, बैद्यनाथ राम, मानिकचंद राम, अविनाश कुमार सिंह व अन्य कई लोगों ने प्रयास तो किया जब तक आग बुझाने के बारे में तैयारी करते तब तक पुआल राख में तब्दील हो चुकी थी।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका



प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सासाराम में पीएम का पुतला दहन किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा तथा पंजाब में किसानों द्वारा की जा रही आंदोलन को भाजपा सरकार कुचल रही है। भाजपा सरकार किसान विरोधी है किसानों पर समन भेजा जा रहा है। किसानों पर किया जा अत्याचार को लेकर पीएम गृहमंत्री आदि पर मुकदमा दर्ज करने तथा किसानों के मांग पूरी करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा सड़क पर आज उतारा है। किसानों कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने कि चेतावनी प्रदर्शनकारियों ने दी है। जहां इसी कड़ी में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सासाराम पोस्ट ऑफिस चौक पर पीएम का पुतला दहन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जरूरतमंदों को मात्र 10 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

गया। शहर के चांद चौरा में आनंदी देवी डालमिया अन्नपूर्णा रसोई का श्री रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना बाबू डालमिया, महापौर गणेश पासवान एवं पूर्व उपमहापौर मोहन श्रीवास्तव ने विधिवत पूजन कर फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मुन्ना डालमिया ने इसे एक बड़ी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि गया शहर के लोगों और देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को मात्र 10 रुपए में अब भरपेट भोजन मिलेगा। रोजाना 4 घंटे के लिए अन्नपूर्णा रसोई चलेगी। यहां काफी सात्विक और साफ- सुथरे तौर पर भोजन परोसा जाएगा। भोजन के लिए लोगों को पहले 10 रुपये का कूपन लेना होगा। कूपन के माध्यम से लोगों को खाना में चार रोटी, चावल, दाल, अचार, एक सब्जी रहेगा। वही मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि शहर के प्रबुद्ध लोगों के आपसी सहयोग से यह संभव हो पाया है। विष्णुपद इलाके में रसोई खुलने से पिंडदानियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पंडा समाज के महेश लाल गुप्त, राजन सिजवार, मणिलाल बारीक, विपेंद्र अग्रवाल, वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सिंह, अनंतधीश अमन संजू श्रीवास्तव, विनोद जसरपुरिया, पवन मोर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री के नेतृत्व में सफल आयोजन के लिए जन विश्वास यात्रा गांधी मैदान में

गया। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा जन विश्वास यात्रा का आगमन 24 फरवरी को गया के गांधी मैदान में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह विधायक बेलागंज सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में भव्य तैयारी की जा रही है। गांधी मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है एवं पूरे शहर को बैनर पोस्टर से सजा दिया गया है। जन विश्वास यात्रा के तहत शुक्रवार के रात में ही गया जिला मे प्रवेश कर जाएगे औरंगाबाद के बाद, शनिवार को तेजस्वी यादव गया, नवादा, नालंदा सहित जहानाबाद में सभा को संबोधित करेंगे। इस सभा को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है एवं सभा को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर मेहनत कर रहे हैं। इस संबंध में पूर्व मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि जन विश्वास यात्रा के तहत पूरे बिहार में हमारे नेता तेजस्वी यादव घूम रहे हैं इसी क्रम में

# जनता दरबार में 31 परिवादियों के सुना फरियाद: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 31 परिवादियों के फरियाद को सुना। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, आवास योजना, जमाबंदी रसीद, अतिक्रमण, अनियमितता, टोला सेवक, पंचायत सरकार भवन, वन विभाग, नाली गली, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम भोपत बिगहा निवासी संगीता देवी द्वारा बताया गया कि मुझे अभी तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला है तथा नगर परिषद अरवल को जीयोटैग फोटो भी भेज दिया गया है। मुझे आवास योजना की सख्त जरूरत है। मुझे आवास योजना से मिलने वाली राशि उपलब्ध करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अरवल को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया।

कुर्था प्रखण्ड स्थित ग्राम मोहर बिगहा निवासी रमिन्ता देवी द्वारा बताया गया कि मेरी निजी जमीन पर मुखिया पति द्वारा पक्का नाली का निर्माण किया जा रहा है। मना करने पर बल पूर्वक नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली का निर्माण कार्य पर रोक लगवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी कुर्था को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम टेकारी निवासी हुलास कुमार द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी द्वारा अतिक्रमणकारियों से जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का निदेश दिया गया था। अतिक्रमित सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी करपी से इस संबंध में जबाब माँगा गया तथा निष्पादन का निदेश दिया।

### करपी वं कुर्था प्रखंड प्रमुख के रिक्त पदों पर 27 फरवरी को निर्वाचन किया जाएगा

अरवल। जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पं०) अरवल के आदेश ज्ञापांक 181/ पंचायत एवं 182/ पंचायत 10.02.2024 द्वारा सूचित किया जाता है कि करपी प्रखंड के प्रमुख के रिक्त पद एवं कुर्था प्रखण्ड के प्रमुख एवं उप प्रमुख के रिक्त पदों पर 27 फरवरी को निर्वाचन सम्पन्न किया जायेगा। कुर्था प्रखण्ड के पंचायत समिति के प्रमुख / उप प्रमुख का निर्वाचन 10:30 बजे पूर्वाहन में अनुमंडल कार्यालय, अरवल के सभागार (प्रथम तल) एवं करपी प्रखण्ड के पंचायत समिति के प्रमुख का निर्वाचन 02:00 बजे अपराह्न पर किया जायेगा साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी संपन्न किया जायेगा। इस संबंध में प्रमुख/उप प्रमुख के निर्वाचन को स्वच्छ एवं विधि सम्मत तरीके से संचालन के लिए ओम प्रकाश (बि०प्र०से०) अनुमंडल दण्डाधिकारी, अरवल द्वारा द०प्र०स० की धारा-144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त शपथ ग्रहण स्थान परिसर से 200 मीटर परिधि के अंतर्गत 27.02.2024 को निषेधाज्ञा जारी किया गया है, जिसमें चार या चार से अधिक व्यक्तियों का एक साथ इकट्ठा होना प्रतिबंधित रहेगा।

# कार्रवाई तेलपा थाना के राधे बीघा में अवैध मिनी गन फैक्ट्री पर छापा

- भारी मात्रा में हथियार बरामद, 3 मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा
- 200 से ज्यादा निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार बरामद

प्रात : किरण संवाददाता, रंजन कुमार



करपी, अरवल। बिते दिन बिहार एसटीएफ की टीम ने करपी प्रखंड के शहर तेलपा ओपी अंतर्गत राधेबिगहा गांव में अवैध रूप से संचालित मिनी गन फैक्ट्री पर छापा मारा, इस दौरान भारी मात्रा में हथियार बनाने वाले उपकरण के साथ साथ भारी संख्या में हथियार बरामद किया ! गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस की टीम ने जब छापेमारी की तो एक घर के अंदर अवैध हथियार बनाने वाली मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ! पुलिस ने अर्धनिर्मित हथियारों का जखीरा व अवैध हथियार तैयार करने वाले उपकरणों को जब्त किया है ! शुक्रवार को एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया गया ! एसटीएफ टीम के साथ अरवल एसपी विद्यासागर व डीएसपी राजीव रंजन खुद इस छापेमारी में मौजूद रहे !राधेबीघा गांव पहुंची पुलिस की टीम ने राधेबिगहा निवासी मुकेश कुमार के घर में छापेमारी की की !उक्त घर में अवैध हथियार बनाने का काम चोरी-छिपे चल रहा था! पुलिस ने मौके से बड़ी संख्या में निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार बरामद किया जबकि हथियार बनाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों को भी जब्त किया गया! जिले में मिनी गन फैक्ट्री के खुलासे होने से सनसनी फैली है ! करीब 200 निर्मित व अर्धनिर्मित हथियार जब्त किए जाने की बात सामने आई !वहीं आशंका जतायी जा रही है कि यहां तैयार होने वाले अवैध हथियारों को जिले के बाहर भी भेजा जाता होगा! बता दें कि हाल में ही मुख्य चुनाव आयुक्त बिहार आए और तमाम जिलों के एसपी के साथ उनकी बैठक हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर अब जिलों को विशेष तैयारी करने को कहा गया है। चुनाव पूर्व इस अवैध मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन को प्रशासन की बडी सफलता मानी जा रही है !

# खिजरसराय फाइनेंस कंपनी लूटकांड का खुलासा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया जिला के खिजरसराय में 9 फरवरी को उत्कर्ष बैक में हुई लूट के मामले में गया पुलिस ने खुलासा कर दिया है ।बैक कर्मियों को बंधक बनाकर 8.68 लाख रुपए लूटने वाले चार अपराधियों में से एक को गया पुलिस ने घर दबोचा है जो पकडा गया बदमाश सुरेश चौधरी नवादा जिले के मेसकोर थाना श्रेत्र के अदगावा का रहने वाला है ।गया पुलिस ने इसके पास से एक देशी कट्टा, 26 हजार रुपए, एक मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया गया है ।इसकी जानकारी देते हुए एस एस पी आशिष भारती ने बताया कि बैंक लूट की घटना को गंभीरता से लेकर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अंचल निरीक्षक और खिजरसराय थानाअध्यक्ष सहित और अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं तकनीकी शाखाके साथ टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई केनी पहाड के तपसी बाबा शिव मंदिर के पास हथियार के साथ एक व्यक्ति के रहने की सुचना मिली, गया पुलिस वहा पहुंचा तो एक व्यक्ति भागने लगा जिसे पुलिस बल द्वारा पकडा गया ।तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेडे देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, मोबाइल, लूटकांड प्रयुक्त बाईक मिला। इस बैक लूटकांड के मास्टरमाइंड को जल्द गिरफ्तारी होगी यह बाते एस एस पी ने कहा पकडे गये अपराधी के साथ तीन अन्य अपराधी के साथ बैक लूटने मे अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। लगातार छापेमारी कर रही है इस बैक लूटकांड में खुलासा करने और अपराधी को गिरफ्तार करने में शामिल पुलिस टीम पुरस्कृत किए जाएंगा।

# संरक्षा, सुरक्षा एवं समय पालन रेलवे की प्राथमिकता: एकनाथ मोहकर

प्रात : किरण संवाददाता



सोननगर (औरंगाबाद)। सुचारू रेल परिचालन के साथ रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु रेलवे लगातार प्रयासरत है। सुरक्षा, संरक्षा एवं समय पालन रेलवे की प्राथमिकता है ।इसी क्रम में सोननगर, पहलेजा व डेहरी स्टेशन पर उन्नयन के कार्य किया गया ।उक्त बातें पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता एक नाथ मोहकर ने कही। उन्होंने बताया कि डीडीयू रेल मंडल के अंतर्गत बीडी सेक्शन में नवनिर्मित तीसरी लाइन से जुड़ाव हेतु सोननगर स्टेशन पर आरआरआई सिस्टम के उन्नयन व बड़े पैमाने पर यार्ड संरचना में परिवर्तन करते हुए आरआरआई सिस्टम में 84 नए रूट जुड़ गए हैं। इसके साथ ही अब सोन नगर स्टेशन के आरआरआई सिस्टम की रुट क्षमता 342 हो गई है।

इस उन्नयनिकृत सिस्टम से डीडीयू मंडल में रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि में सहायक होगा। विशेषकर इस क्षेत्र में कोयला लदी मालगाड़ियों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ बीडी सेक्शन में रेल परिचालन तेज एवं सुगम होगा। साथ ही संरक्षा भी और सुदृढ़ होगी। साथ ही डीडीयू मंडल के अंतर्गत 10 किलोमीटर लंबे सोन नगर- डेहरी ऑन सोन तथा डेहरी ऑन सोन- पहलेजा ब्लॉक सेक्शन में पूर्व मध्य रेल का पहला ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम लगाया गया। यह सिस्टम रेल खंड में ट्रेनों के ऑटोमेटिक रूप से आवागमन एवं नियंत्रण में सहायक होगा। संरक्षा में वृद्धि के साथ इससे लाइन क्षमता में वृद्धि होगी तथा ट्रेनों का और त्वरित परिचालन सम्भव होगा।

पुसौली स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान रन ओवर होने वाले शहीद स्व सुधांशू ज्योति के आश्रितों को 3 लाख 61हजार 500 रुपए व शहीद स्व हरदेव प्रसाद के आश्रितों को भी 3 लाख 61 हजार 500 रुपए की रेलवे द्वारा समापन भुगतान के अतिरिक्त पीसीएसटीई एक नाथ मोहकर ने अपने हाथों से दीं। और ऐसे प्रयासो को रेलकर्मियों की नेक पहल बताया ।रेलकर्मियों के आश्रितों को अतिरिक्त मदद व रेलकर्मियों के बीच पीसीएसटीई के द्वारा थरमस वितरण की प्रशंसा की तथा ईसीआरकेयू ने अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान के नेतृत्व संविधान एवं फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर ईसीआरकेयू के उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप, संजय यादव, जगत सिंह सहित बड़ी संख्या में यूनियन से जुड़े रेलकर्मियों उपस्थित थे। मौके पर मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता पूर्व मध्य रेल मुदित कुमार श्रीवास्तव, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता राजेश कुमार कुशवाहा, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार विभाग बीके यादव, सीनियर डीईएन विकेश कुमार, मंडल परिचालन प्रबंधक धीरज कुमार, एडीईन सुमन कुमार, अविनाश यादव, अनिल रजक आदि सहित दर्जनों मंडल स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी विधि विवादित किशोर दोष सिद्ध

औरंगाबाद। किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने 2022 के एक मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए एक विधि विवादित किशोर को दोषी पाया। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि विधि विवादित किशोर को आज भादंवि धारा -376 (ए)( बी) और 4 पोक्सो एक्ट में आज दोषी पाया गया और तीन साल के लिए किशोर को स्पेशल होम भेज दिया गया है। निर्णय में डाक्टर और आई. ओ सहित आठ गवाही और एफ. एस. एल. रिपोर्ट तथा मेडिकल रिपोर्ट अहम भूमिका निभाई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी पीड़िता के मां ने 11 अगस्त 2022 को दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि उनकी पांच साल की बच्ची के साथ 15 साल के किशोर ने रेप किया था। विधि विवादित किशोर पर 29 नवम्बर 2022 को आरोप गठन किया गया था। विधि विवादित किशोर पर्यवेक्षण गृह गया में संसिमित था दोषसिद्ध किए जाने के बाद स्पेशल होम पटना भेजा गया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा साप्ताहिक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज, गया की यूनिट 1 एवं यूनिट 2 दोनों के द्वारा दो साप्ताहिक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है। इसकी शुरूआत प्रधानाचार्य सतीश सिंह चंद्र के द्वारा की गई ,इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ भाग लिया है ।जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो चुकी है ऐसे युवाओं को मतदान करने के लिए स्वयंसेवकों द्वारा प्रेषित किया गया और उन्हें मतदान के तरीके बताए गए हैं ।इस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि सही व्यक्ति को मतदान करने से देश कितना आगे जा सकता है । जाति ,धर्म, भाषा संप्रदाय के भेदभाव से ऊपर उठकर हमें मतदान करना चाहिए। हमें किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए या किसी के प्रलोभन में आकर मतदान नहीं करना चाहिए । इसमें एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया है ।जिसमें विपिन कुमार, आर्यन, सावन अभिषेक, विशाल, राज, तनु, दिव्या भारती, कुंदन, भोला, रिया, रानी ,इश्तियाक आलम ,उरुज ताकीर, रिशव राज इत्यादि ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी है। यह कार्यक्रम दो सप्ताह तक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महाविद्यालय परिसर में चलाया जाएगा। उसके लिए मुख्य द्वार के पास में स्थित स्थान पर बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से इसका प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि लोग वोट देने के प्रति जागरूक हो और अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# आज जिले के प्रत्येक मंडल में जिला में सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

गया । भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बिहार प्रदेश का वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष सह पातेपुर विधायक लाखेन्द पासवान के अध्यक्षता में आयोजित की गई है ।इस वर्चुअल बैठक में उन्होंने आगामी 24 फरवरी को बस्ती संपर्क अभियान चलने को लेकर मार्गदर्शन दिए ।उन्होंने बताया की 24 फरवरी को जिले के प्रत्येक मंडल में जिला के पदाधिकारी को प्रभारी के रूप में जाकर मण्डल अध्यक्ष एवं उनके सभी कमिटि के साथ बूथ स्तर तक बस्ती संपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किये ।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रव्यापी अभियान है।

इस अभियान के तहत पूरे देश में लगभग 1 लाख दलित बस्ती में भाजपा कार्यकर्त्ता संपर्क कार्यक्रम चलाएंगे। वहीं बिहार के 1126 मंडलों में संपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिए तथा हर मंडल में लगभग 30 बस्ती में जाकर केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजना में को बताएंगे।

इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सदस्यता भी दिलाएंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम को पूर्व संत रविदास की जयंती मनाने का कार्य करेंगे ।इन सभी कार्यक्रम को सरल ऐप पर डाउनलोड करेंगे। इस वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं जिला के सभी अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री मनोज चौधरी ने किया ।इस बैठक में प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद चौधरी, प्रदेश मंत्री आनन्द राम, प्रेम शंकर पासवान, सुनील दास, सविनय पासवान, मिलन रजक, प्रदीप रावत, संगीता पासवान, किरण कुमारी ,सुनीता पासवान, सहित सैकड़ों पदाधिकारी शामिल हुये वर्चुअल बैठक में इसकी जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती ने दिया है।

### नारी शक्ति सम्मान वंदन अभिनंदन समारोह

गया ।भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई गया के द्वारा गुरारू के सर्वोदय विद्या मंदिर के मैदान में 24 शनिवार को गुरुआ एवं टेकारी विधानसभा के संयुक्त महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के गुरूआ एवं टिकरी विधानसभा के सभी महिला मंडल अध्यक्ष एवं उनके सभी पदाधिकारी और सभी मंडल अध्यक्ष एवं उनके सभी पदाधिकारी सभी पूर्व मंडल अध्यक्ष एवम सभी भाजपा कार्यकर्ता को सादर आमंत्रित किया गया हैं इस कार्यक्रम के उद्घघाटन करता सुशील कुमार सिंह सांसद औरंगाबाद बिहार होगे ।इसकी जानकारी महिला मोर्चा अध्यक्ष करुणा सिह ने दी है

# बीएड प्रशिक्षुओं ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा प्राचार्य डा सतीश सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर आज मध्य विद्यालय हरियो में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जिसमें विद्यालय बच्चों ने बीएड प्रसिक्षुओं के मार्गदर्शन में विभिन्न विज्ञान के सैद्धांतिक अवधारणाओं पर विज्ञान के कार्यकारी व आकार्यकारी प्रतिरूपों का निर्माण किया मौके पर प्रसिक्षुओंऔर विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विभाग अध्यक्ष डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि विज्ञान की अवधारणाओं को सरल करने में यह प्रदेशानी मिल का पत्थर साबित होगी आमतौर पर यह देखा जाता है कि विज्ञान की अवधारणा जटिल होने के कारण विद्यार्थी सैद्धांतिक रूप से उसे कक्षा में समझ नहीं पाते हैं परंतु जब उन अवधारणाओं पर प्रतिरूपों का निर्माण कर उन्हें समझाया जाता है और दैनिक जीवन से उसे प्रकरण से संबंधित उदाहरण दिए जाते हैं तो ऐसे में विद्यार्थी उन अवधारणाओं को आसानी से समझ लेते हैं. विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से नन्हे मुन्ने. विद्यार्थियों को यह संदेश भी देना था कि रॉकेट मिसाइल. चंद्रयान आदि जैसे जटिल प्रकरणों पर उनके बीच. प्रतिरूपों के माध्यम से जागरूकता भी उत्पन्न करना था। बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में सौरमंडल. सोलर कुकर. विद्युत घंटी. वॉटर प्यूरीफायर. ज्वालामुखी आदि से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं पर प्रदर्शनी में मॉडलों का प्रदर्शन किया गया है मुख्य आकर्षण का केंद्र विद्युत चुंबकिये क्षेत्र प्रभाव से जलने वाले बल्ब और उस ऊर्जा से मोबाइल चार्ज करने की विधि रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मुरारी मिश्र ने प्रशिक्षुओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनकी की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन के कारण ही यह विज्ञान प्रदर्शनी संभव हो पाई है। ऐसे में मैं यह चाहता हूं कि इन विद्यार्थियों का मेरे विद्यालय से निरंतर संबंध बना रहे और अभ्यास शिक्षण के लिए सदैव इनका स्वागत है ।इस मौके पर शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अमरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे ।धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रध्यापिका डा नीना प्रियादर्शनि ने किया है।

# हाई कोर्ट के जस्टिस शेरघाटी व्यवहार न्यायालय का किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। व्यवहार न्यायालय शेरघाटी में शुक्रवार को दोपहर बाद हाई कोर्ट के जस्टिस पीबी वैजयंती पहुँचे उन्होंने न्यायिक कार्यो का निरीक्षण करते हुए बार के अधिवक्ताओं से मिले। न्यायिक व्यवस्था के बारे में पूछताछ किया। न्यायिक पदाधिकारी के साथ बैठक कर न्यायिक कार्यो के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीजे कोर्ट के सुनवाई को देखें। उक्त दौरान अधिवक्ताओ ने न्यायालय में अधिकारियों के बढ़ाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा इधर जानकारी देते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद यादव ने बताया कि न्यायलय में उत्पाद न्यायालय की मांग एवं न्यायधीश की मांग भी की गई है जिससे लोगो को सहूलियत मिल सके ।उक्त दौरान सभी न्यायाधीश एवं सभी अधिवक्ता एक साथ नजर आए उक्त दौरान अभय सिंह, खुशी सिंह दीपक सिंह, चंदन कुमार सिंह समेत कई अधिवक्ताओं की मौजूदगी नजर आई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए सभी विद्वान अधिवक्ताओं का सहयोग अपेक्षित : जिला जज

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने 09 मार्च 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर विधि संघ एवं अधिवक्ता संघ के सभी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ अपने प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित किया। बैठक में सर्वप्रथम नव निर्वाचित जिला विधि संघ के पदाधिकारियों को जिला जज ने बधाई और शुभकामनाएं दिये उसके उपरांत औपचारिक बैठक प्रारंभ हुआ। बैठक में जिला जज ने उपस्थित विधि संघ के समस्त पदधारियों से आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विस्तृत परिचिर्चा किया गया जिसमें दोनों संघ के अध्यक्ष सचिव के द्वारा अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समस्त जरूरी उपक्रम एवं सहयोग देने एवं अधिक से अधिक वादों के निष्पादन में पूर्ण सहयोग हेतु आशवस्त किया। जिला जज ने बैठक में उपस्थित दोनों अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ पदधारियों से भी सहयोग हेतु विशेष अपील किया गया ताकि वे अपने अन्तर्गत कार्यरत अधिवक्ताओं को भी वाद के निस्तारण हेतु प्रेरित करें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण अधिक से अधिक हो सके। जिला जज ने दोनों अधिवक्ता संघ से अपील किया है कि वे पक्षकारो को जितना हो सके उनके सुलहनीय वादों को समाप्त कराने हेतु प्रेरित करें एवं जरूरत पड़े तो सम्बन्धित न्यायालय या जिला विधिक सेवा प्राधिकार से सम्पर्क स्थापित कर पक्षकारो को कान्सेलिंग हेतु सम्पर्क करें ताकि समय रहते पक्षकारो को कान्सेलिंग कर उनके विवाद को सहज तरीके से निष्पादित कराकर उनके बीच प्रेम और सदभाव की भावना स्थापित हो सके। जिला जज ने सभी तरह के सुलहनीय वादों के निस्तारण कराने के साथ-साथ एनआई एक्ट (चेक बाउन्स) के मामलों पर विशेष रूप से ध्यान देकर पक्षकारो के बीच कॉन्सेलिंग के माध्यम से उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके अनुरूप ही समाधान करते हुए उनके वादों को निस्तारण करायें। जिला जज ने सभी अधिवक्ताओं को सुझाव देते हुए उनके कई कई सुझाव पर गम्भीरतापूर्वक विचार करते हुए कई दिशा-निर्देश प्राधिकार को दिया। बैठक में जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता पदधारी अकमल हसन, यमुना प्रसाद सिंह, महेश प्रसाद सिंह, सहित दोनों संघों के सभी पदधारी अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### एसडीओ ने जन वितरण दुकानों का किया जांच

शेरघाटी। अनुमंडल पदाधिकारी सारा अशरफ ने डुमरिया प्रखंड में दो जन वितरण प्रणाली के दुकानों का औचक निरीक्षण किया. प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी एसडीओ ने शुक्रवार को दिया। उन्होंने कहा कि मोहम्मद असगर अली एवं उपेंद्र पासवान के द्वारा 23 जनवरी को ही राशन का उठाव गोदाम से किया गया था. दुकानदारों के द्वारा वितरण भी शुरू नहीं किया गया है। बावजूद इसके स्टॉक दोनों के दुकान में काम पाया गया। उन्होंने कहा कि उठाव किए गए राशन में से 89.5 क्विंटल अनाज उपेंद्र पासवान के यहां कम पाया गया। जबकि असगर अली के यहां 39 क्विंटल अनाज कम पाया गया. दुकानदारों के द्वारा अनियमितता पाए जाने के बाद दोनों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके साथ-साथ दोनों जन वितरण प्रणाली के दुकानों का लाइसेंस रद्द करने की बात कही है।

# सीयूएसबी में थिन फिल्म और कोटिंग पर आयोजित कार्यशाला में कई पहलुओं पर चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी में एसईआरबी द्वारा वित्त पोषित ह्यथिन फिल्म एंड कोटिंगह्ल टीएफसी 2024 पर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन विषय से जुड़े कई पहलुओं पर मंथन किया गया है` जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) ने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरूआत संयोजक डॉ. विजय राज सिंह भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर के स्वागत भाषण से हुआ ।मुख्य वक्ता के रूप में भारत में पतली फिल्म कोटिंग के जनेमाने विशेषज्ञ वीआईटी आंध्र प्रदेश के डॉ. वी. के. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पतली फिल्म पर कार्य करने के लिए सही परिस्थितियाँ बनाना सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है जिसमें विभिन्न प्रकार के पंपों की मदद से वैक्यूम चैंबर बनाने की भूमिका काफी अहम है` उन्होंने इस प्रक्रिया को करते समय आने वाली कठिनाइयों जैसे धूल के कण से पतली फिल्म के दूषित होने का उल्लेख किया है। डॉ. वर्मा ने विभिन्न प्रकार के पंपों जैसे आणविक पंप, रोटरी पंप और प्रसार पंप की संरचना और कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने अल्ट्रा हाई वैक्यूम बनाने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला है। इसके बाद चैम्बर के वैक्यूम स्तर को मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के गेजों के बारे में संक्षिप्त चर्चा की गई। डॉ. वर्मा ने संक्षेप में तंत्र की व्याख्या की और कई मूल्यवान तरकीबें और तकनीक साझा की जो उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा से सीखी हैं। व्याख्यान एक बातचीत सत्र के साथ समाप्त हुआ जहां उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सभी संभावित संदेहों का उत्तर दिया है। आगे कार्यशाला के संयोजक डॉ. विजय राज सिंह ने आरएफ मैग्नेट्रोन स्पटरिंग द्वारा कोटिंग ऑफ थिन फिल्म के बारे में व्याख्यान दिया है। उन्होंने अपने व्याख्यान की शुरूआत स्पिंट्रोनिक्स के परिचय के साथ की जो आज की दुनिया में सबसे अधिक प्रासंगिक अनुसंधान क्षेत्रों में से एक है। डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों को मल्टीफेरोइज्म से भी परिचित कराया है `कार्यशाला का समापन समारोह में डॉ. पुनीत मिश्रा ने मुख्य वक्ता डॉ. वी.आर. सिंह एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ. रोहित रंजन शाही को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके पश्चात आर्यभट्ट भवन में एक प्रदर्शन सत्र आयोजित हुआ, जहां विभिन्न प्रकार की मशीनरी, पंप और तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिनका उपयोग पतली फिल्म कोटिंग के संश्लेषण के लिए किया जाता है। प्रतिभागियों ने निर्वात कक्ष के नीचे प्लाज्मा का निर्माण देखा तथा सत्र के दौरान इलेक्ट्रॉन बीम जमाव और थर्मल वाष्प जमाव जैसे अन्य प्रदर्शन भी दिखाए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बरियारपुर 501 महिलाओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा

मुंगेर । माघी पूर्णिमा के अवसर पर पैरु मंडल टोला की ओर से गंगा के पावन तट पर गंगा के नाविक संघ पैरु मंडल टोला की ओर से आयोजित होने वाले अखंड रामधुन अष्टयाम के अवसर पर 501 महिलाओं ने भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जिसका नेतृत्व नाविक संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार ने किया उसने बताया कि पिछले 10 वर्षो से नाविक संघ पैरु मंडल टोला की ओर से पैरु मंडल टोला गंगा पार तट पर अखंड राम धुन अष्टयाम का आयोजन किया जाता आ रहा है। इस वर्ष भी 24 घंटे के अष्टयाम के साथ अन्य भक्ति आयोजन किया जा रहा है। साथ ही महा भंडारा भी किया जाएगा। जिसे लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा पैरु मंडल टोला दुर्गा स्थान से निकलकर पेट्रोल पंप ब्रह्मस्थान का भ्रमण किया। जहां से विजयनगर, कल्याण टोला, महेशपुर, कलारामपुर व बोचाही होते हुए भगत चौकी से गंगा तट पहुंचा। जहां नाव से गंगा पार आयोजन स्थल पर पहुंचकर कलश यात्रा समाप्त हुआ। सड़कों पर निकले कलश शोभायात्रा से माहौल भक्तिमय देखा गया। लोगों ने जगह-जगह कलश शोभा यात्रा का स्वागत किया। कलश शोभा यात्रा व आयोजन के सफल संचालन में सुमन कुमार, लुचो मंडल, मुन्ना मंडल, विजय मंडल के साथ समाजसेवी रामानंद शर्मा उर्फ मुन्ना, आलोक नाथ रंजन, किशोर कुमार आदि के द्वारा सहयोग किया जा रहा था। कलश शोभायात्रा में आरती कुमारी, प्रियांशी कुमारी, राजमणि देवी, गुंजन कुमारी, सुप्रिया कुमारी, मंजू कुमारी, सुलेखा देवी, सागो देवी सहित बड़ी संख्या में महिला उपस्थित थे।

### श्री श्री 108 श्रीराम जानकी प्राण प्रतिष्ठा विधिवत रूप से हुआ समापन

नवगछिया (भागलपुर)। श्री श्री 108 श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह स्थानीय पंचमुखी बालाजी धाम नवादा नवगछिया के मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा के साथ विधिवत रूप से समापन हुआ है। इस कार्यक्रम के पूर्व में बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री राम जानकी की प्रतिमा का पंचमुखी बालाजी धाम मंदिर के ऊपरी तल पर विधिवत रूप से पूजन कर स्थापित की गई थी। इस दौरान प्रभु श्रीराम व जानकी के प्रतिमा दर्शन व पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा था। वही श्राद्धालुओं ने श्रीराम व जानकी के दर्शन करने हेतु दूर दूर से भक्तगण अपने परिवार के साथ मंदिर प्रांगण पहुंचे थे। इसके पूर्व प्रभु श्रीराम व जानकी की प्रतिमा को भव्य रूप से नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई थी। इस दौरान पूरे क्षेत्र इलाके में राम भक्तजनों ने जय श्री राम के जयघोष से गूँजमान हो उठा था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य व्यवस्था शंकर बाबा, श्रीधर शर्मा, विक्रम भुडोलिया, अशोक केडिया, सुमित भगत, कुंदन बाबा, सन्तोष गुप्ता, अरुण मावन्डिया, मौशम शर्मा, काशी गुप्ता, सन्तोष साह, शंकर बिमल मावन्डिया, रबि साह, मणिकांत मंडल, श्रीकांत मंडल, सुरेंद्र शर्मा, चंदेश्वरी सिंह सहित नवादा ग्रामवासी के अलावा नवगछिया नगर के सैकड़ों भक्तगण लगे हुए थे।

# नवगछिया एसपी अपनी टीम के साथ क्षेत्र का जायजा लेने पहुंचे रंगरा गांव

- पीड़ित परिवार से मिल उनके बीच हो रही समस्या की जानकारी लेने के साथ दोषियों पर कार्रवाई के दिये आश्वासन

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस अधीक्षक पूरण कुमार झा व उनकी पुलिस टीम के साथ साथ अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र जायजा लेने के क्रम में रंगरा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने स्थानीय ग्रामीण मृत महिला के पीड़ित परिवार से मिलकर उनके साथ बातचीत की उन्होंने पीड़ित परिवार के लोगों को किसी भी तरह की परेशानी व समस्या उत्पन्न न हो इस बात की भी जानकारी ली है। वही पीड़ित परिवार के लोगों से कहा है कि अगर किसी तरह की कोई भी परेशानी हो तो वह 24 घंटा हमसे संपर्क कर सकते है। वहीं उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा है कि इस निर्मम हत्या में जिसका भी हाथ है, वह जल्द ही गिरफ्तार होगा। वही उन्होंने ने मीडिया प्रतिनिधि से बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर लगातार टीम काम कर रही हैं जल्द दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम किया जायेगा। वही उन्होंने गांव के माहौल को लेकर बताया कि इलाके में सौहार्द व शांतिपूर्ण माहौल है। कही पर किसी भी तरह का कोई तनाव नहीं है। ज्ञात हो कि विगत 16 फरवरी को रंगरा गांव के दक्षिणवरी टोला के मनोज मंडल की पत्नी शोभा देवी दूध पहुंचाने को लेकर के घर से निकली थी लेकिन इस दौरान वह वापस अपने घर नहीं लौटी थी। जिसके बाद से शोभा गायब चल रही थी। वही विगत 17 फरवरी को उनके परिवार सदस्यों ने मिलकर रंगरा ओपी थाना में गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया गया था। वहीं मामले के बाद विगत 18 फरवरी की सुबह में लापता महिला का शव कैलाश मिश्र के घर के समीप बरामद किया गया था। जिसके बाद इलाके के ग्रामीणों का आक्रोश के बीच हुए तनाव के दौरान पुलिस गाड़ी सहित पांच छोटे बड़े वाहनों को ग्रामीणों ने आग के हवाले कर दिया था। इस घटना क्रम में स्थिति पर नियंत्रण पाने को लेकर पुलिस द्वारा बल का प्रयोग कर गोली फायरिंग के साथ कानूनी कार्रवाई की कवायद तेज कर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई थी।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर का फंदे से लटका मिला शव

भागलपुर। बरारी थाना क्षेत्र के झौआकोठी स्थित एक फ्लैट के कमरे में रह रही सॉफ्टवेयर इंजीनियर आकांक्षा नामक युवती का कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व युवती आकांक्षा की मां व बहन उसके फ्लैट पर मिलने पहुंची थी। वही उनके घर वालों के आने के बाद राहुल नामक युवक तिलकामांझी स्थित अपने बहन के ससुराल चला गया था। वही आकांक्षा के घर वाले कब भागलपुर से वापस गये इसकी जानकारी उसके साथ रह रहे युवक राहुल को नहीं थी। बताया जाता है की आकांक्षा के परिजन अंतजार्तीय युवक के साथ विवाह को लेकर सभी परिवार ना खुश चल रहे थे। दो दिन पहले घर वाले अपनी जाति के लड़के से शादी की बात करने के लिए ही फ्लैट में पहुंची थी। वही युवक राहुल ने बताया कि सुबह से ही आकांक्षा के मोबाइल फोन पर कई मैसेज व कॉल कर रहे थे लेकिन कोई जवाब नहीं दे रही थी। जब देर शाम में फ्लैट पर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो कुछ गलत होने का शंसय आभास लेकर त्वरित पीछे के दरवाजे को तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश किया।

# शब ए बरात लोगों की है, इबादत की रात: सज्जादानशीं



प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर शब ए बरात लोगों के लिए इबादत की रात होती हैं। इस रात सभी मुसलमानो को एहतराम करना चाहिए। मुसलमानों को अपने पूर्वजों के लिये खुदा से मगफेरत की दुआ मांग करनी चाहिए। ये बातें खानका ए आलिया फरिदिया मोहब्बतिया के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ फरीदी एवं ायव सज्जादानशीं हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ फरीदी ने कही। साथ ही उन्होंने कहा कि मस्जिदों, खानकाहों, मजार शरीफ एवं अपने घरो में तिलावते कुरान शरीफ करें, और नफल की नमाज अदा करें। पैगम्बर मो. मुस्तफा सल्लाहो वसल्लम ने शब ए बरात के इस रात को लोगों के लिए इबादत की रात बताया है, इस दौरान मांगी गई दुआओं के कबूल होने की रात होती है, इस रात इबादत करने से लोगों के साल भर की गुनाह माफ कर दी जाती हैं। पैगम्बर मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहो वसल्लम इस महिने अक्सर रोजा रखा करते थे, शब ए बरात साल के आगामी 25 फरवरी को बड़े उत्साह के साथ मनायी जायेगी।

# बिजली के करंट से 19 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत

- घटना के बाद से पुरे गांव इलाके में पसरा हुआ है सन्नाटा
- परिजनों व शुभचिंतको के बीच छाया है मातम का साया

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नारायणपुर प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत बिहपुर थाना परिक्षेत्र स्थित गंगा पार बैकंठपुर दुधैला पंचायत चौहद्दी गांव के एक ग्रामीण की बिजली झटका लगने के कारण मौके पर हुई मौत का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव के कांग्रेस मंडल के पुत्र 19 बर्षीय साजन मंडल सुबह अपने खेत पर गया था जहां बहियार में लगे बिजली तार की चपेट में आने से उसे करंट का जोरदार झटका लग गया। जिससे ग्रामीण बुरी तरह से झुलस गया था। वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे किसी तरह से बिजली झटके से बचाव कर जख्मी व गम्भीर हालत में त्वरित इलाज के लिए परिजनों व ग्रामीणों ने आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लेजाया गया। जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची बिहपुर पुलिस टीम ने मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच करने के साथ ही परिजनों व ग्रामीणों के बताये तथ्यों के आधार पर फर्द बयान दर्ज करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया भेज दिया। मृतक के पिता कांग्रेस मंडल ने बताया कि मकई खेत में काटेदार व प्लेन तार की घेराबंदी चौहद्दी गांव के ग्रामीण गोविंद मंडल द्वारा बिजली का तार लगाया था।

जिसके संपर्क में आने से मेरे पुत्र की मौत हो गयी है। वही मिली जानकारी के तहत मृतक युवक चार भाई व पांच बहन में संझला था। घटना के बाद मृतक के घर परिवार के बीच मातमी माहौल बना हुआ है तो वही इस दर्दनाक हादसा से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ दिख रहा है। वही घटना से आहत हुए परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही दूसरी तरफ घटना को लेकर स्थानीय वार्ड सदस्य हजारी मंडल सहित ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा देने की मांग को लेकर नारायणपुर अंचलाधिकारी से की है।

### नए अंचलाधिकारी का किया स्वागत

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड उप प्रमुख मो. एनामुल के नेतृत्व में कई समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से बिहपुर अंचलाधिकारी लवकुश कुमार का जोरदार स्वागत किया इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र व बुके भेंट देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व क्षेत्र के ग्रामीणों से अंचलाधिकारी लवकुश कुमार ने कहा कि जो भी हमारा काम है, वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक स्थानीय जनता के लिए अवश्य करेंगे। इस दौरान उप प्रमुख मोहम्मद एनामुल ने बताया कि हमें आशा है कि हमारे नए अंचलाधिकारी प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि को सहयोग करते हुए क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगे। इस मौके पर लत्तीपुर दक्षिण पंचायत समिति सदस्य ललन कुमार, बिहपुर मध्य पंचायत समिति प्रतिनिधि मो. जावेद, पंचायत समिति प्रतिनिधि कन्हैया कुमार, राजेश रंजन चौधरी के अलावा अन्य समाजसेवी मौजूद थे।

# जैविक विधि से खेती पर जोड़ दे कृषक: सुशांत

- जैविक खाद के प्रयोग कर अधिक मुनाफा से लाभान्वित की ओर बढ़ें किसान

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इस्माईलपुर प्रखंड परिक्षेत्र के पांच सौ उन्नीस गांव इलाके में नव भारत फर्टिलाइजर के द्वारा जैविक किसान गोष्ठी का भव्य आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी ने क्षेत्र के किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि किसान रासायनिक खाद का फसल उत्पादन के क्षेत्र में अंधाधुंध इस्तेमाल कर अपनी खेती कर रहे हैं। इस रसायन खाद के इस्तेमाल से खेतों की उर्वरा शक्ति घटने लगी है। अब इसका प्रयोग व इस्तेमाल करना बंद करते हुए पंचायत के सभी किसान जैविक विधि तरीके को अपनाने के साथ खेती करने पर बल दे। जिससे कम लागत में अधिक मुनाफा का लाभ उठा सकते हैं। वही रबी फसल की खेती में भी जैविक विधि से खेती करने की सलाह दी है। इस मौके पर एओ कुणाल कुमार कुशवाहा ने कहा कि कृषक अपने खेतो में रासायनिक खाद का प्रयोग न कर जैविक खाद का प्रयोग ही करें। साथ ही उन्होंने बताया कि जैविक खेती से मिट्टी, वायु व हमारा शरीर भी सुरक्षित रहता है। वही इसके प्रयोग किये जाने से फसलों की उपज में अत्यधिक बढ़ोतरी होती है। अतः जैविक खेती को अधिक से अधिक बढ़ावा दे, जिससे आप कृषक किसान को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित होंगे। वही मौके पर नव भारत फर्टिलाइजर के स्टेट डीएमडी हेड सुशांत भट्टाचार्य, एओ कुणाल कुमार कुशवाहा, ग्रुप को-कॉर्डिनेटर सोनू कुमार शर्मा, जीएल दिलीप कुमार ने किसानों को सभी फसलों के लिए जैविक विधि के प्रयोग व उनके लाभान्वित होने की विस्तृत जानकारी साझा करने के साथ उनके इस्तेमाल हेतू तकनीकी जानकारी भी दी। मौके पर किसान सुमन कुमार मंडल, पप्पू कुमार मंडल, कुंदन मंडल, संतोष कुमार मंडल, बेचू मंडल, बिंदेश्वरी मंडल, हीरालाल मंडल, शुशील रजक, दिनेश मंडल के अलावा आसपास क्षेत्र के सैकड़ो किसान मौजूद थे।

# लीगेसी वेस्ट के नाम पर नगर निगम में करोड़ों का घोटाला : संजय केशरी

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर । भ्रष्टाचार के साम्राज्य के रूप में स्थापित हो चुके मुंगेर नगर निगम में ना सिर्फ निजी जमीन पर सड़क बनाने और तोड़ने का खेल चल रहा है बल्कि लीगेसी वेस्ट के नाम पर बिना काम किए पांच करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला किया जा रहा है। उपर्युक्त बातें एनसीपी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय केशरी ने मुंगेर नगर निगम के मुख्य द्वार पर गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि लीगेसी करप्टेडों यानी पुराने भ्रष्टाचारियों के द्वारा लीगेसी वेस्ट यानी पुराने कूड़ा के निष्पादन के नाम पर फिर पुराने तरीके से बेलगाम होकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी शहर की भ्रष्ट सरकार के द्वारा किए जा रहे इस संस्थागत घोटालों को लेकर सड़कों पर लड़ाई एवं विभागीय लड़ाई के साथ-साथ कानून की अदालत में जनहित याचिका भी दायर करेगी। एनसीपी नेता संजय केशरी ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रमंडलीय आयुक्त के आवेदन देकर एक उच्चस्तरीय जांच दल गठित करवा कर मुंगेर नगर निगम के सभी नए और पुराने भ्रष्टाचार का उद्भेदन किया जाएगा ताकि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जा सके। एनसीपी जिला अध्यक्ष सत्यनारायण साह एवं वरीय नेता अजय प्रसाद सिंह ने कहा कि लीगेसी वेस्ट के नाम पर चल रहे करोड़ों रुपए खेल का शीघ्र ही सबूत के साथ खुलासा किया जाएगा। गेट मीटिंग के बाद एनसीपी का पांच सदस्यीय शिष्टमंडल मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त तथा जिला पदाधिकारी को स्मार-पत्र देकर दस दिनों में कार्रवाई करने की मांग की।

### खड़गपुर झील में वाटर स्पॉट्स की स्थापना करने के लिए मिली स्वीकृति

मुंगेर। जिले के हवेली खड़गपुर झील में वाटर स्पोर्ट्स की स्थापना के लिए बिहार राज्य पर्यटन विभाग द्वारा एक करोड़ 50 लाख 90 हजार रुपए की स्वीकृति दे दी गयी है। इसकी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि कुछ माह पूर्व ही जिलाधिकारी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग की टीम द्वारा भी खड़गपुर झील के सौंदर्यीकरण एवं वाटर स्पोर्ट्स के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा विभाग से लगातार समन्वय स्थापित करते हुए समीक्षा कर पत्राचार के माध्यम से आवंटन की मांग की जा रही थी। विभागीय बैठक में भी जिलाधिकारी द्वारा इस बात की जानकारी उपलब्ध करायी गयी थी, जिसके परिणामस्वरूप विभाग द्वारा उक्त राशि आवंटित की गयी है। उन्होंने बताया कि विभाग को डीपीआर तैयार कर भी भेज जा चुका था, जिसके आलोक में आवंटन की मांग की गयी थी। आवंटन स्वीकृति के पश्चात अब उक्त कार्य को शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाटर स्पोर्ट्स की स्थापना एवं सौंदर्यीकरण के कार्य की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया भी लगभग अंतिम चरण में है। शीघ्र ही चयनित संवेदक के माध्यम से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य से न सिर्फ स्थानीय लोगों के सिंचाई की समस्या खत्म होगी बल्कि खड़गपुर झील का सौंदर्यीकरण बढ़ेगा और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इससे सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होगी।

# शौचालय की टंकी हुआ जाम, कई दिनों से फैल रही गंद

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में अवस्थित थाना प्रांगण में मूलभूत सुविधाओं को लेकर कई तरह की समस्या उतपन्न हो दिख रही हैं। वही इस समस्याओं को लेकर पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी थानाध्यक्षों व पुलिस कर्मियों के बीच स्वच्छता मिशन के तहत जागरूकता फैलाने को लेकर अपने-अपने थाना परिसर को प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से साफ-सफाई करने का निर्देश जारी कर दिया गया है, ताकि थाना परिसर में गंदगी नही फैले एवं गंदगी से बजबजाती विषाक्त गंदगी के बीच उत्पन्न हो रही मच्छरों के कारण होने वाले रोगों से बचा जा सके। इस आदेश के आलोक में पुलिस जिले के कई थानों में पुलिस के वरीय अधिकारी व पुलिसकर्मी कुछ हद तक पालन भी करते नजर आ रहे है। वही झंडापुर थाना परिसर में फैल रही गंदगी से साफ तौर पर यह बयान कर रही है कि इस थाने में स्वच्छता मिशन नाम का कोई भी प्रभाव पड़ता नही दिख रहा है आलम यह है कि स्थानीय पुलिस के बरीय अधिकारी व उनके कमीर्यों पर कोई असर नही पड़ता दिख रहा है। उनकी अनदेखी के कारण थाना प्रांगण में अवस्थित कोई भी कर्मी फैल रही गंदगी को लेकर सजग नही दिख रहे हैं। स्थिति यह है कि स्थानीय थाना के परिसर में निर्मित शौचालय की टंकी पिछले कई दिनों से जाम पड़ा दिख रहा है। जिससे यहां रहने वाले अन्य पुलिस कर्मियों एवं थाना पर आगन्तुक फरियादियों के बीच सौच की समस्या उत्पन्न होने के साथ काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही आगन्तु महिला फरियादियों को टॉयलेट के लिए काफी परेशान होती दिखी है क्योकि थाना परिसर में कई वर्ष पहले बना एक ही शौचालय है जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। खपरैल इंट से बना शौचालय के ऊपर का छत भी क्षतिग्रस्त होकर टूट गया है। शौचालय की टंकी कई दिनों से जाम होने के कारण गन्दगी से बजबजाती नजर आ रही है। स्थिति यह है कि बाथरूम के फर्श के ऊपर तक गंदा मल के साथ पानी तैरता हुआ दिखाई पड़ता है। फरियादी व पुलिसकर्मी इस शौचालय में जाने से कतराते नजर आते हैं। वही व्यवस्था को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना परिसर का शौचालय वर्षों पुराना है। यहां नया शौचालय बनाने की जरूरत है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जिला पुलिस पदाधिकारी के बीच इस ओर कोई ध्यान नहीं है जिससे आम लोगों सहित थाना पुलिस कर्मियों के बीच चिंता का सबब बन गया है। ज्ञात हो कि केंद्रीय सरकार के द्वारा देशभर में स्वच्छता अभियान के तहत कई महत्वकांक्षी योजना की शुरूआत की गई थी लेकिन स्थानीय पुलिस जिला स्तर पर कोई भी योजना का धरातल पर उतरते नही दिख रहा है। जिससे आम लोगों के बीच कई तरह की चर्चा आम तौर पर साफ तौर पर देखने को मिल रही हैं।

# तारापुर थाना में शब ए बरात को लेकर की गई शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। गुरुवार की देर शाम तारापुर थाना के प्रांगण में शब ए बरात का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया । गौरतलब है कि बैठक के मौके पर एसडीओ श्री कुमार ने शांति समिति के सभी सदस्यों से अपील कर कहा कि जिस तरह दुर्गा पूजा दीपावली काली पूजा छठ पूजा के अलावे ईद मोहर्रम का त्यौहार कांतिपुर तरीके से मनाया गया ठीक उसी तरह शब ए बारात का त्यौहार संपूर्ण क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए । यह तभी संभव है जब हम सबों के बीच आपसी भाईचारा हमेशा बना रहे। शब ए बरात के मौके पर क्षेत्र के विभिन्न मस्जिद इमामबाड़ा जैसे जगहों के आसपास पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट इत्यादि की व्यवस्था भी अनुमंडल प्रशासन तारापुर करेगी। तारापुर का क्षेत्र सदैव आपसी भाईचारा का क्षेत्र रहा है यहां हम सब हिंदू मुस्लिम एक दूसरे के पर्व त्यौहार में आते-जाते रहे हैं। यही यहां की खूबसूरती है । शब ए बारात को लेकर मुस्लिम समुदाय से जुड़े सभी गांवों में इसकी तैयारी साफ सफाई इत्यादि की व्यवस्था अब अंतिम चरण में है । अपने पुरखों का मजार इमामबाड़ा को पूरी भव्य तरीके से सजाया गया है । इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने स्थानीय थाना अध्यक्ष को कई आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह समाजसेवी चंद्रर सिंह राकेश सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी मोहम्मद मुजाहिद अधिवक्ता हरे कृष्ण वर्मा सहित शहर के कई वार्ड पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि सहित दर्जनों की संख्या में शांति समिति के सदस्य बैठक में मौजूद रहे ।

# सब्र टूट रहा है नौवागढी के लोगों का, कब होगा स्टेडियम का निर्माण?

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। उच्च विद्यालय नौवागढी के मैदान में स्टेडियम का निर्माण अब एक अबूझ पहेली बनता जा रहा है। पिछले कई दशकों से नौवागढी के अलग-अलग संगठनों के द्वारा समय-समय पर राजनीतिक प्रतिनिधियों से नौवागढी मैदान में स्टेडियम के निर्माण की मांग की जा रही है। विदित हो कि पूर्व में भी एक सर्वदलीय संघ के द्वारा नौवागढी को प्रखंड का दर्जा देने और उच्च विद्यालय नौवागढी के मैदान में चहारदीवारी के निर्माण के लिए लगातार संघर्ष किया गया था। उसके बाद कई जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन भी दिया कि जल्द से जल्द नौवागढी के जनभावनाओं को देखते हुए उनकी मांगों को पूरी की जाएगी। दशकों-दशक बीत जाने पर भी स्थिति जस की तस बनी रही। पिछले कई सालों से हमारा नौवागढी सामाजिक मंच मुंगेर के सदस्यों के द्वारा समय-समय पर तत्कालीन और वर्तमान सांसद महोदय और विधायक महोदय का ध्यान कई बार इस मुद्दे पर आकृष्ट कराया गया। चाहे पूर्व विधायक विजय कुमार विजय हो या वर्तमान सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं विधायक प्रणव कुमार यादव हो, राजद नेता अविनाश कुमार विद्यार्थी हो या प्रमोद यादव हो सबों को अनगिनत बार हमारा नौवागढी सामाजिक मंच मुंगेर एवं सार्वजनिक सहयोग फुटबॉल क्लब नौवागढी के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। समय समय पर रवि यादव, बप्पी कुमार, संतोष पासवान, सागर सानू, राघव रवि, गौरव भारती आदि ने मुंगेर सर्किट हाउस में रुकने वाले राजद और जदयू के जिला एवं राज्यकारिणी के पदाधिकारीगण से मिलकर उनके मार्फत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को ज्ञापन दिया। मुंगेर के पूर्व और वर्तमान जिलाधिकारी को भी कई बार हमारा नौवागढी सामाजिक मंच मुंगेर एवं सार्वजनिक सहयोग फुटबॉल क्लब नौवागढी के सदस्यों के द्वारा ज्ञापन दिया गया। लेकिन धरातल पर ज्यादा सफलता नहीं मिली।

# आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को ले डीएम व एसएसपी ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता




भागलपुर। जिला समाहरणालय प्रांगण स्थित समीक्षा भवन के प्रांगण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल वातावरण में संपन्न करवाने को लेकर सभी संबंधित वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व जिले के सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक की सम्पन्न हुई। बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं संबद्ध पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिए है कि अपने अपने क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों के मतदाताओं के बीच जागरूकता लाने के लिए संबंधित क्षेत्र गांव, टोले व मोहल्ले में पहुंच कर वलनरेबलीटी की मैपिंग करेंगे, यदि वहां मतदान करने से किसी मतदाता वर्ग को रोकने वाला कोई दबंग या अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है तो उसे चिन्हित करना है।

सभी थानाध्यक्ष चिन्हित दबंग अभिव्यक्ति जैसे लोगो या अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध सीआरपीसी की धारा 107, 110 के तहत बॉन्ड डॉन करवाएंगे तथा गंभीर प्रवृत्ति के अपराधी जो बार बार अपराध की पुनरावृत्ति के लिए कुख्यात है, वैसे लोगों के विरुद्ध सीसीए- 3 व सीसीए-12 में थाना बदर व क्षेत्र बदर करने हेतु प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करेंगे। थाना बदर व क्षेत्र बदर किए जानेवाले व्यक्ति के लिए संबंधित थाना पुलिस टीम प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक उसे डिटेन करना व हाजिरी लगवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी थानों में डिटेनशन स्थल की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से कराई जाएगी। वही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर पुनः लाइसेंसी आग्नेयास्त्र हथियारों का सत्यापन कराया जाएगा। जिसमें जिले में रहने वाले या जिले के बाहर रहने वाले के लिए लोगों के अलग-अलग रूप से शस्त्र सत्यापन किया जाएगा। वही उन्होंने कहा है कि संबंधित शस्त्र हथियार सत्यापन के दौरान शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी द्वारा खरीदी गई कारतूस की संख्या का भी सत्यापन किया जायेगा। साथ ही शस्त्र सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्ति धारियों का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द किया जाएगा और रद्द शस्त्र अनुज्ञप्ति वालों के शस्त्र को संबंधित थाना जब्ती की कवायद तेज करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिनके शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द कर दिए गए हैं उनके द्वारा शस्त्र जमा नहीं कराने पर उनके विरुद्ध गैर लाइसेंसी हथियार रखने के लिए आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि मद्यनिषेध अभियान के अंतर्गत शराब पर पूर्णत प्रतिबंध है। चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की जांच करना तथा गोड्डा एवं साहिबगंज के बड़े शराब विक्रेता के संबंध में सूचना भी संकलन करते रहना संबंधित थाना प्रभारी की जिम्मेदारी होगी।

# निजी स्कूल का जीप सदस्या ने फीता काट किया विधिवत उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता




नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत दयालपुर चौक स्थित एनएच 31 समीप आयुष्मान इंटनेशनल पब्लिक स्कूल (आवासीय और डे-बोर्डिंग) का शुभारंभ किया गया। विद्यालय का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहपुर भाग एक की जीप सदस्या रेणु चौधरी व राम जानकी ठाकुरबाड़ी बिहपुर के महंत नवल किशोर दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर गौतम कुमार, प्राचार्य कृपा निधान झा सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अविभावक व इलाके के ग्रामीण मौजूद थे। वही जीप सदस्या ने कहा कि बिहपुर क्षेत्र में इस तरह के स्कूल खुलने से अविभावकों में काफी खुशी देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि सीबीएससी पैटर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा प्ले टू एसटीडी से आठवी कक्षा तक कि पढाई की उत्तम व्यवस्था है। जिसमे नवोदय, सिमुलतला, सैनिक, मिलिट्री, आर के मिशन आदि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर मौजूद जीप सदस्या रेणु चौधरी ने कहा कि घनी आबादी वाला इस क्षेत्र में कामकाजी दम्पति के लिए बहुत आवश्यक है, जहां बच्चों का अच्छी तरह देखरेख हो सके। ऐसे में आयुष्मान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बिहपुर के लिए जीवन दायिनी सिद्ध होगा। महंत नवल किशोर दास ने डायरेक्टर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खुशी की बात है कि क्षेत्र में स्कूल का शुभारंभ हुआ। छोटे छोटे बच्चों को खेलने के साथ साथ बेहतर शिक्षा, संस्कार अपने व्यक्तित्व को निखारने की ऐसी स्कूल की आवश्यकता थी। डायरेक्टर गौतम कुमार ने कहा, स्कुल खोलने का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले जिससे उसका भविष्य उज्जवल हो। न्यूनतम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षित व अनुभवी शिक्षक, अंग्रेजी माध्यम आवासीय स्कूल, प्रतियोगिता व विविध कार्यक्रम, खेलकूद कंप्यूटर, लाइब्रेरी, स्कूल सॉफ्टवेयर, स्कूल वैन की सुविधा एवं अत्याधुनिक सुविधा मिलेगी। वही मौके पर जीप प्रतिनिधि चंदन भारद्वाज, चंद्रकांत चौधरी, कल्याण कुमार झा, नरेंद्र झा, अनामिका कुमारी, नयन कुमार, बीबी जिन्नत खातून, श्रवण कुमार, सोनू, रौशन, आनंद, नीलकमल, हिमांशु, चंदन, राखी, रतन आदि उपस्थित थे।

### डर के साये में महिला समूह बैठक सह प्रशिक्षण लेने के लिए मजबूर

धनबाद(झारखंड)। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार और झारखंड सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आजिविका संवर्धन, स्वरोजगार के क्षेत्र, पलायन रोकने जैसे महत्वपूर्ण कार्य धनबाद जिले अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के मरिचो तिलैया बिराजपुर खरणी आसनबनी कुलबेड़ा आदि पंचायतों में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के माध्यम किया जा रहा है , विभागीय स्तर से आजिविका संवर्धन के लिए करोड़ों खर्च किए जाते हैं लेकिन स्वयं सहायता समूह आसनबनी क्लस्टर -1 साधोबाद जहां छः पंचायतों के 350 समूह इसमें लगभग 3500 दुर सूदूरवर्ती महिलाओं को साप्ताहिक प्रशिक्षण दिया जाता है विभागीय उदासीनता के कारण मरम्मति के अभाव समूह के पदाधिकारी सीआरपी और महिलाएं डर के साये में प्रशिक्षण लेने के लिए मजबूर है, सामुदायिक भवन की छत दीवार के प्लास्टर गिरते रहते हैं खिड़की दरवाजे सब टुट चुके हैं बिजली पानी की भी सुविधा उपलब्ध नहीं है, दुर सूदूरवर्ती गांव क्षेत्र मरिचो तिलैया बिराजपुर खरणी आसनबनी कुलबेड़ा आदि छः पंचायतों से महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों को भी लेकर आना पड़ता है, सामुदायिक भवन

पूर्व क्रिकेटर बोले- ये तो सिर्फ....

# धोनी कब लेंगे आईपीएल से संन्यास





नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय विकेट कीपर और मौजूदा कमेंटेटर पार्थिव पटेल का कहना है कि केवल एमएस धोनी ही उनके इंडियन प्रीमियर लीग के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा सकते हैं। आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत से पहले ही इस बात की चर्चा है कि क्या ये माही का बतौर खिलाड़ी आखिरी आईपीएल होगा, क्या वह आखिरी बार चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी में फैंस का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे? धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले साल अपना 5वां आईपीएल खिताब जीता था।

अब सीएसके आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा 5 खिताब जीतने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है। उनके अलावा मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में इतने टाइटल जीते हैं। बात धोनी की करें तो पिछले साल भी उनके संन्यास की अटकलें जोरों पर थी, मगर माही ने आईपीएल 2024 में खेलने की इच्छा जताई। हालांकि 42 साल के धोनी के लिए बतौर खिलाड़ी ये आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है।

धोनी के संन्यास को लेकर पार्थिव पटेल ने जियोसिनेमा पर कहा, हर 10 महीने में एक बार खेलने के लिए आते हुए, हर बार हम इस बारे में बात करते हैं कि ये दो महीने उनके (धोनी) क्रिकेट के आखिरी महीने हैं...यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब केवल वह ही दे सकते हैं। पार्थिव ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की कमी को देखते हुए यह सीजन एमएस धोनी की बल्लेबाजी क्षमता के लिए एक और बड़ी परीक्षा साबित होगी। धोनी ने आईपीएल के पिछले सीजन में खेले 16 मैचों में 26 की औसत के साथ सिर्फ 104 रन ही बनाए थे। हालांकि, धोनी ने सीजन में 182.46 के स्ट्राइक रेट के साथ कुछ प्रभावशाली पारियां खेलीं थी। धोनी बैटिंग में थोड़े पिछड़े जरूर नजर आए थे, मगर उनकी कप्तानी नंबर-1 थी। यही वजह है सीएसके रिकॉर्ड 5वीं बार चैंपियन बना था।

पार्थिव ने आगे कहा, इन 16 आईपीएल सीजन के दौरान, हमने टूर्नामेंट में बड़े नामों को संघर्ष करते हुए देखा है जिन्होंने बहुत अधिक घरेलू या क्रिकेट के किसी अन्य प्रारूप में नहीं खेला है ... हमने मैथ्यू हेडन और एडम गिलक्रिस्ट जैसे खिलाड़ियों के साथ ऐसा होते देखा है। बता दें, 22 मार्च से आईपीएल 2024 का आगाज होने जा रहा है। सीएसके सीजन का ओपनिंग मैच आरसीबी के खिलाफ खेलेगी।

पहले दिन का खेल खत्म, इंग्लैंड पहली पारी में 302/7

# आखिरी दो सत्र रहे शतकवीर रूट के नाम



रांची। शुक्रवार से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले की शुरुआत हुई। यह मैच रांची में खेला जा रहा है। भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे चल रही है। इस मैच को जीतकर टीम इंडिया अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। हैदराबाद में पहला मुकाबला इंग्लैंड ने जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम और राजकोट में जीत हासिल की।

**पहले दिन का खेल खत्म-** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में चौथा टेस्ट खेला जा रहा है। पहले दिन की समाप्ती के बाद इंग्लैंड ने सात विकेट गंवाकर 302 रन बना लिए हैं। फिलहाल ओली रॉबिन्सन 31 रन और जो रूट 106 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हो चुकी है। आज पहला सत्र भारत के नाम रहा था। आकाश दीप के तीन विकेट ने इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को उखाड़ कर रख दिया था। उन्होंने बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जैक क्राउली (42) को पवेलियन भेजा। इसके बाद आकाश के कहर बरपाने के बाद बारी स्पिनर्स की थी। अश्विन ने जॉनी बेयरस्टो को और रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स को पवेलियन भेज इंग्लैंड की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया।

### अश्विन के इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट पूरे

रविचंद्रन अश्विन ने पहले सेशन में जॉनी बेयरस्टो को LBW किया। इसी के साथ उनके इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट पूरे हो गए। उनके इंग्लैंड के खिलाफ एक हजार टेस्ट रन भी पूरे हो चुके हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ 1000 रन के साथ 100 विकेट लेने वाले पहले ही भारतीय खिलाड़ी हैं।



### आकाश दीप का कहर

रांची में आकाश दीप का कहर देखने को मिल रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया है। आकाश ने अपने पांचवें और इंग्लिश पारी के 10वें ओवर में दो विकेट झटके थे। उन्होंने बेन डकेट को ओवर की दूसरी गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। वह 11 रन बना सके। फिर बल्लेबाजी करने आए ओली पोप को ओवर की चौथी गेंद पर एल्बीडब्ल्यू आउट किया। पोप खाता भी नहीं खोल सके। आकाश ने इसके बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। इसके बाद इंग्लैंड की पारी के 12वें ओवर में जैक क्राउली से बदला लिया। उन्होंने क्राउली को क्लीन बोल्ड किया। आकाश ने अपनी 11वीं गेंद पर भी क्राउली को बोल्ड किया था, लेकिन तह नो बॉल निकला था। अब उन्होंने फिर से क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने अंतरराष्टीय डेब्यू शानदार अंदाज में किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एशियाई ट्रैक साइकिलिंग भारत का जलवा, पैरा साइकिलिस्टों ने दिलाए दो स्वर्ण



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय साइकिलिस्टों ने गुरुवार को एशियाई साइकिलिंग चैंपियनशिप के पैरा वर्ग में स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। जूनियर और सीनियर रायडर पदक जीतने में सफल नहीं रहे। आईजी स्टेडियम वेलड्रोम में पैरा वर्ग के सी2 15 किलोमीटर स्क्रैच में भारत के अरशद शेख ने अपने ही साथी जलालुद्दीन अंसारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

जलालुद्दीन को रजत मिला। वहीं पैरा वर्ग में ही महिलाओं की इवेंट में भारत की ज्योति गदेरिया ने स्वर्ण पदक जीता। पवन कुमार ने सी3 क्लास की 15 किलोमीटर स्क्रैच में कांस्य पदक जीता। इंडोनेशिया के आदि रैमक और तिफान आबिद ने स्वर्ण, रजत जीते। जूनियर वर्ग में लड़कों की स्क्रैच इवेंट में सूरज यादव पांचवें स्थान और लड़कियों में जेपी धन्यधा सातवें स्थान पर रहीं।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी पद्मश्री श्याम लाल हॉकी टूर्नामेंट में 9-0 से जीती



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी ने दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट 2024 के महिला वर्ग के लीग मैच में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 9-0 से हराया। मेघा ने तीन गोल, सुनीता और नीलम ने दो-दो गोल तथा प्रियंका और सारिका ने एक-एक गोल किया। इस मैच में एसएनएस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिल्ली युनिवर्सिटी एलुमिनी की खिलाड़ी सुनीता को मिला।

एक अन्य मैच में विवेकानंद कॉलेज और भारती कॉलेज का मैच 2-2 की बराबरी पर रहा। विवेकानंद कॉलेज की तरफ से सोनिया और एकता ने एक-एक गोल किया जबकि भारती कॉलेज की तरफ से मनीषा ने दोनों गोल किया।

एस एन एस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड भारती कॉलेज की मनीषा को मिला। पुरुष वर्ग में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 5 -1 से हराया। श्री राम कॉलेज की तरफ से योगेश्वर और लखन ने दो-दो गोल किए जबकि एक गोल विभांशु ने किया और हंसराज कॉलेज से एकमात्र गोल रवि राज ने किया। इस मैच में एसएनएस हॉकी मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के योगेश्वर को मिला। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में श्याम लाल कॉलेज इवनिंग को 5-2 से हराया। एसएनएस हॉकी मैन ऑफ द मैच खालसा कॉलेज के अंकित को मिला।

# ओलंपियन दीपिका ने मां बनने के बाद की वापसी

- **भारतीय तीरंदाज एशिया कप की छह स्पर्धाओं के फाइनल में**



नई दिल्ली, एजेंसी। एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां एशिया कप के पहले चरण में छह टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचे जिससे उन्होंने कम से कम इतने पदक पक्के कर दिए।

इसमें दुनिया की पूर्व नंबर एक महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी भी शामिल हैं जो 20 महीने बाद वापसी कर रही हैं। तीन बार की ओलंपियन दीपिका मां बनने के बाद वापसी कर रही हैं। वह महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में सिमरनजीत कौर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। धीरज बोमादेवारा, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की पुरुष रिकर्व टीम ने मेजबानों को सीधे सेट में पराजित किया और फाइनल में उनका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के प्रथमेश जावकर, प्रियांश और कुशाल दलाल ने सेमीफाइनल में मेजबान इराक को 233-223 से हराकर पुरुष कंपाउंड टीम के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें वे ईरान के सामने होंगे।

अदिति स्वामी, प्रिया गुर्जर और परनीत कौर की टीम ने कम्पाउंड महिला टीम स्पर्धा में अफगानिस्तान को 234-210 से मात दी और फाइनल में टीम ईरान से भिड़ेगी। जावकर और अदिति की कंपाउंड मिश्रित टीम जोड़ी ने अंतिम चार चरण में बांग्लादेश को 157-146 से हराया और फाइनल में उनका सामना ईरान से होगा।



यौन उत्पीड़न का मामला

# फुटबॉलर दानी अल्वेस को हुई 4.5 साल की जेल

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्राजील और बार्सिलोना एफसी के पूर्व फुटबॉलर दानी अल्वेस को बार्सिलोना नाइट क्लब में एक महिला से बलात्कार का दोषी पाया गया है। उन्हें 4.5 साल जेल की सजा सुनाई गई है। 40 वर्षीय फुटबॉलर ने 31 दिसंबर 2022 की सुबह महिला के साथ यौन उत्पीड़न से इनकार किया था और वह सजा के खिलाफ अपील कर सकते हैं। एक बयान में अदालत ने कहा कि पीड़िता की गवाही के अलावा अन्य सबूत भी हैं, जो साबित करते हैं कि उसके साथ बलात्कार किया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार दानी अल्वेस को पीड़ित को €150,000 का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया। अल्वेस, जिन्हें जनवरी 2023 से प्री-ट्रायल हिरासत में रखा गया है। अल्वेस ने इस महीने के परीक्षण के दौरान कई बार अपनी गवाही बदली है। प्रारंभ में उन्होंने अपने आरोप लगाने वाले के साथ किसी भी परिचित होने से इनकार किया, लेकिन बाद में कहा कि वे टॉयलेट में एक-दूसरे से मिले थे।

इसके बाद उन्होंने अपने बयान को एक बार फिर बदला और दावा किया कि वे सहमति से एक दूसरे के साथ सेक्सुअल एक्टिविटी में शामिल थे। पीड़िता ने वकीलों को बताया कि अल्वेस और उसके दोस्त ने तीन युवतियों के लिए शैंपेन खरीदी थी और उनमें से एक को टॉयलेट वाले दूसरे क्षेत्र में अपने साथ चलने के लिए कहा था जिसके बारे में उसे नहीं पता था। फिर, महिला ने यह भी बताया कि अल्वेस बार-बार मना करने के बावजूद भी उन्हें जबरदस्ती अपने साथ ले गए और यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।

## आईपीएल- 2024 में ऋषभ पंत करेंगें दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी



नईदिल्ली, एजेंसी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की आईपीएल 2024 में वापसी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर पार्थ जिंदल ने बड़ी जानकारी दी है। पार्थ जिंदल ने बताया है कि ऋषभ पंत आईपीएल के आने वाले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान होंगे, लेकिन पहले हाफ में वे सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। विकेटकीपर की जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को दी जाएगी। हालांकि, बाद में वे विकेट के पीछे खड़े हो सकते हैं। पार्थ जिंदल ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम डायरेक्टर सौरव गांगुली सहित दिल्ली कैपिटल्स का कोचिंग स्टाफ ऋषभ पंत को लेकर आश्वस्त था। उन्होंने कहा, ऋषभ बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह रनिंग कर रहे हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग शुरू कर दी है। उनके आईपीएल के लिए पूरी तरह फिट होने की संभावना है। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि ऋषभ आईपीएल खेलेंगे और वह पहले मैच से ही कप्तानी करेंगे। टीम के को-ओनर ने आगे बताया, पहले सात मैचों में हम उन्हें केवल एक बल्लेबाज के रूप में खिलाएंगे और उसका शरीर कैसी प्रतिक्रिया देता है, उसके आधार पर हम आईपीएल के बाकी मैचों के लिए फैसला करेंगे। पंत ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वे विकेटकीपिंग ड्रिल्स ले रहे थे। इससे पहले वे एक वॉर्मअप मैच में बल्लेबाजी करते नजर आए थे। एक अन्य वीडियो में पंत दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

# भारत की एस्टोनिया पर जीत, महिला फुटबॉल के लिए बड़ा प्रोत्साहन

तुर्की महिला कप



अलान्या (तुर्की), एजेंसी। मनीषा कल्याण ने तुर्की महिला कप के पहले मैच में एस्टोनिया के खिलाफ भारतीय टीम की 4-3 की जीत से सुर्खियां बटोरीं, जिससे इतिहास की किताबों में एक नया पन्ना जुड़ गया, क्योंकि इससे पहले भारत ने महिला फुटबॉल में कभी किसी यूरोपीय देश को नहीं हराया था। राष्ट्रीय महिला सीनियर टीम ने पहले कभी एस्टोनिया का सामना नहीं किया था और उन्हें हराने से तुर्की महिला कप में हांगकांग और कोसोवो के खिलाफ आगामी खेलों के लिए अतिरिक्त बढ़ावा मिला। टीम एक साल से लगातार हार के साथ अपनी फॉर्म से जूझ रही थी। इतने महीनों के बाद जीत हासिल करना सार्थक था, क्योंकि सभी ने मुस्कुराहट और हंसी के साथ जश्न मनाया और इस पल का भरपूर आनंद लिया।

मनीषा कल्याण ने गुरुवार को कहा, यह वास्तव में अच्छा लगता है, और तीन अंक अर्जित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण था। यह हमारे लिए अच्छी शुरुआत है और टीम कल की जीत से खुश भी है। धैर्य महत्वपूर्ण है, विशेषकर चुनौतीपूर्ण मैचों के दौरान, जब हमें लगता है कि स्कोर करना महत्वपूर्ण है। बीच-बीच में जब मेरे शॉट छूट जाते थे तो मुझे चिड़चिड़ाहट महसूस हो रही थी, लेकिन मुझे पता था कि मैं गोल करूंगी। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं कभी भी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हूं। मुझे पता है कि मैं अपनी फिनिशिंग के साथ और अधिक क्लिनिकल हो सकता था और कुछ चूके हुए मौकों और गलत पासों से बच सकता था।

मैं लक्ष्य के सामने अपनी सटीकता में सुधार करने और गोल करने में अधिक योगदान देने की कोशिश करूंगी। जब उनसे पूछा गया कि यूरोपीय टीम के खिलाफ जीत कितनी महत्वपूर्ण थी, तो उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ज्यादातर लोग यूरोपीय फुटबॉल की श्रेष्ठता को पहचानते हैं, लेकिन ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना हमारी टीम के लिए एक अमूल्य अनुभव है। यह हमारा आत्मविश्वास बढ़ाता है और हमें भविष्य के खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। मनीषा ने कहा, एक राष्ट्रीय टीम के रूप में हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। बिल्ड-अप प्ले से लेकर फिनिशिंग और पासिंग तक हमारा सामूहिक प्रदर्शन कल उतना अच्छा नहीं था, लेकिन हम अपनी गलतियों से सीखने और अपनी खेल शैली को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, पहले कई मैच खेलने और अपनी हार से सीखने के बाद हम इस टूर्नामेंट को जीतने के महत्व को समझते हैं। हमारे अंदर हर मैच जीतने की आग हमेशा जलती रहती है। मनीषा, जो साइप्रस के फर्स्ट डिवीजन क्लब अपोलोन लेडीज़ के लिए फारवर्ड के रूप में खेलती हैं, यूरोपीय टीमों की खेल शैली से अच्छी तरह परिचित हैं, उन्होंने कहा, मेरे क्लब में खेलने की शैली एस्टोनिया के खिलाफ हमने जो देखी उससे अलग है। हालांकि, यह बदलाव मूल्यवान था। मेरे लिए, मुझे अधिक अनुभव और सीखने के अवसर प्रदान करना।

दूसरे गोल में योगदान देने वाली इंदुमति काथिरेसन का भी मानना है कि कल के प्रदर्शन के बाद टीम का आत्मविश्वास ऊंचा हुआ। उन्होंने कहा, मैच जीतने से हमें हांगकांग और कोसोवो के खिलाफ अगले मैच जीतने का आत्मविश्वास मिला है। मैच सुचारु रूप से चला, पूरी टीम ने एक इकाई के रूप में एकजुट होकर प्रदर्शन किया, जिससे डिफेंडिंग मिडफील्डर होने के बावजूद मुझे स्कोर करने का मौका मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### चार भाइयों ने बनाई जेल से भागने की योजना

**मुंबई, एजेंसी।** क्या होगा जब अच्छी तरह से तैयार की गई भागने की योजना को बदकिस्मती और हास्यपूर्ण घटनाएं बिगाड़ देंगी? इसका उत्तर मिलेगा चार भाइयों की जिंदगी में, जो चाहे जितनी भी कोशिश कर लें, पर जेल से भागने के अपने मिशन में सफल नहीं हो पाते हैं। देखिए जेल में बंद भाइयों द्वारा बार-बार जेल तोड़कर भागने की मजेदार कोशिशें, जिनमें से हर कोशिश अव्वल दर्जे की हास्यास्पद गलतियाँ लेकर आती है। ढोल, बंसी, हरमोनिया और तंबूरा की हरकतें हर बार उनकी इन कोशिशों को एक रोमांचक भागम-भाग में बदल देती हैं। वो चाहे पानी के पाइप से नीचे फिसलकर भागें या फिर हॉट एयर बैलूंस की मदद लें, लेकिन उनकी हर कोशिश वापस जेल में आकर खत्म हो जाती है, लेकिन हर विफलता के बाद भी उनकी योजनाओं का पिटारा कभी खाली नहीं होता।

### आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का इलाज बंद करने का अल्टीमेटम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयुष्मान भारत और चिरायु योजना के तहत मरीजों का इलाज करने वाले निजी अस्पतालों के बिलों का भुगतान नहीं हो रहा है। इसको लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने हरियाणा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आईएमए ने गुरुवार को जारी बयान में यह आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि जल्द बिलों का भुगतान नहीं होने पर निजी अस्पतालों में उपरोक्त योजना के मरीजों का इलाज बंद करने का अल्टीमेटम दिया है। आईएमए ने दावा किया है कि सरकार के साथ हुए समझौते के मुताबिक, उपरोक्त योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के 15 दिन बाद निजी अस्पतालों को बिलों का भुगतान करना होता है, लेकिन तीन साल तक भुगतान नहीं किया जा रहा है। फरीदाबाद में तीन करोड़ रुपये से ज्यादा बिलों का भुगतान अटका हुआ है। आईएमए का आरोप है कि बगैर किसी ठोस कारण के बिलो में मनमानी कटौती कर दी जाती है। पूछने पर कई महीनों बाद भी कोई जवाब नहीं मिलता। भारत सरकार ने नवंबर 2021 में अस्पतालों में विभिन्न पैकेज की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी थी, लेकिन हरियाणा सरकार ने अब तक भी इसे लागू नहीं किया है। आरटीआई कार्यकर्ता अजय सैनी का कहना है कि आयुष्मान भारत और चिरायु योजना को लेकर पिछले वर्ष स्वास्थ्य विभाग से सूचना मांगी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कंपनियों को कानून और पर्यावरण मानदंडों को मानना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौन से नियमों का उल्लंघन किया है, इसको बताए बिना किसी उद्योग को बंद करने से कंपनी में किए गए निवेश पर असर पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी गुरुवार को तमिलनाडु के थूथुकडी में स्मेल्टिंग संयंत्र को बंद करने के खिलाफ वेदांत समूह की कंपनी स्टरलाइट कॉपर की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी कंपनी को मौजूदा कानूनों और पर्यावरण मानदंडों का पालन करना होगा। तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने तांबा संयंत्र बंद नहीं किया है बल्कि केवल पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण इसे आगे चलाने नहीं देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, कोई कंपनी यह नहीं कह सकती कि वह केवल उन प्रविधानों का पालन करेगी जो अधिकारियों द्वारा बताए गए हैं। उसे सभी तरह के कानूनों का अनुपालन करना होगा।

### राजनीतिक दलों को अदालतों के बाहर ढूंढना चाहिए काशी

**जयपुर एजेंसी।** अजमेर दरगाह के प्रमुख सैयद जैनुल आबेदीन ने कहा कि मथुरा और काशी जैसे मामलों का समाधान राजनीतिक दलों को अदालतों के बाहर खोजने का प्रयास करना चाहिए। इन मामलों को यदि सहमति से सुलझाया जाए तो ये दोनों समुदायों का दिल और विश्वास भी जीत लेंगे। उन्होंने उक्त बात अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद की राजस्थान इकाई की ओर से आयोजित पैगाम-ए-मोहब्बत हम सबका भारत सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में राजस्थान की लगभग सभी दरगाहों के प्रमुख मौजूद थे।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास बनेगी दुबई जैसी फिनटेक सिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सेक्टर-13 में सिंगापुर, दुबई और चीन की तर्ज पर फिनटेक सिटी विकसित होगी। परियोजना विकसित करने के लिए तकनीकी बिड में पांच कंपनियां खरी उतरी हैं। इनमें तीन कंपनियां विदेशी और दो स्वदेशी हैं। कंपनी के चयन होने के बाद तीन माह में इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी।

यमुना प्राधिकरण के अनुसार, उत्तर भारत में विकसित की जा रही पहली फिनटेक सिटी को बसाने के लिए जोन्स लैंग लासाल प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स, सीबीआरई दक्षिण एशिया, वॉयंट्स सोल्यूशंस, ट्रैक्टेबेल इंजीनियरिंग, और कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया कंपनियों ने आवेदन किया था। सलाहकार कंपनी के चयन के लिए निकाली गई आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) में पांचों कंपनियों की तकनीकी बिड खोली गई। इसमें पांचों पास हो गई हैं। फिनटेक सिटी पहले चरण में 100 एकड़ भूमि में विकसित होगी, इसके बाद 250 एकड़ तक इसका विस्तार होगा।

प्राधिकरण अगले सप्ताह तक वित्तीय बिड खोलेगा। इसके बाद फिजिबिलिटी स्टडी कम डीपीआर तैयार होगी। डीपीआर के लिए 60 से 90 दिन का समय दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए सिंगापुर, दुबई सहित कई अन्य देशों और गुजरात में स्थित गिफ्ट सिटी का अध्ययन किया गया है।

फिनटेक के अंतर्गत प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं देने वाली कंपनियां आती हैं। फिनटेक सिटी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। सिंगापुर और दुबई की तरह यहां ब्लॉक चेन, पेमेंट, एक्सचेंज, रिसर्च, डिजिटल मनी, ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश और क्राउड फंडिंग जैसी गतिविधियां होंगी। इसके लिए कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। यहां इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड, वर्ल्ड बैंक, स्टॉक एक्सचेंज जैसे बड़े संस्थानों को लाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए यहां ऑडिटोरियम और प्रदर्शनी हॉल आदि बनेंगे। फिनटेक सिटी में




निवेश करने वाली कंपनियों को कई विशेष सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें नए उत्पाद लॉन्च करने के लिए अलग से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। कंपनियों को एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेशी) और नई औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत लैंड सब्सिडी, टैक्स, कस्टम आदि में छूट प्रदान की जाएगी। फिनटेक के अंतर्गत वह कंपनियां आती हैं, जो प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं। इस फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च, क्राउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज, बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म जैसी निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। यहां निवेश करने वाली कंपनियों को नई औद्योगिक नीति का लाभ मिलेगा। फिनटेक सिटी में निवेश करने वाली कंपनी को अपने नए उत्पाद लांच करने के लिए अलग से लाइसेंस लेने की जरुरत नहीं होगी। निवेश करने वाली कंपनियों को एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेशी) और नई औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत लैंड सब्सिडी, टैक्स, कस्टम आदि में छूट प्रदान की जाएगी। यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह ने कहा, फिनटेक सिटी को बसाने के लिए चार मॉडल पर विचार किया जा रहा है। एकल या एकाधिक आवंटियों को भूमि देने और सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल या हाइब्रिड जैसे वित्तीय मार्डल पर विकास किया जा सकता है।

## द्वारका एक्सप्रेसवे की राह के रोड़े होंगे दूर, एनएचएआई ने हरियाणा के सामने रखे 5 मुख्य मुद्दे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम से गुजर रहे द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। इसमें आ रही बाधा जल्द दूर होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल को पत्र लिखकर मुख्य पांच विषयों से अवगत करवाया।

इसमें कहा गया है कि संबंधित विषयों से अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के लिए निर्देशित किया जाएं। एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण एक एक्सेस नियंत्रित शहरी एक्सप्रेसवे के रूप में किया गया है। मास्टर प्लान को ध्यान में रखते हुए केवल निर्दिष्ट स्थानों पर द्वारका एक्सप्रेसवे पर प्रवेश/निकास होगा। उन्होंने बताया कि जीएमडीए द्वारका एक्सप्रेसवे तक स्थानीय यातायात की पहुंच प्रदान करने के लिए एक्सप्रेसवे के साथ सेक्टर रोड ( हरित बेल्ट से सटी हुई) विकसित करना है।हालांकि, जीएमडीए द्वारा सेक्टर रोड के निर्माण में देरी के कारण, स्थानीय यातायात अनधिकृत तरीके से द्वारका एक्सप्रेसवे पर



प्रवेश कर रहे है, जो एक सड़क सुरक्षा का खतरा है। जीएमडीए और जिला प्रशासन को कई बार अनुरोध करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। चेयरमैन ने पत्र में अवगत करवाया कि द्वारका एक्सप्रेसवे और आसपास के सेक्टरों को जलभराव से बचाने के लिए जीएमडीए को एनपीआर पर दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर से बसई आरओबी सेक्शन तक सेक्टर ड्रेन का निर्माण करना है। एनएचएआई ने कई बार जीएमडीए द्वारा उपाय करने को कहा गया,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हरियाणा सरकार ने 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी के आधार पर सीपीआर के साथ मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन के निर्माण का काम पूरा किया।

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिर गड़बड़ाएगा दिल्ली का मौसम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में अगले सप्ताह एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के बाद दिल्ली में कई स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है। इसके चलते दिन के तापमान में अभी तेजी से इजाफा नहीं होगा।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्की धुंध देखने को मिली। दिन चढ़ने के साथ ही धुंध साफ हो गई। दिन में तेज धूप निकली रही। इसके चलते तापमान में इजाफा हुआ है। मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज किया गया।

जम्मू-कश्मीर के ऊपर से लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी हवाएं सक्रिय हुई हैं। इससे उत्तर भारत के कई इलाकों में गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अभी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिसका



प्रभाव शुक्रवार तक सीमित हो जाएगा, लेकिन शनिवार 24 फरवरी को फिर एक पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है। इसके चलते पूर्वोत्तर में बारिश हो सकती है। वहीं, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर दिल्ली की हवा पर देखने को मिल रहा है। 12 दिन बाद गुरुवार को दिल्ली की हवा साफ-सुथरी रही। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के अंक से नीचे आया है। यह इस साल का आठवां दिन है, जब हवा सांस लेने लायक हुई है। प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार दिल्ली के लोगों को मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से इस बार सामान्य से ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। नवंबर और दिसंबर में पश्चिमी विक्षोभ नहीं आने के चलते हवा की गति धीमी रही और प्रदूषण का स्तर सामान्य से ज्यादा रहा। गुरुवार को थोड़ी राहत मिली है। बता दें कि, शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

### मोबाइल नेटवर्क ठप होने से हड़कंप, फ्लोरिडा के सीनेटर ने चीनी साइबर हमले को लेकर चेताया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में कई जगहों पर सेलुलर बंद होने की शिकायत मिली है। अचानक से लोगों के मोबाइल फोन ने काम करना बंद कर दिया। उनके मोबाइल फोन से नेटवर्क गायब हो गया है। नेटवर्क कंपनियों का कहना है कि सेवा को बहाल करने की कोशिश की जा रही है। बड़े पैमाने पर हुए सेलुलर आउटेज पर फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो ने चीनी साइबर हमले को चेताया है। उनका कहना है कि अगर चीन ताइवान पर हमला करते हुए साइबर हमला शुरू करता है तो हालात और खराब हो सकते हैं।

रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, मुझे अमेरिका में हुए आउटेज का कारण नहीं पता है। हालांकि मैं यह जानता हूं कि अगर चीन ताइवान पर हमला करने से पहले अमेरिका पर साइबर हमला करता है तो यह स्थिति सौ गुना और बुरी हो जाएगी। यह सिर्फ सेल सेवा नहीं होगी जिस पर वे हमला करेंगे बल्कि वो आपकी शक्ति, आपका पानी और आपका बैंक होगा।

गौरतलब है, अमेरिका में एटीटी के नेटवर्क डाउन होने के बाद बड़े पैमाने पर आउटेज की सूचना मिली है। कई जगहों पर इंटरनेट सेवा ठप है। इसकी वजह से ग्राहक किसी से बात नहीं कर पा रहे हैं। सबसे पहले लोगों को फोन कॉल की करने में समस्या आई। इसके बाद उन्होंने टेक्स्ट मैसेज करने की कोशिश की तो वो भी नहीं गया। जब लोग फोन कर रहे थे तो उसमें एसओएस दिखा रहा था, जोकि नेटवर्क डाउन होने पर दिखाई देता है। यहां तक कि हेल्पलाइन नंबर 911 भी काम नहीं कर रहा था।

## सुपर मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ एफबीआई ने शुरू की जांच, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने डॉल्टन की मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। यह जांच थ्रॉन्टन टाउनशिप में कथित भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में हो रही है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, एफबीआई ने अभी इस मामले में गवाहों से पूछताछ शुरू की है।

डॉल्टन के निवासी ने लगाए आरोप

डॉल्टन शहर के ही रहने वाले लॉरेंस गार्डनर ने मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ आरोप लगाए हैं। गार्डनर एक रेंटल और ट्रकिंग कंपनी का संचालन करते हैं। गार्डनर ने दावा किया है कि डॉल्टन प्रशासन की तरफ से उनका लाइसेंस रिन्यू नहीं कर रहा है। गार्डनर ने ये भी आरोप लगाया कि डॉल्टन पुलिस द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। गार्डनर का आरोप है कि उन्होंने मेयर टिफनी हेनयार्ड द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के लिए फंडिंग करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद से उन्हें परेशान किया जा रहा है।

लॉरेंस गार्डनर ने मेयर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं और एफबीआई से इसकी शिकायत की है।



शिकायत मिलने के बाद ही एफबीआई ने जांच शुरू की है। हालांकि अभी तक मेयर या डॉल्टन प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी से इस मामले में पूछताछ नहीं हुई है। आरोप है कि मेयर हेनयार्ड ने सार्वजनिक धन और संसाधनों का गलत इस्तेमाल किया और जनता के पैसों को निजी उपयोग के लिए खर्च किया गया।

**खुद को सुपर मेयर बताती हैं टिफनी हेनयार्ड:** बता दें कि टिफनी हेनयार्ड पहले भी चर्चा में रह चुकी हैं और वे खुद को सुपर मेयर कहकर संबोधित करती हैं। टिफनी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। टिफनी पर आरोप लगते हैं कि वे सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर की तरह पुलिसकर्मियों के साथ वीडियो शूट करके सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर इसे लेकर टिफनी की आलोचना भी होती है।

### चाकू मारकर पत्नी की हत्या करने वाले भारतीय-कनाडाई नागरिक को आजीवन कारावास



**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 2022 में घर पर अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने के जुर्म में 40 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। नविंदर गिल को पिछले साल जून में अपनी पत्नी, 40 वर्षीय शिक्षिका और तीन बच्चों की मां हरप्रीत कौर गिल की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया। हत्या जांच टीम ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्हें 10 साल तक पैरोल की पात्रता के बिना सजा सुनाई गई है।

इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) के प्रवक्ता सार्जेंट टिमोथी पियरोटी ने एक बयान में कहा, अंतरंग साथी हिंसा की घटनाओं का परिवारों और समुदायों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। पिएरोटी ने कहा, हम सरे आरसीएमपी (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) विक्टिम सर्विसेज और बच्चों और परिवार विकास मंत्रालय द्वारा किए जा रहे काम के लिए आभारी हैं।

पुलिस ने 7 दिसंबर, 2022 को सरे में 66वें एवेन्यू के 12700-ब्लॉक में अपने घर पर हरप्रीत को गंभीर रूप से जख्मी पाया। अस्पताल ले जाने पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में 15 दिसंबर को नविंदर को हिरासत में ले लिया। पिछले साल अदालत में सुनवाई के दौरान नविंदर के वकील ने कहा था कि उनका मुवक्किल समझता है कि उसने गलती की है।

## तालिबान ने फुटबॉल स्टेडियम में हत्या के दोषियों को गोलियों से भूना

**काबुल, एजेंसी।**
क्रूर और हिंसक कानूनों के लिए दुनियाभर में बदनाम तालिबान का असली चेहरा अब दुनिया के सामने आने लगा है। अच्छाई का ढोंग करने वाली तालिबानी सरकार का काला सच एक बार फिर सामने आया है। एएफपी की रिपोर्ट है कि तालिबानी हुकूमत ने गुरुवार को पूर्वी अफगानिस्तान में एक फुटबॉल स्टेडियम में हत्या के दो दोषियों को सार्वजनिक रूप से मौत के घाट उतार दिया। इन दो लोगों की मौत की हस्ताक्षर तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने किए थे। तालिबान ने एक बार फिर साबित किया है कि वह आंख के बदले आंख लेने की अपनी पुरानी परंपरा पर कायम है।

घटनास्थल पर मौजूद एएफपी पत्रकार के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के अधिकारी अतीकुल्लाह दरविश ने तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा द्वारा हस्ताक्षरित डेथ वारंट को जोर से पढ़ा और उसके बाद गजनी शहर में दोनों व्यक्तियों को गोलियों से भून दिया गया। दरविश ने कहा, इन दोनों लोगों को हत्या के अपराध में दोषी ठहराया गया था। अदालत ने दो साल की सुनवाई के बाद आदेश पर हस्ताक्षर किए गए। इन दोनों की मौत का तमाशा



देखने के लिए तालिबानी सरकार के आदेश पर हजारों लोग स्टेडियम में एकत्र हुए थे।

दोषी व्यक्तियों के पीड़ितों के परिवार उपस्थित थे और उनसे पूछा गया कि क्या वे अंतिम समय में अपने परिजनों के लिए कुछ कहना चाहते हैं लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

गौरतलब है कि काबुल में 2021 में सत्ता संभालने और इस्लाम की सख्त व्याख्या लागू करने के बाद से तालिबान को किसी अन्य सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता नहीं दी गई है। तालिबान के सर्वोच्च नेता अखुंदज़ादा ने 2022 में न्यायाधीशों को इस्लामी कानून के सभी पहलुओं को पूरी तरह से लागू करने का आदेश दिया था- जिसमें आँख के बदले आँख वाली सज़ा जिसे स्थानीय भाषा में क़िसास कहा जाता है, भी शामिल है। अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने कानूनों में काफी कड़े नियमों को लागू किया है। जिसमें मौत और शारीरिक दंड शामिल हैं। जैसे कोड़े मारना, सड़क पर पत्थर से पीट-पीटकर हत्या शामिल है। 1996 से 2001 तक तालिबान के पहले शासन के दौरान अफगानिस्तान में सार्वजनिक तौर पर मौत की सजा देना आम बात थी। बताया जा रहा है कि 22 फरवरी को हत्या के दो दोषियों को मौत की सजा देना तालिबान अधिकारियों के सत्ता में लौटने के बाद दी गई तीसरी और चौथी मौत की सजा है। पहले दो को भी हत्या का दोषी ठहराया गया था। पिछली फांसी जून 2023 में दी गई थी, जब लघमान प्रांत में एक मस्जिद के मैदान में लगभग 2000 लोगों के सामने एक दोषी हत्यारे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### पाकिस्तान में 5 साल के बच्चे की कुकर्म के बाद गला घोंटकर हत्या

**पेशावर, एजेंसी।**
पाकिस्तान पंजाब के ओकारा में सोमवार को एक व्यक्ति ने पांच साल के बच्चे के साथ कुकर्म किया और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के दो घंटे बाद ही संदिग्ध को पकड़ने का दावा किया है। डीपीओ मंसूर अमन ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बात करते हुए बताया कि मजदूर मुहम्मद देस का पांच वर्षीय बेटा वसीम अली ओकारा के बाहरी इलाके में स्थित बद्रीदास गांव में अपने घर से लापता हो गया। काफी देर बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो मुहम्मद देस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि नबी बख्श (18) बच्चे को फुसलाकर पास के खेतों में ले गया।

उन्होंने नबी बख्श को वसीम अली को मोटरसाइकिल पर खेतों की ओर ले जाते देखा था। डेस ने अन्य लोगों के साथ फसल में अपने बेटे के बेजान शरीर को देखा तो, उसके मुंह से खून निकल रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर, हुजरा शाह मुकीम पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बच्चे के शव को अस्पताल पहुंचाया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129